www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 3 जनवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक-269 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





त्रिशूर में महिलाओं को संबोधित करेंगे मोदी 02
■ राजधानी के रानीखेड़ा में 147 एकड़ में बनेगा...
■ दक्षिण भारत के 84 सीटों पर भाजपा का फोकस 03
■ इजरायल ने हमास के बंधक समझौते के प्रस्ताव...
■ तुर्की की संसद स्वीडन की नाटो सदस्यता बोली... 07
मालदीव में बॉयफ्रेंड संग वेकेशन मना रही तापसी... 10

## सार संक्षेप

### वाईएसआर की बेटी शर्मिला कांग्रेस में शामिल होंगी



**हैदराबाद।** वाईएसआर तेलंगाना पार्टी (वाईएसआरटीपी) की अध्यक्ष वाई.एस. शर्मिला 4 जनवरी को अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय करने के लिए तैयार हैं। शर्मिला बुधवार को नई दिल्ली पहुंचेंगी। अगले दिन शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगी। वाईएसआरटीपी के महासचिव टी. देवेंद्र रेड्डी ने कहा कि शर्मिला को कांग्रेस में एक महत्वपूर्ण पद मिलने की संभावना है।

### राष्ट्रपति व उप राष्ट्रपति से मिले विधान सभा अध्यक्ष देवनानी



**नई दिल्ली।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष ने श्रीमती मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर श्री देवनानी ने राष्ट्रपति को गुलदस्ता भेंट करते हुए नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति भवन में लगभग 20 मिनट चली इस बैठक में राष्ट्रपति ने श्री देवनानी को उनके नए पदभार के लिए बधाई दी।

### जापान में दो विमानों की टक्कर पांच लोगों की मौत



**टोक्यो।** जापान की राजधानी के हनेडा हवाई अड्डे पर दो विमानों की टक्कर के बाद तट रक्षक विमान में सवार छह लोगों में से पांच की मौत हो गयी है। स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को पुलिस के हवाले से इसकी पुष्टि की। क्योदो समाचार एजेंसी ने बताया कि दोनों विमानों के टक्कर के बाद जापान तटरक्षक विमान में भी आग लग गई।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से रेलवे कवच की जानकारी मांगी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार के सर्वोच्च कानून अधिकारी अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे द्वारा उठाए गए सुरक्षा उपायों की स्थिति सहित रेलवे पटरियों पर कवच-रोधी प्रणाली के कार्यान्वयन की जानकारी देने को कहा। जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की पीठ एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### जम्मू-कश्मीर में पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने शोपियां जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की। बयान में कहा, यह योजना जम्मू-कश्मीर के शिल्पकार समुदाय को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी।

हिट-एंड-रन मामले में नए कानून का हो रहा विरोध

# ट्रक व बस चालकों के आंदोलन का व्यापक असर

**पेट्रोल-डीजल के लिए लोगों के बीच मारामारी की स्थिति रही**

- एक से दूसरे शहरों में लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई
- छत्तीसगढ़ में पुलिस की कस्टडी में की जा रही पेट्रोल की सप्लाई




**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। हिट एंड रन कानून के विरोध में देश भर में ट्रक और बस चालकों के आंदोलन के मंगलवार को दूसरे दिन परिवहन पर व्यापक असर पड़ा है वहीं पेट्रोल-डीजल जैसी अत्यावश्यक ईंधन के लिए लोगों के बीच मारामारी की स्थिति रही। देश भर में ट्रक और बस चालकों के आंदोलन के कारण एक से दूसरे शहरों में लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई है। विभिन्न स्थानों पर ट्रकों और बसों को रोक दिया गया है जिससे आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं समेत रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं का परिवहन ठप हो गया है वहीं अपने गंतव्य पर जाने वाले लोग भी इधर-उधर भटक रहे हैं। पेट्रोल पंपों पर डीजल और पेट्रोल पंपों पर लोगों की लंबी कतारें लगी दिखाई दे रही हैं। कहीं-कहीं इन स्थानों पर पेट्रोल पंप कर्मचारियों के साथ झड़प होने की रिपोर्टें हैं। मैनपुरी जिले के करहल थाना क्षेत्र में मंगलवार को जाम लगा रहे हड़ताली ट्रक ड्राइवरों ने पुलिस पर पथराव किया हालांकि किसी को कोई चोट नहीं लगी।

### सरकार की हड़ताल वापस लेने की अपील

केंद्र सरकार ने अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस के साथ बैठक के बाद ड्राइवर्स से हड़ताल वापस लेने की अपील की। सरकार ने कहा कि फिलहाल ये कानून लागू नहीं होगा। गृह मंत्रालय ने ड्राइवर की चिंताओं को लेकर सरकार खुले मन से चर्चा के लिए तैयार है।

ट्रक चालकों की हड़ताल पर बोले राहुल

## लोकतंत्र की आत्मा पर हो रहा प्रहार



**नई दिल्ली।** देश भर में ट्रक चालकों की हड़ताल पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोकतंत्र की आत्मा पर केंद्र लगातार प्रहार कर रहा है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि बिना प्रभावित वर्ग से चर्चा और बिना विपक्ष से संवाद के कानून बनाने की जिद लोकतंत्र की आत्मा पर निरंतर प्रहार है। उन्होंने लिखा कि जब 150 से ज्यादा सांसद निलंबित थे तो तब संसद के शहंशाह ने भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़, चालकों के विरुद्ध एक ऐसा कानून बनाया जिसके परिणाम घातक हो सकते हैं। लोकतंत्र को चाबुक से चलाने वाली सरकार शहंशाह के फरमान और न्याय के बीच का फर्क भूल गई है।

**हिमाचल में पेट्रोल पंपों में लंबी कतारें लगी**

हिमाचल प्रदेश के शिमला शहर के पेट्रोल पंपों में वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिल रही है। पर्यटकों और आम लोगों ने बताया कि तेल भरने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

**जम्मू कश्मीर में कई फिलिंग स्टेशन बंद**

जम्मू कश्मीर में टैंकरों द्वारा ईंधन की आपूर्ति नहीं किए जाने के कारण कई फिलिंग स्टेशन बंद हो गए। वहीं कुछ पेट्रोल पंपों पर ईंधन के लिए कतार में खड़े लोगों की भारी भीड़ देखी गई। मध्य प्रदेश, राजस्थान, समेत 10 राज्यों से पेट्रोल-डीजल पंप खाली होने की खबरें हैं। छत्तीसगढ़ में पुलिस की कस्टडी में पेट्रोल की सप्लाई की जा रही है।

## किसानों का 13 फरवरी को हल्ला बोल

**दिल्ली में अपनी बड़ी मांगों पर करेंगे आंदोलन**

**नई दिल्ली**, 2 जनवरी (एजेंसियां)। किसानों ने ऐलान किया है कि वे एक बार फिर दिल्ली जाएंगे। किसान 13 फरवरी को दिल्ली पहुंचेंगे और सरकार के सामने अपनी मांगें रखेंगे। इस आंदोलन में पूरे देश के किसान जुटेंगे। किसानों का कहना है कि सरकार उनकी मांगें माने वर्ना वे अपने आंदोलन को तेज करेंगे। किसानों की प्रमुख मांगों में लखीमपुरी खीरी कांड में इंसाफ, कर्जमाफी और फसलों के लिए एमएसपी गारंटी प्रमुख हैं। किसानों की और भी कई मांगें हैं जिसे लेकर वे दिल्ली में विरोध प्रदर्शन करेंगे। किसान इस आंदोलन की पहले से ही तैयारी कर रहे हैं। इसी सिलसिले में मंगलवार को अमृतसर के जंडियाला में पंजाब और हरियाणा से आए किसान नेताओं ने महारैली की। ये रैली किसानों ने अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए की थी। कर्जमाफी, लखीमपुर खीरी इंसाफ के साथ कई मांगें किसानों की पूरी न होने पर ये रैली की गई। इसके बाद 6 तारीख को बरनाला में भी महा रैली का आयोजन किया गया है। अगर इसके बाद भी किसानों की मांगें पूरी न हुई तो जल्द दिल्ली में एक नए आंदोलन की शुरुआत की जाएगी।

**पंजाब-हरियाणा में विरोध तेज**

पंजाब और हरियाणा अभी किसानों के आंदोलन का गढ़ बना हुआ है। हरियाणा में इस साल चुनाव भी है जिसे देखते हुए किसान अपनी मांगों को तेज कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के किसान भी लामबंद हो रहे हैं। पंजाब में गन्ना किसानों की मांग लगातार बनी रही है। किसान चाहते हैं कि गन्ने का रेट बढ़ाया जाए, हालांकि सरकार ने इसमें वृद्धि की है, लेकिन वे इससे अधिक की मांग कर हैं। हरियाणा में भी ऐसी ही मांग है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला

## पति के चरित्र पर झूठा आरोप तलाक का आधार

**हाईकोर्ट ने पति पर विवाहेत्तर संबंध के बेबुनियाद आरोप को बताया क्रूरता**




**महिला ने तलाक के आदेश के खिलाफ याचिका दाखिल की थी**

**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि अगर कोई महिला अपने पति पर विवाहेत्तर संबंध के झूठे आरोप लगाती है और उसे सबकी नजरों में कई महिलाओं से अवैध संबंध रखने वाले के तौर पर पेश करती है, तो यह क्रूरता कहलाएगी। इसके आधार पर पति तलाक ले सकता है। जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने पति को तलाक दिलवाने वाले फैमिली कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। बेंच ने कहा कि पति उम्मीद करता है कि पत्नी उसका सम्मान करेगी और जरूरत पड़ने पर उसकी ढाल भी बनेगी। लगातार अपने पति के चरित्र और वफादारी पर सवाल उठाते रहना मानसिक कष्ट का कारण बनता है। हाईकोर्ट ने कहा कि ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस केस में पत्नी ही सबके सामने पति का अपमान कर रही है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने तलाक के आदेश के खिलाफ महिला की याचिका खारिज कर दी।

### सम्मान व भरोसे पर चलती है शादीशुदा जिंदगी

हाईकोर्ट ने साथ ही यह भी कहा कि कोई भी सफल शादीशुदा जिंदगी आपसी सम्मान और भरोसे पर चलती है और अगर इन दोनों में से किसी में भी कमी आती है तो रिश्ते का अंत होना तय है। कोर्ट ने देखा कि पत्नी का दावा है कि उसका पति नपुंसक था और इस वजह से उसने अपने पति को पोटेंसी टेस्ट के लिए मजबूर किया, हालांकि इस टेस्ट में पति फिट निकला। ये पति के साथ क्रूरता थी।

## सत्ताधीशों के लिए धर्मनिरपेक्षता अपमानजनक बन गई है : सोनिया



- लोकतंत्र को बचाने का दावा करने वाले ही उसे कमजोर कर रहे
- हमारे देश को सद्भाव की ओर ले जाने वाला रास्ता खराब हो रहा

**तिरुवनंतपुरम,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। धर्मनिरपेक्षता को भारत के लोकतंत्र का मूलभूत स्तंभ बताते हुए कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा है कि सत्ता में बैठे लोग धर्मनिरपेक्ष शब्द के इस्तेमाल को 'अपमानजनक' मानते हैं , जिसके चलते समाज में ध्रुवीकरण बढ़ रहा है।

सोनिया गांधी ने एक लेख में कहा, वे कहते हैं कि वे लोकतंत्र के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन साथ ही, वे बनाए गए सुरक्षा उपायों को कमजोर कर रहे हैं। हमारे देश को सद्भाव की ओर ले जाने वाला रास्ता ख़राब हो रहा है और इसके परिणाम समाज में बढ़ते ध्रुवीकरण के रूप में देखे जा रहे हैं। लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं - एक पटरी पर दो रेलों की तरह, जो सरकार को एक सामंजस्यपूर्ण समाज के आदर्श की ओर मार्गदर्शन करते हैं।

उन्होंने कहा, हम सभी इन शब्दों से परिचित हैं, जिनका सामना हम बहसों, भाषणों, नागरिक शास्त्र की पाठ्यपुस्तकों और संविधान की प्रस्तावना में करते हैं। इन अवधारणाओं के पीछे के गहरे अर्थ अक्सर अस्पष्ट होते हैं। इन शर्तों की स्पष्ट समझ प्रत्येक नागरिक को भारत के इतिहास, वर्तमान की चुनौतियों और भविष्य के रास्ते को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगी। गांधी ने आगे बताया कि धर्मनिरपेक्षता की व्याख्या कई तरीकों से की जा सकती है, लेकिन भारत के लिए सबसे प्रासंगिक अर्थ वह है जो महात्मा गांधी ने अपने प्रसिद्ध शब्द 'सर्व धर्म सम भाव' में समझाया था।

**सभी धर्मों में एकता को समझते थे गांधीजी**

गांधीजी सभी धर्मों में एकता को समझते थे। जवाहरलाल नेहरू भारत के बहु-धार्मिक समाज होने के प्रति सचेत थे, इसलिए उन्होंने एक धर्मनिरपेक्ष राज्य की स्थापना के लिए लगातार प्रयास किया।

## पूरे सप्ताह झेलना पड़ सकता हे सर्दी का सितम



- पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी का दिख रहा असर
- आने वाले दिनों में ठंड और भी बढ़ने का अनुमान

**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मंगलवार को भी सर्द हवाओं के साथ हाड़ कंपाने वाली ठंड से लोगों को दो-चार होना पड़ा। सुबह राजधानी के कई इलाकों में कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग ने इस पूरे सप्ताह कड़ाके की सर्दी के कहर बरपाने के आसार जताए हैं। राजधानी में आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ सकती है। तापमान में गिरावट भी जारी है और पर्वतीय इलाकों में हो रही बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ने लगी है और लोगों को सर्द हवाओं को सितम झेलना पड़ रहा है।

राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान लगभग 17 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। राजधानी में सुबह आंशिक रूप से बादल छाये रहे और 10 किलोमीटर प्रति घंटे के रफ्तार से हवा चल रही है। पिछले वर्ष आज ही के दिन न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने आज तड़के तीन बजे से बुधवार तड़के तीन बजे यानी 24 घंटे के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले सात दिन दिल्ली और इससे सटे इलाके नोएडा, गाजियाबाद आदि में कड़ाके की ठंड पड़ सकती है।

### 19 राज्यों में कोहरे का असर ने बढ़ाई परेशानी

देश के 19 राज्यों में मंगलवार की सुबह घने कोहरे के साथ हुई। कोहरे का असर ट्रेनों पर भी देखने को मिला। प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काईमेट और मौसम विभाग के मुताबिक, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में कोहरे की मौजूदा स्थिति बनी रहेगी। वहीं, दक्षिणी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में आज हल्की बारिश हो सकती है।

एडीआर व राजस्थान इलेक्शन वॉच की रिपोर्ट में खुलासा

## राजस्थान में सभी 25 मंत्री करोड़पति



- आठ मंत्री आपराधिक मामलों का सामना कर रहे

**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार के सभी 25 मंत्री करोड़पति हैं। उनकी औसत संपत्ति 7.08 करोड़ रुपए है, जबकि उनमें से आठ आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और राजस्थान इलेक्शन वॉच की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में राजस्थान राज्य विधानसभा चुनाव-2023 के मुख्यमंत्री सहित सभी 25 मंत्रियों के स्व-शपथ पत्रों का विश्लेषण किया गया।

विश्लेषण किए गए 25 मंत्रियों में से आठ मंत्रियों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। जबकि चार मंत्रियों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। सभी 25 मंत्री करोड़पति हैं और विश्लेषण की गई औसत संपत्ति 7.08 करोड़ रुपए है। सबसे अधिक घोषित कुल संपत्ति वाले मंत्री लोहावट निर्वाचन क्षेत्र से गजेंद्र सिंह हैं। उनकी संपत्ति 29.07 करोड़ रुपए है। जबकि झाडोल (एसटी) निर्वाचन क्षेत्र से बाबूलाल खराड़ी के पास सबसे कम घोषित कुल संपत्ति 1.24 करोड़ रुपए है।

## मणिपुर में उग्रवादियों के हमले में छह सुरक्षाकर्मी घायल

**सीमा सुरक्षा कर्मियों को ले जा रहे वाहनों को निशाना बनाया**

**इंफाल,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। टेंग्नौपाल जिले के सीमावर्ती मोरेह में मंगलवार को संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के हमले में मणिपुर पुलिस के पांच कमांडो और एक बीएसएफ जवान घायल हो गए। इंफाल में पुलिस अधिकारियों ने कहा, संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने पुलिस कमांडो और सीमा सुरक्षा कर्मियों को ले जा रहे वाहनों को निशाना बनाया। इस हमले में पांच पुलिस कमांडो और एक बीएसएफ राइफलमैन घायल हो गए। उन पर तब हमला किया गया जब वह म्यांमार के करीब सीमावर्ती शहर मोरेह के रास्ते में थे। पुलिस कमांडो और बीएसएफ जवान जब संयुक्त रूप से उग्रवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चला रहे थे, तभी उन्होंने अत्याधुनिक हथियारों से सुरक्षाबलों पर फायरिंग कर दी।

राजनीति | *नीतीश ने ही सबसे पहले इंडिया गठबंधन की पहल की थी*

## इंडिया गठबंधन के संयोजक बनाए जा सकते हैं नीतीश

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, 2 जनवरी (देशबन्धु)। बिहार के मुख्यमंत्री व जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार को जल्द ही इंडिया गठबंधन का संयोजक बनाया जा सकता है। कांग्रेस पार्टी इसको लेकर गभीरता से तैयारी कर रही है। मालूम हो कि नीतीश कुमार ने ही सबसे पहले इंडिया गठबंधन की पहल की थी।**



- कांग्रेस इस पर गभीरता से कर रही विचार

लेकिन बाद में ममता बनर्जी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम पीएम पद के लिए आगे करके नीतीश की संभावनाओं पर विराम लगा दिया। इसके बाद उन्होंने अपनी नाराजगी का इजहार भी किया और दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक बाहर निकल गए और प्रेस कार्फ्रेंस में शामिल नहीं हुए। हालांकि कांग्रेस को तब यह चाल समझ में आ गई और वह नीतीश को मनाने में लग गई है। सूत्रों के मुताबिक,नीतीश के नाम पर अब कांग्रेस को कोई ऐतराज नहीं है,वह चाहती है कि बाकी दल मिलकर फैसला कर लें। कांग्रेस की नजर इंडिया के चेयरपर्सन पर है। वहीं सीटों के बटवारे को लेकर कांग्रेस की मुकुल वासनिक की अगुवाई वाली कमेटी राज्यों से बातचीत शुरू कर दी है। जल्द कमेटी खड़गे से मुलाकात करेगी। माना जा रहा है कि इसके बाद संयोजक पद को लेकर फैसला लिया जा सकता है। बता दें कि कांग्रेस की एक परेशानी यह भी है कि अभी तक पश्चिम बंगाल,बिहार,यूपी और महाराष्ट की 210 सीटों में कोंग्रेस के लिए केवल 25-30 सीटे देने का ही प्रस्ताव आया है। सहयोगी दलों के इस रुख के बाद कांग्रेस अब ऐसे नेता की तलाया में है जो क्षेत्रीय दलों के साथ उसकी बात मनवाने में मदद कर सके। इसी कडी में नीतीश कुमार का नाम आगे आया है। इसके अलावा पार्टी की कमान हाथ मे लेने के बाद नीतीश ने कांग्रेस पर जो सीधा हमला किया और सीतामढी से अपने उम्मीदवार का ऐलान कर दिया। इसको लेकर भी कांग्रेस आशंकित है कि कहीं नीतीश फिर से एनडीए के साथ न चले जांय। इसलिए नीतीश को साधने के लिए माना जा रहा है कि जल्द ही उन्हें इंडिया गठबंधन का संयोजक बनाया जा सकता है।

# देश

**उवाच**

अगर पार्टी आलाकमान अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने का निर्णय लेता है तो सभी कांग्रेसजन इसमें शामिल होंगे। मुझे नहीं पता कि दिल्ली में क्या हो रहा है मैं यहां बेंगलुरु में बैठा हूं। मैं उनके निर्णय के बारे में बात नहीं कर रहा हूं।

-डा. जी. परमेश्वर, कर्नाटक के गृह मंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 17.0 | 06.0 |
| मुंबई | 27.0 | 23.0 |
| कोलकाता | 18.0 | 12.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 26.0 |

# शीर्ष नेतृत्व तय करेगा कौन होगा इंडिया गठबंधन का संयोजक : राजद

## नीतीश को संयोजक बनाए जाने की चर्चा पर आई राजद की प्रतिक्रिया

**पटना,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। बिहार की सियासत में एक बार फिर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इंडी गठबंधन का संयोजक बनाए जाने की चर्चा तेज हो गई है। कहा जा रहा है कि नाराज नीतीश कुमार को कांग्रेस ने मना लिया है और नीतीश कुमार की राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से बात हुई है। नीतीश को संयोजक बनाए जाने की चर्चा पर आरजेडी की प्रतिक्रिया आई है। नीतीश को इंडी गठबंधन का संयोजक बनाए जाने की चर्चा पर लालू-तेजस्वी के करीबी आरजेडी विधायक भाई बीरेंद्र ने कहा है कि नीतीश कुमार को अगर इंडी गठबंधन का संयोजक बनाया जाता है तो यह खुशी की बात है लेकिन ये इंडी गठबंधन का जो शीर्ष नेतृत्व है वो तय करेगा कि संयोजक कौन बनेगा, इसमें हम लोग क्या कह सकते हैं। लेकिन बिहार को अगर हर पद मिलता है तो यह खुशी की बात है।

दरअसल, खबर आ रही है कि 19 दिसम्बर को दिल्ली में हुई इंडी गठबंधन की बैठक से नाराज होकर निकले नीतीश कुमार को कांग्रेस ने फिर से संयोजक बनाने का लॉलीपॉप दिखाया है। जिसके बाद नीतीश कुमार इंडी गठबंधन के नेताओं से बातचीत करने को तैयार हो गई हैं हालांकि नीतीश कुमार की लालू और तेजस्वी यादव से नाराजगी की खबरें भी सामने आ रही हैं। ऐसे नीतीश को संयोजक बनाए जाने की चर्चा के सवाल पर आरजेडी के सुर बदल गए हैं। ये वही राजद विधायक हैं जो पिछले दिनों नीतीश कुमार को कंवेनर बनाने के साथ ही प्रधानमंत्री पद का प्रबल उम्मीदवार बता रहे थे। कई ऐसे मौके आए जब लालू के करीबी विधायक भाई बीरेंद्र ने कहा कि नीतीश कुमार में पीएम बनने के सभी गुण मौजूद हैं। आरजेडी की तरफ से कई बार इस तरह का लॉलीपॉप सीएम नीतीश को दिखाया गया लेकिन अब जब नीतीश को संयोजक बनाने की चर्चा हो रही है तो आरजेडी कह रही है कि यह तो गठबंधन का शीर्ष नेतृत्व तय करेगा।



नीतीश को इंडिया गठबंधन का संयोजक बनाया जाता है तो खुशी की बात : बीरेंद्र

### अगले चार माह सीबीआई, ईडी व आईटी के निशाने पर होगा विपक्ष : मनोज झा

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज झा ने मंगलवार को भाजपा पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि अगले तीन से चार महीने तक ईडी, इनकम टैक्स और सीबीआई के निशाने पर विपक्ष होगा।



इसकी पुख्ता तैयारी कर ली गई है। पटना में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए झा ने कहा कि हमने कभी तराजू पर तौलकर लाभ-हानि की राजनीति नहीं की है कि जो पलड़ा भारी दिखे वहीं चले जाओ। मैं पुख्ता जानकारी दे रहा हूं। हमे अधिकारियों ने ही इसकी जानकारी दी है। भाजपा का विरोध करने वाले नेताओं पर कारवाई की तैयारी है। उन नेताओं की फाइल भी निकल चुकी है। राजद के सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज झा ने कहा कि भाजपा राजनीतिक तौर पर नहीं जीत सकती है, इस कारण ऐसा करती है। भाजपा का वास्तविक चाल, चरित्र और चेहरा यही है। ये जांच एजेंसियां भाजपा का विरोध करने वाले को उलझाए रखना चाहती है।

### मरीज की मौत पर बिहार को मानवाधिकार ने दिया नोटिस

**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। मानवाधिकार आयोग ने बिहार के मुंगेर जिले के एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में ऑक्सीजन की अनुपलब्धता के कारण एक मरीज की मौत के मामले में बिहार सरकार के मुख्य सचिव को नोटिस दिया है। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार इस मामले में राज्य के मुख्य सचिव आमिर सुब्हानी से चार सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी गयी है। आयोग ने इस मामले में मीडिया की खबरों के आधार पर कदम उठाते हुए यह नोटिस जारी किया। आयोग ने खबरों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा है कि बिहार के मुंगेर जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में ऑक्सीजन सिलेंडर की अनुपलब्धता के कारण एक हृदय रोगी की जान चली गई।




कथित तौर पर यह घटना 26 दिसंबर, 2023 को घटित हुई थी। मानवाधिकार आयोग ने राज्य के अधिकारियों से इस मामले में मृतक के परिजनों को दिए गए मुआवजा आदि का ब्यौरा मांगा है। आयोग ने यह भी पूछा है कि इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ की क्या कार्रवाई की जा रही है।

# दस साल के बाद वैष्णो देवी की यात्रा के आंकड़ों में हुई वृद्धि

## 2023 में 95.20 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**जम्मू,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। वैष्णो देवी की यात्रा में इस बार वृद्धि हुई है। वृद्धि ज्यादा अधिक तो नहीं है लेकिन इसने श्राइन बोर्ड के अधिकारियों के साथ ही कटड़ा के व्यापारियों के चेहरे पर मुस्कान जरूर ला दी है। हालांकि मामूली वृद्धि वो खुशी नहीं दे पाई है जिसकी चाहत सभी को थी। दस साल के बाद जारी वर्ष में वैष्णो देवी की यात्रा में नया रिकार्ड कायम हुआ है। वर्ष 2023 में 95.20 लाख श्रद्धालु आए हैं।

जबकि वर्ष 2022 में 93.23 लाख। अर्थात वर्ष 2023 में 1.97 लाख की मामूली वृद्धि हुई है। आस एक करोड़ श्रद्धालुओं के आने की थी। इतना जरूर था कि वर्ष 2023 में आने वालों ने वर्ष 2013 का रिकार्ड 26 दिसम्बर को ही तोड़ दिया था जब 93.24 लाख श्रद्धालु आए थे। वहीं, वर्ष 2016 में यात्रा का आंकड़ा 7723721 रहा था। लेकिन वर्ष 2023 में कश्मीर में शांति के लौट आने के दावों के बावजूद बेखौफ श्रद्धालु लगातार वैष्णो देवी भवन पहुंचते रहे पर वह कोई नया रिकार्ड स्थापित नहीं कर पाए और न ही वे वर्ष 2012 का रिकार्ड तोड़ पाए जब 1.04 करोड़ श्रद्धालु आए थे। वर्ष 2022 के मुकाबले साल 2023 में करीब 1.97 लाख अधिक श्रद्धालु ही वैष्णो देवी भवन पहुंचे हैं। नववर्ष के आगमन को लेकर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को लेकर प्रदेश के उपराज्यपाल व श्राइन बोर्ड के चेयरमैन मनोज सिन्हा ने श्राइन बोर्ड अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि वे



श्रद्धालुओं के लिए बिजली, पानी के साथ ही भवन तथा मार्गो पर स्वास्थ्य सेवा और अन्य प्रकार की सभी सुविधाएं सुनिश्चित करें, ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। स्पष्ट शब्दों में कहें तो पिछले कई सालों से वैष्णो देवी आने वालों की संख्या में लगातार गिरावट हो रही थी। हालांकि नार्मल रूटीन में 20 से 25 हजार श्रद्धालु प्रतिदिन वैष्णो देवी की यात्रा में शामिल होते रहे हैं पर यह आंकड़ा न ही श्राइन बोर्ड को खुशी दे पा रहा था और न ही उन लोगों को जिनकी रोजी रोटी यात्रा से जुड़ी हुई है। यात्रा में कमी आने से न सिर्फ कटड़ा के व्यापारी ही प्रभावित हुए हैं बल्कि जम्मू के व्यापारियों का भी तेल निकल रहा था।

## सार संक्षेप

### श्रीनगर के बीएसएफ मुख्यालय में लगी आग

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के सनत नगर स्थित बीएसएफ मुख्यालय में एक बैरक, हाउसिंग ऑफिसर मेस, कार्यालय और डाइनिंग हॉल में आग लग गई, जिससे संपत्ति को व्यापक नुकसान हुआ है। अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अग्निशमन और आपातकालीन सेवा के एक अधिकारी ने कहा कि सुबह करीब 4.27 बजे आग लगने से श्रीनगर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के मेस बैरक को नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा कि आग की तेज लपटों को बुझाने के लिए सात दमकल गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया। घटना में किसी जानमाल के नुकसान या हताहत होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है।

### राजस्थान के विस अध्यक्ष ने की राष्ट्रपति से भेंट

**नई दिल्ली।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष ने मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर देवनानी ने राष्ट्रपति को गुलदस्ता भेंट करते हुए नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति भवन में लगभग 20 मिनट चली इस बैठक में राष्ट्रपति ने देवनानी को उनके नए पदभार के लिए बधाई दी। इसके पश्चात राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष ने धनखड़ से उनके राजकीय निवास पर मुलाकात करके उन्हें नए वर्ष की शुभकामनाएं दी।

### न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी ने 2024 की क्लास के लिए बी.टेक के लिए प्रवेश का पहला दौर शुरू किया

**नोएडा।** कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यक्रम में ऑन-कैंपस बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी के उद्घाटन समूह की जबरदस्त सफलता के बाद, न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी, ऋषिहुड यूनिवर्सिटी के सहयोग से, अब 2024 बैच के लिए ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा एनएसएटी (न्यूटन स्कोलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट) के लिए आवेदन स्वीकार कर रहा है। 22 दिसंबर से शुरू, देश भर के छात्र जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 2022, 2023 या 2024 में अपनी हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षाओं में 50 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं, वे यहां कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक के लिए आवेदन कर सकते हैं। सिद्धार्थ माहेश्वरी , को-फाउंडर, न्यूटन स्कूल ने कहा, 'एनएसटी में, हम तकनीकी शिक्षा के भविष्य को जीवंत बना रहे हैं। हमारे आठ-सेमेस्टर पाठ्यक्रम को विकसित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और कंप्यूटर सायन्स और एआई में नवीनतम को एकीकृत करने के लिए इसे लगातार अद्यतन किया जाता है।

# झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन दलों के विधायकों की बैठक आज

**रांची,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड में लैंड स्कैम मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का बयान दर्ज करने के लिए ईडी की दो दिन की डेडलाइन खत्म होने के बाद से ही राज्य की राजनीति का तापमान बढ़ गया। मुख्यमंत्री ने तीन जनवरी को अपने आवास पर शाम 4.30 बजे गठबंधन विधायक दल की बैठक बुलाई है।



इससे पहले राज्य के महाधिवक्ता राजीव रंजन मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। उन्होंने सोरेन से काफी देर तक चर्चा की है। अगर ईडी कोई एक्शन लेती है तो काउंटर अटैक के लिए क्या विकल्प हो सकता है, इस पर मंथन का दौर चल रहा है। उसी के तहत बुधवार को गठबंधन विधायक दल की बैठक बुलाई गई है। दूसरी तरफ झामुमो नेता सरफराज अहमद के गांडेय विधानसभा सीट से इस्तीफा और तत्काल प्रभाव से स्पीकर द्वारा उसकी मंजूरी के बाद ही कयास लगाए जाने लगे थे कि किसी तरह का कोई मामला होने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के हाथों में सत्ता सौंप सकते हैं। उनको विधायक दल का नेता चुनने में भी कोई अड़चन नहीं आएगी। उल्लेखनीय है कि ईडी ने मुख्यमंत्री को 29 दिसम्बर को सातवां समन भेजा था। इसमें जिक्र था कि आप दो दिन के भीतर यानी 31 दिसम्बर तक बताएं कि आपका बयान कब और कहां दर्ज किया जाए इसको अंतिम नोटिस समझा जाए। अगर जवाब नहीं आता है तो माना जाएगा कि आप जानबूझकर जांच को प्रभावित कर रहे हैं। समन में इस बात का भी जिक्र है कि इस अंतिम समन की मियाद रिसीविंग के सात दिन के लिए होगी जो 5 जनवरी को पूरी हो रही है।

## कारसेवकों की गिरफ्तारी पर बोले मुख्यमंत्री सिद्दारमैया

# नफरत की राजनीति नहीं करती कांग्रेस पार्टी

**कोप्पल/कर्नाटक,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। 1990 में राज्य में राम जन्मभूमि आंदोलन में भाग लेने वाले कार सेवकों की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा कि उनकी सरकार इस संबंध में नफरत की राजनीति नहीं कर रही है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, जिन्होंने गलतियां की, उनके साथ क्या किया जाना चाहिए? क्या हमें उन्हें आजाद छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा, हमने पुराने मामलों को निपटाने का निर्देश दिया है। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। हम नफरत की राजनीति नहीं कर रहे हैं। यदि इस संबंध में अदालत का निर्देश होगा तो हम अदालत के निर्देश के अनुसार कार्य करेंगे। 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा करने की भाजपा की मांग के बारे में पूछे जाने पर सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि केंद्र सरकार को घोषणा करने दीजिए। यह केंद्र सरकार है जो अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन का कार्यक्रम आयोजित कर रही है। केवल राम भक्तों को निमंत्रण दिए जाने के सवाल का जवाब देते हुए सीएम सिद्दारमैया ने कहा कि जिन्हें निमंत्रण मिला है वे शामिल होंगे, यह समिति पर छोड़ दिया गया है कि वे किसे आमंत्रित करना चाहते हैं।



जिन्होंने गलतियां की उनके साथ क्या किया जाना चाहिए क्या हमें उन्हें आजाद छोड़ देना चाहिए : सिद्दारमैया

सूत्रों ने कहा कि जैसे-जैसे अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन करीब आ रहा है, कर्नाटक पुलिस विभाग ने राम मंदिर कार्यकर्ताओं के खिलाफ जांच के लिए मामले उठाए हैं, जो आंदोलन में संपत्ति के विनाश और अन्य मामलों में शामिल थे। सूत्रों ने कहा कि पुलिस विभाग ने एक विशेष टीम का गठन किया था और उन आरोपी व्यक्तियों की एक सूची तैयार की थी जो 1992 के राम मंदिर आंदोलन के दौरान पुलिस मामलों में शामिल थे, जिसके परिणामस्वरूप हिंसा और सांप्रदायिक झड़पें हुई थीं। हुबली पुलिस ने 5 दिसम्बर 1992 को हुबली में एक अल्पसंख्यक के स्वामित्व वाली दुकान में आग लगाने के कथित मामले में श्रीकांत पुजारी को गिरफ्तार किया।

पुजारी इस मामले में तीसरा आरोपी है और पुलिस मामले के संबंध में अन्य आठ आरोपियों की तलाश कर रही है। पुजारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। इसी तरह हुबली पुलिस ने 300 आरोपियों की एक सूची तैयार की, जो कथित तौर पर 1992 और 1996 के बीच हुई सांप्रदायिक झड़पों में वांछित थे।

### राजनीतिक टिप्पणियां कर रहे हैं भाजपा के नेता

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी पर निशाना साधते हुए सिद्दारमैया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता राजनीतिक टिप्पणियां कर रहे हैं और इस मुद्दे पर उनकी कानूनी समझ पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि प्रह्लाद जोशी कानून जानते हैं। क्या वह कानूनी विद्वान हैं। वह राजनीतिक बयान दे रहे हैं। वह कानून के अनुसार, मुद्दे को संबोधित नहीं कर रहे हैं। अपराध नहीं मिटता। यह समय बीतने के बाद भी बना रहता है। गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने (पुलिस को) लंबे समय से लंबित मामलों को सुलझाने के लिए कहा है इसलिए, उन्होंने कार्रवाई की है। सिद्दारमैया ने आरोप लगाया कि यह भाजपा की दुष्टता है क्योंकि वे अपराधियों को समर्थन दे रहे हैं।

# गुजरात में अवैध इमिग्रेशन रैकेट का भंडाफोड़

**अहमदाबाद,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। अवैध इमिग्रेशन पर कार्रवाई करते हुए गुजरात में सीआईडी क्राइम ने संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीय नागरिकों के अवैध परिवहन से जुड़े बड़े पैमाने पर ऑपरेशन का खुलासा किया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, सीआईडी अपराध और रेलवे के एक आदेश से पता चला, दुबई से एक फ्लाइट, जो फ्रांस के वैट्री हवाई अड्डे पर ईंधन भरने के लिए रुकी थी, उसमें 260 भारतीय नागरिकों सहित 303 यात्री सवार पाए गए। इनमें से 96 यात्रियों की पहचान गुजरात के निवासियों के रूप में की गई थी। मुंबई में एफआरआरओ ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन के एक ईमेल के माध्यम से पहचाने गए निर्वासित लोगों में 66 गुजराती नागरिक शामिल थे। उनमें से ज्यादातर 8वीं-12वीं कक्षा तक पढ़े हैं। वे मेहसाणा और अहमदाबाद से हैं। सीआईडी क्राइम की जांच में ऐसे अवैध इमिग्रेशन को सुविधाजनक बनाने वाले एजेंटों के एक नेटवर्क का पता चला। मुख्य रूप से गुजरात से संचालित होने वाले इन एजेंटों ने 8वीं से 12वीं कक्षा तक के शिक्षा स्तर वाले व्यक्तियों को टारगेट किया। इन्होंने उन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका में अवैध प्रवेश का वादा किया। अहमदाबाद से दुबई और फिर निकारागुआ तक की यात्रा में प्रत्येक व्यक्ति का खर्च 60 लाख रुपए से 80 लाख रुपए के बीच आया। जांच से यह भी पता चला कि एजेंटों को केवल अमेरिकी सीमा पार करने के लिए 1,000 डॉलर से 3,000 डॉलर का भुगतान किया गया था।




फ्रांस से 66 लोग निर्वासित

### पासपोर्ट में आवश्यक टिकटों का था अभाव

जांच में फ्लाइट टिकटों के लिए वित्तीय लेनदेन और उस प्रक्रिया की भी जांच की गई जिसके माध्यम से वीजा हासिल किया गया था। यह पाया गया कि इन व्यक्तियों के पासपोर्ट में आवश्यक टिकटों का अभाव था। सीआईडी क्राइम ने अहमदाबाद में इमिग्रेशन एफआरआरओ से उन सभी 66 यात्रियों के बारे में डिटेल मांगी है, जिन्होंने 10 दिसंबर से 20 दिसंबर के बीच विभिन्न भारतीय शहरों से दुबई की यात्रा की थी। यह पूछताछ रैकेट में शामिल एजेंटों, दुबई वीजा हासिल करने की प्रक्रिया और इन कार्यों के पीछे के वित्तीय लेनदेन को उजागर करने तक फैली हुई है। सीआईडी क्राइम ने इनमें से 55 लोगों को उनके घरों पर जाकर बयान लेने के बाद पूछताछ के लिए बुलाया है।

# त्रिशूर में महिलाओं को संबोधित करेंगे मोदी

**त्रिशूर,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को केरल में त्रिशूर के थेकिनकाडु मैदान में महिलाओं की एक विशाल सभा को संबोधित करेंगे। केरल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित यह जनसभा संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देने के लिए है। इसे केरल में लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अभियान की शुरुआत के रूप में भी देखा जा रहा है।



पार्टी सूत्रों के मुताबिक जनसभा को स्त्री शक्ति मोदीकोप्पम (मोदी के साथ महिलाओं को सशक्त बनाना) नाम दिया गया है। जनसभा में राज्य के विभिन्न हिस्सों से दो लाख से अधिक महिलाएं शामिल होने का अनुमान है। मोदी अपराह्न 15:00 बजे त्रिशूर पहुंचेंगे तथा कर रोड शो और जनसभा में शामिल होंगे।

# राम मंदिर के लिए लालू-नीतीश को भेजा निमंत्रण : सम्राट चौधरी

## महागठबंधन पर भी जमकर साधा निशाना

**पटना,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या में बन रहे प्रभु श्रीराम के मंदिर को लेकर भाजपा उत्साहित है। भाजपा के द्वारा लवकुश रथ यात्रा भाजपा कार्यालय से निकल गई। लव कुश रथ पर सवार होकर बिहार भाजपा के नेता बिहार के कई जिलों में जाएंगे और उसके बाद यह रथ 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या पहुंचेगी।



रथ को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि मंदिर निर्माण में सभी की अहम भूमिका है और बिहार से लव-कुश समाज भी प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए निकल पड़ा है। सभी को अयोध्या जाकर भगवान राम के दर्शन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद और श्रीराम मंदिर निर्माण ट्रस्ट के द्वारा लालू प्रसाद यादव और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी आमंत्रण दिया गया है। मंदिर में प्रभु श्रीराम के दर्शन करना जाना या ना जाना यह उनकी इच्छा है। सम्राट चौधरी ने महागठबंधन पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का मतलब लालू प्रसाद यादव है और जब उन पर कार्रवाई हुई थी तब एनडीए की सरकार देश में नहीं थी। लालू प्रसाद 1996 में जेल गए थे।1997 में उनकी सरकार थी, जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद थे। जब उनकी पार्टी के लोगों ने उनको जेल भेजा तो इसका मतलब यह भ्रष्टाचारी है। सम्राट चौधरी ने कहा कि मैं तो साफ तौर पर कहता हूं कि बिहार में आतंक, भ्रष्टाचार, बालू माफिया के प्रतीक लालू प्रसाद यादव है तो इन पर कार्रवाई नहीं होगा तो किन पर कार्रवाई होगा। बीजेपी में लोकतंत्र है तो वहीं आरजेडी में राजतंत्र है।

**चिंता** *जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में कोरोना की फिर से दहशत*

# संक्रमण से बचाव के लिए लद्दाख व वैष्णो देवी में मास्क अनिवार्य

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 2 जनवरी (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में कोरोना संक्रमण के नए वेरिएंट की दस्तक के साथ ही नागरिकों में दहशत का माहौल तो नहीं है पर दोनों ही केंद्र शासित प्रदेशों में प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। यह चिंता लद्दाख और वैष्णो देवी की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मास्क अनिवार्य करने के आदेशों से भी झलकती थी।**

हालांकि जम्मू-कश्मीर में नए वेरिएंट के मामले बीस से ज्यादा नहीं हैं पर लद्दाख में 11 मामलों ने ही प्रशासन को मजबूर कर दिया कि वह अभी से कोरोना से निपटने के प्रबंध आरंभ कर दे।

यही कारण था कि उसने कोरोना से बचने के लिए पहले कदम के तौर पर लद्दाख में मास्क अनिवार्य कर दिया है। साथ ही आने वालों की टेस्टिंग अनिवार्य बनाने के लिए टेस्टिंग केंद्रों की स्थापना भी युद्धस्तर पर की जाने लगी है। कुछ ऐसा ही आलम वैष्णो देवी की उस यात्रा का है जहां साल के आखिरी दिन 60 हजार से अधिक लोग जुटे थे और उन्होंने प्रशासन की एक सप्ताह पहले दी गई सलाह की धज्जियां उड़ाई थीं जिसमें कहा गया था कि कोरोना के नए खतरे को देखते हुए यात्रा में शिरकत करने वालों को मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए। और अब जबकि प्रदेश में कोरोना के नए वेरिएंट के मामले बढ़ने लगे हैं प्रशासन ने वैष्णो देवी की यात्रा में शामिल होने वालों के लिए मास्क अनिवार्य तो किया है पर भीड़ में इस आदेश का कोई असर नजर नहीं दिख रहा था। जानकारी के लिए तीन वर्ष पहले कोरोना के कारण वर्ष 2020 में वैष्णो देवी यात्रा पांच माह तक बंद रही थी और अब एक बार फिर कोरोना की दस्तक के कारण कोई और नहीं बल्कि कटड़ा के वे व्यापारी जरूर दहशत में हैं जिन्हें यात्रा में होने वाली वृद्धि कुछ आस देने लगी थी। गौरतलब है कि कोरोना वायरस के नए ओमिक्रॉन सब-वैरिएंट जेएन1 के मामले भारत समेत विश्व स्तर पर बढ़ रहे हैं। इसलिए कई लोगों के बीच 2024 की शुरुआत में संभावित कोविड लहर का डर है जो एक बार फिर जिंदगी को पटरी से उतार सकता है। ओमिक्रॉन वैरिएंट द्वारा मुख्य रूप से बीए.2 सब-वैरिएंट के साथ संचालित तीसरी लहर ने अधिकांश आबादी को कम से कम रुग्णता और मृत्यु दर से संक्रमित किया। वास्तव में बीए.2, बीए.4 और बीए.5 के साथ-साथ बीए.2.86 (पिरोला) जैसे बीए.2 के वंश के संक्रमण से भारत के लिए एक रक्षक था। अब हम पहले से कहीं अधिक बेहतर तैयार हैं। इतना ही नहीं, भारत अफ्रीका और अन्य जगहों पर 50 से अधिक देशों को तैयारियों, दवाओं और टीकों से सहायता प्रदान करता है।

हालांकि, जेएन1 अगस्त 2023 में लक्जमबर्ग में पहचाना गया। यह वर्तमान में 40 से अधिक देशों में मौजूद है और इससे अधिक संख्या में लोग संक्रमित नहीं हुए हैं और न ही मरीजों की मौत हुई है।



जांच केंद्रों की स्थापना भी युद्धस्तर पर शुरू

**उल्टा पुल्टा**

मरीज : डॉक्टर साहब ऑपरेशन पूरी सावधानी से करिएगा ?
डॉक्टर : ऐसा क्यूं कहा ?
मरीज : क्यूकि सर्जन और विसर्जन में बस जरा सा ही अंतर है ?
ऑपरेशन सही हुआ तो आप सर्जन और अगर हाथ हिल गया तो मेरा विसर्जन...

# राजधानी के रानीखेड़ा में 147 एकड़ में बनेगा औद्योगिक हब



मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के अंदर रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए नए साल की शुरुआत में दिल्ली सरकार ने बड़ा कदम बढ़ाया है। सरकार रानीखेड़ा में 147 एकड़ जमीन में इंडस्ट्रियल हब बनाने जा रही है। इसके लिए डीडीए से जमीन ली जा रही है। मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। यह इंडस्ट्रियल हब पूरी तरह से ईको-फैंडली होगा। जानकारी के अनुसार, यहां पर आईटी, आईटीईएस और रिसर्च जैसी सर्विस इंडस्ट्री स्थापित की जाएगी।

संभावना है कि इसमें कई क्लस्टर भी होंगे, जहां मल्टीलेबल बिल्डिंग्स बनाई जाएंगी। इंडस्ट्री लगाने के लिए सरकार रियायती दर पर जमीन देगी और इसके विकसित होने पर परोक्ष-अपरोक्ष रूप से लाखों लोगों को रोजगार मिल सकेगा। मुख्यमंत्री से मंजूरी मिलने के बाद अब फाइल एलजी के पास भेजी गई है। दिल्ली सरकार ने रानीखेड़ा में नया इंडस्ट्रियल हब को विकसित करने की जिम्मेदारी डीएसआईआईडीसी को सौंपी है। सरकार का कहना है कि इस इंडस्ट्रियल हब में सभी आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। इसके विकास के दौरान हर बुनियादी बातों का ध्यान रखा जाएगा। यहां इंडस्ट्री लगाने के लिए दिल्ली और बाहर के लोग भी रियायती दर पर जमीन ले सकेंगे। चूंकि यह पूरी तरह से पर्यावरण अनुकूल औद्योगिक केंद्र होगा। इसलिए यहां ऐसी इंडस्ट्री के लिए जमीन का आवंटन किया जाएगा, जो किसी तरह से प्रदूषण पैदा न करें।

लिहाजा, यहां अधिकतर सर्विस सेक्टर से जुड़ी इंडस्ट्री को बढ़ावा दिया जाएगा। रानीखेड़ा में स्थापित होने जा रहा इंडस्ट्रियल हब आईटी, आईटीएस इंडस्ट्री के साथ ही रिसर्च जैसे सर्विस इंडस्ट्री की जरूरतों को पूरा करेगा। इंडस्ट्रियल हब विकसित करने का उद्देश्य व्यापार को बढ़ावा देना और दिल्ली को एक विनिर्माण केंद्र में तब्दील करना है। इसमें स्थापित होने वाली इंडस्ट्री को प्रदूषण मानदंडों का कड़ाई से पालन करना होगा। इसका विकास दो चरणों में किया जाएगा। यहां पर एक स्मार्ट इंटीग्रेटेड आईटी पार्क विकसित किया जाएगा, जिसमें कई बिल्डिंग ब्लॉक होंगे। जो पूरी तरह प्रदूषण रहित होंगे। इसमें आईटी, आईटीडीएस, मीडिया, बॉयोटेक्नोलॉजी, रिसर्च एंड इनोवेशन हब समेत अन्य इंडस्ट्री स्थापित की जाएंगी।

### समय-सीमा के अंदर पूरा करने पर जोर

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इंडस्ट्रियल हब का विकास तय समय सीमा के अंदर पूरा करने पर बल दिया है। इसके लिए संबंधित विभाग को आवश्यक प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया गया है। दरअसल, सरकार दिल्ली में रोजगार को बढ़ावा देने को लेकर कई तरह की कवायद कर रही है। ताकि दिल्ली में रह रहे लोगों को आसानी से अच्छी जॉब मिल सके। इसी कवायद की कड़ी में रानीखेड़ा में यह इंडस्ट्रीयल हब विकसित किया जाएगा।

## आईएनएसडी ने किया ऑल इंडिया टैलेंट शो का आयोजन

**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। इंटरनैशनल स्कूल ऑफ डिजाइन आईएनएसडी द्वारा ए गैला फैशन एक्स्ट्रावैगेंजा का आयोजन किया जिसमें आईएनएसडी के छात्रों ने फैशन, इंटीरियर्स, और ग्राफिक डिजाइन में अपने अद्वितीय कौशल दिखाया। यह भव्य कार्यक्रम रचनात्मकता, कारीगरी, और शैली के साथ फैशन शौकिनों को प्रदर्शित किया। शाम की हाइलाइट बॉलीवुड की चमकदार प्रतिष्ठा पाने वाली पवलीन गुजराल की मौजूदगी थी, जो अपने एक्लेमेंट पिक्चर्स जैसी उपहारित फिल्मों में अपने रोल के लिए जानी जाती है। देश भर के 21 राज्यों और 75 केंद्रों में राष्ट्रव्यापी हाजिरी के साथ, 20,000 छात्रों की एक जीवंत समुदाय को आवास प्रदान करने वाला आईएनएसडी फिर से कला और रचनात्मकता की कुशलता और नवाचार का समर्थन करने के लिए केंद्र में था। आईएनएसडी के संस्थापक और चेयरमैन संजय अग्रवाल ने कहा कि हम आईएनएसडी में, डिज़ाइन को जीते हैं और सांस्कृतिक, प्रायोजन और उद्योग केंद्रित प्रशिक्षण के हमारे अत्यंत प्रतिभाशाली छात्रों की असीम क्रिएटिविटी का प्रमाण है। उनके डिजाइन हमारे सुचारू रूप से डिजाइन किए गए शैक्षिक, व्यावसायिक, और उद्योग केंद्रित प्रशिक्षण के प्रमाण हैं। कार्यकारी निदेशक प्रणव राज अग्रवाल ने कहा आईएनएसडी हमेशा उच्च मानकों को स्थापित करता है, प्रत्येक आईएनएसडीआईएन को कुछ अद्वितीय बनाने और उसे सबसे फैशनेबल तरीके से प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करता है।




## केजरीवाल का भ्रष्टाचार नहीं सहेगी दिल्ली की जनता : वीरेंद्र सचदेवा




**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। विश्वास नगर विधानसभा अंतर्गत कैवेंटर्स मार्केट, सूरजमल विहार लोकल शॉपिंग कंपलेक्स के अध्यक्ष हरीश कटारिया और महामंत्री गौतम शर्मा द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप शासित दिल्ली नगर निगम द्वारा अवैध रूप से ली जा रही सर्विस लेन में पार्किंग के विरुद्ध प्रदर्शन और अरविंद केजरीवाल का पुतला फूंका गया। विश्वास नगर क्षेत्र की जनता और मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारी के समर्थन में भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं जिलाध्यक्ष संजय गोयल, क्षेत्रीय विधायक ओम प्रकाश शर्मा, जिलाध्यक्ष संजय गोयल जिला, महामंत्री दीपक गाबा और जिला प्रवक्ता भारत गौड़, मोनिका पंत समर्थन करने वहां पहुंचे और प्रदर्शन में शामिल हुए में। भारी संख्या में नारे लगाए अब तो यह स्पष्ट है और केजरीवाल भ्रष्ट है के नारे चारों ओर गूंज रहे थे। गौरतलब है यह मार्केट इस क्षेत्र की सभी बुनियादी जरूरत को पूरा करती है यहां दूध ब्रेड से लेकर जूस फल इत्यादि और बाकी बाकी सभी जरूरी सुविधाओं को पूरा करती है।

भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सिंह गर्जना कर अरविंद केजरीवाल को आड़े हाथों लिया और कहा अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली सरकार के बाद अब दिल्ली नगर निगम को भी लूट का अडड्ा बना दिया है। हम केजरीवाल को किसी भी तरह की मनमानी नहीं करने देंगे और इसी तरह दिल्ली की जनता के हितों की लड़ाई लड़ते रहेंगे। अरविंद केजरीवाल की द्वारा शासित दिल्ली नगर निगम ने यह पार्किंग अवैध रूप से खुलवाई है।

**सार संक्षेप**

### डोनर्स क्लब करेगा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**नई दिल्ली।** डोनर्स क्लब ऑफ इंडिया और इंडियन प्राइम वीडियो के सहयोग से प्रभात प्रोडक्शंस द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में ए टिकट टू बॉलीवुड नामक एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन छह जनवरी को नई दिल्ली के पश्चिम विहार स्थित मैपल गोल्ड हॉल, रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित होने जा रहा है। इस दौरान कुछ समाजसेवियों, पत्रकारों, कलाकारों व सरकारी अधिकारियों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड 2024 से नवाजा जाएगा। इस मौके पर सुरीले नगमों बेहतरीन नृत्यांगनाओं व खूबसूरत मॉडलों की परफॉर्मेंस होगी। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक प्रभात कुमार मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम में सांसद मनोज तिवारी, जग्गू की लालटेन फिल्म के अभिनेता व निर्माता डॉ.नीरज कुमार गुप्ता, निगम पार्षद प्रीति गुप्ता, संदीप मारवाह अध्यक्ष एएएफटी, फिल्म निर्देशक हर्ष आनंद, सुपरिटेंडिंग इंजीनियर राजेश मिश्रा, वेद चानना प्रबंध निदेशक टी.सीरीज, पवन गुप्ता चेयरमैन पीपी ज्वैलर्स, घनश्याम गुप्ता झावेरी राष्ट्रीय अध्यक्ष खाटू श्याम दिल्ली धाम आदि को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। लेखक, निर्माता, निर्देशक व अभिनेता प्रभात कुमार मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम में अच्छा परफॉर्म करने वाले कलाकारों को अपने बैनर तले बनने वाली आगामी बॉलीवुड फिल्म में मौका दिया जा सकता है।

### प्रेम मानने का सौदा है न की मनवाने का : निरंकारी सतगुरु

**नई दिल्ली।** प्रेम मानने का विषय है मनवाने का नहीं, जब हमें यह अहसास हो जाता है तो हम हर प्रकार के बंधनों से मुक्त होकर भक्ति मार्ग पर अग्रसर हो पाते हैं यह उद्गार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा नववर्ष के अवसर पर बुराड़ी के ग्राउंड नम्बर आठ में आयोजित विशेष सत्संग समारोह में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। वर्ष 2024 के शुभारम्भ पर आयोजित इस सत्संग का लाभ प्राप्त करने हेतु दिल्ली एवं एनसीआर सहित अन्य स्थानों से भी हजारों की संख्या में भक्तगण सम्मिलित हुए और सतगुरु के दिव्य दर्शन एवं पावन प्रवचनों से स्वयं को अभिभूत किया। इस अवसर पर निरंकारी राजपिता रमित जी ने साध संगत को सम्बोधित करते हुए फरमाया कि निरंकार पर हमारी आस्था और श्रद्धा हमारे निजी आध्यात्मिक अनुभव पर आधारित होनी चाहिए, न कि मात्र किसी अन्य के कहने से प्रेरित होकर।

### नए साल में ज्यादा से ज्यादा ध्यान-अभ्यास करें : संत राजिन्दर

**नई दिल्ली।** सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने नववर्ष 2024 के आगमन पर शिकागो, अमेरिका से यू-ट्यूब पर लाइव टेलीकास्ट के जरिए आशा, शांति और ध्यान-अभ्यास का विश्व-कल्याणकारी संदेश दिया। संपूर्ण मानव जाति को नववर्ष 2024 के आगमन की शुभकामनाएं देते हुए संत राजिन्दर सिंह महाराज ने अपने नववर्ष के आध्यात्मिक स्लोगन 2024 में ज्यादा से ज्यादा ध्यान-अभ्यास करें के स्लोगन पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में ध्यान-अभ्यास को प्राथमिकता देनी चाहिए।

**नाम परिवर्तन/सूचनार्थ**

मैं, नीरजा शर्मा, पत्नी श्री आशुतोष शर्मा निवासी बी-24 दयानंद कालोनी, लाजपत नगर 4, नई दिल्ली 110024। घोषणा करती हूं कि मेरा नाम सभी सरकारी दस्तावेजों में नीरजा सुपुत्री श्री एएन शर्मा लिखा है। मैने शादी के बाद अपना नाम नीरजा शर्मा पत्नी आशुतोष शर्मा रख लिया है, सूचनार्थ है कि मुझे अब नीरजा शर्मा के नाम से सभी कार्य विधि में जाना जाए।

## दक्षिण भारत के 84 सीटों पर भाजपा का फोकस

**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तर भारत में भारी जनाधार हासिल करने के बाद भाजपा की नजर अब दक्षिण भारत पर है, जहां अभी उसकी नाममात्र की मौजूदगी है। दक्षिण के पांच राज्यों में लोकसभा की 131 सीटें हैं, इनमें से भाजपा ने 84 सीटों पर अपना फोकस किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद भाजपा के दक्षिण मिशन की अगुवाई कर रहे हैं। इसीलिए उन्होंने साल की शुरुआत ही दक्षिण से की है। मालूम हों कि 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपना पूरा फोकस उत्तर भारत पर किया था और बडी जीत हासिल की थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने उत्तर के साथ ही दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य में भी जबर्दस्त सफलता हासिल की। तेलंगाना से भी उसके 4 सांसद लोकसभा में पहुंचे। इसके अलावा पूर्वोत्तर के राज्यों में भी पार्टी को जीत मिली। अब जबकि उत्तरभारत में और विस्तार की गुंजाइश नहीं है तो पार्टी ने दक्षिण का रुख कर लिया है। पार्टी को उम्मीद है कि दक्षिण में उसका विस्तार हो सकता है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी के अलावा गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, निर्मला सीतारमन, स्मृति ईरानी, पीयूष गोयल, प्रह्लाद जोशी जैसे केंद्रीय मंत्री लगातार दक्षिण का दौरा कर रहे है। मोदी सरकार विभिन्न सरकारी परियोजनाओं व आधारभूत ढांचे के विकास के जरिए भी दक्षिण में घुसने का रास्ता बनाने की कोशिश कर रही है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने संभांली कमान

साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी दक्षिण को जोड़ने की तैयारी है। नई संसद में सेंगोल दक्षिण भारत से लाकर रखा गया है। अभी हाल ही में काशी तमिल संगमम और सौराष्ट तमिल संगमम का आयोजन किया गया।

### अब वफादारी की जांच होने के बाद ही नेता किया जाएंगे भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** लोस चुनाव की रणनीति को लेकर मंगलवार को भाजपा की उच्च स्तरीय बैठक हुई। इसी दौरान दलबदल कर भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं की वफादारी जांचने के लिए एक स्क्रीनिंग समिति गठित करने का फैसला लिया गया। मालूम हो कि चुनावी बेला में दलबदल तेज हो जाता है। लेकिन भाजपा ने अब आयाराम गयाराम टाइप के नेताओं की भीड जुटाने के बजाय वफादार नेताओ को तरजीह देने का मन बनाया है। स्क्रीनिंग समिति ऐसे नेताओ की वफादारी जानने के लिए उनसे कई सवाल करेगी। जिसमें यह भी पूछा जाएगा कि अगर उन्हें टिकट नहीं मिला क्या तब भी वे पूरी निष्ठा के साथ पार्टी उम्मीदवार के लिए काम करेंगे।

## शराब का अधिक सेवन दिल के लिए घातक : डॉ.कालरा



**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। हृदय रोग वैश्विक स्तर पर गंभीर स्वास्थ्य समस्या रही है, लगभग सभी उम्र के लोगों में इसका जोखिम देखा जा रहा है। वैश्विक हेल्थ रिपोर्ट्स पर नजर डालें तो पता चलता है कि पिछले दो-तीन दशकों में हृदय से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ा है। कीर्ति नगर स्थित कालरा अस्पताल के निदेशक एवं दिल मशहूर डॉक्टर : आरएन कालरा के अनुसार एक-दशक पहले तक हृदय रोगों को उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्याओं के तौर पर देखा जाता रहा था, हालांकि अब कम उम्र के लोगों- बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में इसका खतरा देखा जा रहा है। इतना ही नहीं साल-दर साल यह जानलेवा रोग नई-नई चुनौतियां भी बढ़ाते जा रहा है। डॉ. आर एन कालरा कहा कि अब हम 2023 के समापन की तरफ बढ़ रहे हैं, ऐसे में जरूरी है कि इस साल हृदय रोगों और इसके कारण हुई समस्याओं पर एक नजर डाला जाए, जिससे सीख लेते हुए अगले साल और आने वाले वर्षों में हृदय को कैसे स्वस्थ रखा जा सकता है, इस पर गंभीरता से ध्यान दिया जा सके। उन्होंने बताया कि जश्न में अक्सर लोग असिमित मात्रा में शराब का सेवन कर लेते हैं। जो कि दिल के लिए अत्यंत घातक है ऐसे में हृदयाघात की आशंका बढ़ जाती है।

## महामारी की तरह फैलती जा रही डायबिटीज : डॉ. प्रेम अग्रवाल



**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। हर साल की तरह इस बार भी इस बार भी नए वर्ष के उपलक्ष्य पर पर मेत्रेय मेडिकल मिशन और संजीवन अस्पताल के सौजन्य से एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मैत्रेय मेडिकल मिशन के रजिस्टर्ड ऑफिस दिल्ली गेट में किया गया। इस अवसर पर संजीवन अस्पताल के प्रमुख डॉ. प्रेम अग्रवाल ने कहा कि डायबिटीज एक महामारी की तरह फैलती जा रही है। उन्होंने कहा कि डायबिटीज ही सारी बिमारियों की जड़ है। इस अवसर पर मैत्रेय मेडिकल मिशन के सचिव अमृत चावला ने कहा कि वे मिशन के सोजंय से हर शिविर का आयोजन करते हैं। दवाइयां वितरित करते हैं। मरीजों को भोजन भी कराते हैं। इस अवसर पर दिल्ली के डिप्टी मेयर आले इकबाल ने कहा कि मौजूदा समय में देश में डायबीडीज गंभीर बीमारी बनती जा रही हैं। मटियामहल व यहां के सभी लोगो से उन्होंने अपील की अपना स्वास्थ्य चेकअप जरुर कराएं। शिविर में 300 से अधिक लोगों की निशुल्क ईसीजी, टीएमटी, बीपी व डायबीटीज की जांच की गई है।

## उपराज्यपाल सक्सेना ने ग्रामीणों के साथ किया संवाद

### 180 गांव से 500 से अधिक प्रतिनिधियों ने रखा अपना पक्ष, एलजी ने दिया गांव के विकास का आश्वासन

**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मंगलवार को राजनिवास में संवाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से बातचीत की। 180 गांवों से आए करीब 500 प्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान एलजी ने उनसे गांवों के विकास की योजना के लिए राय व विचार जाने। इस दौरान ग्रामीणों के साथ सांसद मीनाक्षी लेखी, डॉ. हर्षवर्धन, मनोज तिवारी और रमेश बिधूड़ी भी साथ रहे।

उन्होंने इस पहल को दिल्ली के विकास के लिए मील का पत्थर बताया और कहा कि यह पूरे देश के सामने विकास के एक बेहतरीन मॉडल के रूप में उभर कर सामने आएगा। बैठक के दौरान एलजी ने कहा कि कुतुबगढ़, जौंटी, दौराला, रावता और निजामपुर पांच गांव को गोद ले चुके हैं। इनका विकास किया गया। इसके अलावा डीडीए को हाल ही में ट्रांसफर किए गए 800 करोड़ रुपए की मदद से दिल्ली के सभी गांवों का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम विकास फंड के 480 करोड़ रुपये अलग से हैं, जिसको 180 गांवों में विकास कार्यों के लिए पहले ही मंजूर कर दिया गया है। एलजी ने ग्रामीणों से अपने-अपने गांवों की समस्याओं और उनके अस्थायी समाधान की पहचान करने की अपील की, जिससे सभी गांवों के लिए कार्य योजना को अंतिम रूप देते समय इन्हें शामिल किया जा सके।




### सरकारी योजनाओं का उठाएं लाभ

एलजी ने युवाओं और महिलाओं से अपनी छोटी विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इससे ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि खेल को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सेना और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के कोच/प्रशिक्षक जल्द ही स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए उपलब्ध होंगे, जिन्होंने हाल ही में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में कई पदक जीतकर अपनी उच्च क्षमता का प्रदर्शन किया है।

## नोटिस दिए बिना नहीं किया जा सकता निलंबित : राजा इकबाल सिंह

**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह सहित भाजपा के निलंबित पार्षद योगेश वर्मा, गजेन्द्र सिंह व रवि नेगी ने अपने निलंबन नोटिस के खिलाफ मेयर को उनके कार्यालय में लिखित जवाब सौंपा। राजा इकबाल सिंह ने बताया कि दिल्ली नगर निगम के सदन में विपक्ष के सवालों से घबराकर आम आदमी पार्टी की मेयर ने बिना पूरी जानकारी के आनन-फानन में निलंबन का आदेश जारी कर दिया। उन्होंने बताया कि निलंबन नोटिस में जिस दिल्ली नगर निगम अधिनियम की धारा 79 (2) का हवाला दिया है उसके अनुसार मेयर को किसी भी पार्षद को निलंबित करने का अधिकार नहीं है। अत: यह निलंबन नोटिस पूरी तरह गैर कानूनी है। धारा 79 (2) के अंतर्गत पहले नोटिस, फिर 15 दिन का नोटिस दिया जाता है और फिर भी यदि निलंबित करना पड़े तो धारा 79 (3) के तहत किसी भी पार्षद को निलंबित करने के लिए उसे 15 दिन का नोटिस देना आवश्यक है। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार भी 15 दिनों का नोटिस दिए बिना किसी भी पार्षद को निलंबित नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि नेता विपक्ष व भाजपा पार्षदों को निगम सदन से निलंबित करने के दौरान इस तरह की किसी भी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी की मेयर को निगम सदन की कार्रवाई की जानकारी नहीं है जिसके कारण हर बार उन्हें हँसी का पात्र बनना पड़ता है। राजा इकबाल सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के पार्षद दिल्ली के नागरिकों व कर्मचारियों के हितों और दिल्ली में हुए दवाएं घोटाले को लेकर आम आदमी पार्टी से सवाल पूछ रहे थे जिससे घबराकर आम आदमी पार्टी की मेयर ने आनन-फानन में निलंबन का फैसला सुना दिया।



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

**टेंडर नोटिस सं. 80/2023-2024** **दिनांक 02.01.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 03232500B | फ्लेक्सिबल पी वी सी फ्लोरिंग शीट | 3113 MTR | 24.01.24 |
| 02 | 09232541A | क्रॉस बार | 1786 नग | 31.01.24 |
| 03 | 09242195 | क्लेविस | 256 नग | 13.02.24 |

**निविदा शर्तें**-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
**09/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम वीरमपुर में उप जिलाधिकारी जेवर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 480/एस0टी0-एस0डीएम0/2023, दिनांक 10.10.2023 से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र के अनुसार निम्न प्रकार मृतक श्री पूरन लाल उर्फ पूरन सिंह पुत्र जीवन लाल उर्फ सूक्खी नि0 ग्राम नगला हाण्डा, परगना जेवर, तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 30.07.2015 के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम स0 | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वीरमपुर | 312ब, 314 | श्री पूरन लाल उर्फ पूरन सिंह पुत्र जीवन लाल उर्फ सूक्खी नि0 ग्राम नगला हाण्डा, परगना जेवर तहसील जनपद गौतमबुद्धनगर | ओमवती | पुत्री | 58 वर्ष | विवाहित |
| | | | | राधा | पुत्री | 48 वर्ष | विवाहित |
| | | | | राजेन्द्र सिंह | भतीजा | 60 वर्ष | विवाहित |
| | | | | तेजपाल | भतीजा | 46 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में लिखित रूप से दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ हेतु दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

## राष्ट्रव्यापी मुहिम चलाएगा अंबेडकरवादी प्रगतिशील समुदाय : जाटव



**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। समता सैनिक दल के शताब्दी वर्ष 2024 में देश का अंबेडकरवादी प्रगतिशील समुदाय राष्ट्रव्यापी मुहिम चलाएगा। शताब्दी समारोह अभियान समिति के सदस्य सचिव वीरेंद्र कुमार जाटव ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में कहा कि बहुजन महानायिका सावित्रीबाई फुले के जन्म दिवस तीन जनवरी 2024 से कार्यक्रम शुरू होगा और 24 सितंबर 2024 को समापन किया जाएग। जाटव ने बताया कि डॉ.भीमराव अंबेडकर के द्वारा सन 1924 में सैनिक प्रणाली पर आधारित समता सैनिक दल की स्थापना की गई थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 समता सैनिक दल का शताब्दी स्थापना वर्ष है अत: देश के अंबेडकरवादियों के द्वारा मनाए जाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते समता सैनिक दल शताब्दी समारोह अभियान समिति का गठन किया गया है।

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 681, 6th Floor, Tower-J Area-84.55 Sqm. "GC-05/5th Avenue" Gaur City-1, Sector-4, Greater Noida जो कि Mrs Asha Pathania निवासी-B-930, Avantika, Sector-01, Rohini Delhi के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-10.08.2016 को पंजीकृत है। Mrs Asha Pathania की मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र Mr. Vishal Pathania ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण प्रस्तुत प्रपत्रों के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mr. Vishal Pathania S/o Sh. Mahinder Singh Pathania का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्लॉट न0-01,सैक्टर-के0पी0-4,ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Border Roads Co-Operative Housing Sociery, के माध्यम से आवंटित भवन/भूखण्ड संख्या-A-1/150, Himsagar Appartment, Plot No.-11, Pocket-P4, Builders Area, Greater Noida, G.B.Nagar (U.P), क्षेत्रफल 192.11 वर्ग मीटर, Mr. P.K. Dhar S/o Mr. N.N. Dhar के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Mr. R.K. Dhar S/o Mr. N.N. Dhar की मृत्यु दिनांक-04-03-2016 को हो जाने के उपरान्त उनकी पुत्री एवं दमाद (Mrs. Sapna Ambardar D/o Mr. R.K. Dhar & Mr. Susheel Ambardar S/o Late Mr. Onkar Nath Ambardar) ने उक्त भवन को ने वसीयत के आधार पर अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपित्त प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आवंटी Mr. R.K. Dhar S/o Mr. N.N. Dhar के स्थान पर पूर्ण रूप से उनकी पुत्री एवं दमाद (Mrs. Sapna Ambardar D/o Mr. R.K. Dhar & Mr. Susheel Ambardar S/o Late Mr. Onkar Nath Ambardar के नाम पर दर्ज दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "इस हड़ताल ने दो दिन में ही आम आदमी के घर का बजट बिगाड़ दिया है। पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं है, लोगों को एलपीजी गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है। 2 दिन की हड़ताल में ही रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाली वस्तुओं की कीमतें बढ़ने लग गई हैं:-

**पंडित रवि शर्मा, ब्राह्मण रक्षा दल के मुख्य संरक्षक व प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी**

## फोनरवा चुनावों में 42 प्रत्याशियों के बीच होगा मुकाबला

**नोएडा,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन यानी फोनरवा चुनाव 2024 के लिए मतदान 7 जनवरी को होगा। निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी सूचना के अनुसार, चुनावी रण से 17 लोगों ने अपना नाम वापस ले लिया है। चुनाव में दो पैनेल योगेंद्र शर्मा-केके जैन और राजीव गर्ग-सुखदेव शर्मा की ओर से कुल 42 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। बता दें कि सेक्टर-61 आरडब्ल्यूए के महासचिव राजीव चौधरी निर्दलीय महासचिव पद पर अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया है, उनमें उपाध्यक्ष पद के लिए दीपक शर्मा, सोमेन्द्र कुमार, रामपाल भाटी, प्रदीप मिश्रा, बलराज गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए श्याम सिंह, सचिव पद के लिए विक्रांत बैसोया, जंगवीर सिंह, नन्द किशोर सोलंकी, पवन गोयल, प्रमोद गुप्ता, सह-सचिव पद के लिए दिलीप मिश्रा, ब्रहमपाल चौधरी, कुलदीप सिंह, अंजना भागी, कोषाध्यक्ष पद के लिए रामेश्वर शर्मा, सह कोषाध्यक्ष पद के लिए सोमपाल सिंह, जितेन्द्र सिंह तथा विधिक सचिव के लिए सुभाष भाटी के नाम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अब प्रत्याशियों की कुल संख्या 42 रह गई है।

■ **7 जनवरी को होगा मतदान, 227 सदस्य करेंगे मतदान, उसी दिन जारी होगा परिणाम**

फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) के 7 जनवरी 2024 को होने वाले चुनाव के लिए मतदाताओं की सूची का प्रकाशन हो चुका है। इसमें शामिल 227 सदस्य फोनरवा के 21 पदों के लिए वोट डालेंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी और जिला समाज कल्याण अधिकारी गौतमबुद्ध नगर, शैलेंद्र बहादुर सिंह की निगरानी में यह चुनाव होगा। फोनरवा के अध्यक्ष, महासचिव, लीगल सचिव, कोषाध्यक्ष और सह-कोषाध्यक्ष के एक-एक पद और वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव के 4-4 पदों के लिए चुनाव होंगे।

### योगेंद्र शर्मा पैनल से ये हैं प्रत्याशी

**अध्यक्ष** - योगेंद्र शर्मा
**महासचिव** - केके जैन
**कोषाध्यक्ष**- पवन यादव
**वरिष्ठ उपाध्यक्ष** - अशोक मिश्रा, विजय भाटी, देवेंद्र सिंह चौहान और सुशील यादव
**उपाध्यक्ष** - प्रदीप वोहरा, अशोक शर्मा, लाट साहब लोहिया और संजय चौहान
**लीगल सचिव** - उमा शंकर शर्मा
**सचिव** - विनोद शर्मा, सुखबीर, देवेंद्र सिंह, जीएस सचदेवा
**सह सचिव**- सुशील शर्मा, कोशिंदर यादव, हृदेश कुमार गुप्ता, राजेश सिंह
**सह कोषाध्यक्ष :** भूषण शर्मा

### राजीव गर्ग पैनल से ये हैं प्रत्याशी

**अध्यक्ष** - राजीव गर्ग
**महासचिव** - सुखदेव शर्मा
**ट्रेजर** - ओमवीर बंसल
**वरिष्ठ उपाध्यक्ष** - ओपी यादव, जेपी उप्पल, अनिल कुमार सिंह, विजय कुमार राणा
**उपाध्यक्ष** - रामेश्वर यादव, केएल अवाना, विद्यासागर, पुष्पा शाह
**सेक्रेटरी लीगल** - लक्ष्मी नारायण
**सेक्रेटरी** - अनीता, जगदीश यादव, अनिल कुमार चौहान, सुभाष चौहान
ज्वाइंट सेक्रेटरी- गौरव यादव, नरोत्तम शर्मा, हीरालाल गुप्ता, दिगंबर नौटियाल

## प्रवर्तन टीम को लेकर निरीक्षण करने पहुंची महापौर

**गाजियाबाद,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। महापौर सुनीता दयाल मंगलवार को सेक्टर-12बी ब्लॉक में नगर निगम की प्रवर्तन की टीम लेकर खुद ही पहुंची और निरीक्षण किया। साथ ही प्राचीन शिव मंदिर तोड़ने वाले माफियाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

महापौर ने बताया कि पिछले दिनों स्थानीय लोगों की शिकायत मिलने पर वार्ड 55 बी ब्लॉक राधे श्याम हलवाई के सामने विजय नगर में निरीक्षण किया था। जिसमे जानकारी मिली थी कि कुटी पर नगर निगम की 5000 वर्गमीटर भूमि है। जिसपर प्राचीन शिव मंदिर बना हुआ है और एक अवैध डेरी, शेड बनाने हेतु पक्का निर्माण किया जा रहा है व पूरी भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। मौके पर कागजात मांगने पर किसी ने कोई कागजात नही दिखा जबकि सिजरे में भूमि नगर निगम के पार्क की है। एनजीटी के निर्देशो के क्रम में किसी भी पार्क में कोई निर्माण नही किया जा सकता ओर यहां तो पूरे पार्क पर कब्जा किया गया है।

सूचना मिली कि प्राचीन शिव मंदिर को भूमाफियाओं द्वारा ध्वस्त किया जा चुका है। महापौर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए उन भूमाफियाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज के निर्देश दिए और आज नगर निगम की टीम एवं पुलिस व सम्पूर्ण दस्ते के साथ मौके पर पहुँची। जहाँ देखा कि प्राचीन शिव मंदिर पूर्ण रूप से ध्वस्त किया जा चुका है। और पूरे पार्क पर कब्जा करने की साजिश की जा रही है और अवैध निर्माण किया जा रहा है और जिनको स्वम डेरी, शेड एवं पक्का निर्माण हटाने की अपील की थी लेकिन किसी ने नही हटाए। जिसमे महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस भूमि की चार दिवारी कर पार्षद के सहयोग से मंदिर समिति बनाई जाए और भव्य मंदिर का निर्माण किया जाए। उसके अतिरिक्त भूमि पर बारात घर या पार्क पार्क विकसित किया जाए जिससे भूमि कब्जा न की जा सकें। प्रकरण में भूमाफियाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। जिसमें मोहित बैसला, राजेन्द्र चतुर्वेदी, विपिन, मनीष, विजय, चंद्रकला गौतम, बाबू मुन्ना को नामजद किया गया है। इस दौरान पार्षद संतोष राणा, पार्षद पूनम सिंह,पार्षद गोपाल शिशोदिया, सहायक नगर आयुक्त विवेक त्रिपाठी, उद्यान प्रभारी डॉ अनुज सिंह, अधिशासी अभियंता फरीद जैदी, सम्पत्ति अधीक्षक भोलानाथ गौतम, डॉ आशीष त्रिपाठी, देवी सिंह, कर्नल दीपक शरण, आदि उपस्थित रहे।



■ **मंदिर को तोड़ने वाले और सरकारी भूमि कब्जा करने वाले माफियाओं के खिलाफ़ एफआईआर**

**सार** संक्षेप

### रोड क्रास कर रहे बुजुर्ग को बाइक सवार ने मारी टक्कर

**नोएडा।** सेक्टर 77 में रोड क्रास कर रहे एक बुजुर्ग को बाइक सवार युवक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले में सेक्टर 113 थाने में केस दर्ज कराया गया है। सेक्टर 77 के रहने वाले अभिषेक सरीन ने पुलिस को बताया कि उनके पिता दीपक सरीन 67 वर्ष एक जनवरी को रात नौ बजे सोसाइटी के पास की रोड को क्रास कर रहे थे। इस दौरान पीछे से तेज रफ्तार में लापरवाही से बाइक चलाते हुए आ रहे सुदर्शन नाम के युवक ने टक्कर मार दी। हादसे में उनके पिता का एक पैर टूट गया है, जिसकी हड्डी बाहर आ गई है। गंभीर हालत में उनके पिता का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

### फायरिंग करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** कार में टक्कर मारने के बाद एक व्यक्ति पर फायरिंग करने वाले तीन आरोपियों को सेक्टर-113 पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। मामले में वांछित एक अन्य आरोपी अभी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि बरौला गांव में रहने वाले भागेंद्र का पड़ोसी सचिन और उसके परिवार से लंबे समय से किसी बात को लेकर झगड़ा चल रहा है। रविवार रात को सचिन और उसके साथियों ने भागेंद्र के भांजे विक्की के साथ मारपीट की। भागेंद्र ने इसकी शिकायत थाना सेक्टर-49 पुलिस से की। इससे गुस्साए सचिन ने साथी प्रिंस, सिद्धू उर्फ सिद्धार्थ और एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर विक्की की कार को हनुमान मंदिर के पास ओवरटेक कर रुकवा लिया। विक्की के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने विक्की की कार पर दिनदहाड़े फायरिंग शुरू कर दी। किसी तरह विक्की ने भागकर जान बचाई। भागेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने इस मामले में प्रिंस, सचिन, सिद्धू उर्फ सिद्धार्थ को गिरफ्तार किया। दोनों पक्षों में पूर्व में मारपीट और कहासुनी हो चुकी है।

### हिट एंड रन कानून को लेकर बस ट्रक यूनियन के साथ बैठक

**नोएडा।** नए सड़क दुर्घटना कानून के विरोध में चल रही हड़ताल को देखते हुए मंगलवार को संभागीय परिवहन अधिकारी ने नोएडा के बस, ट्रक और आपरेटरर्स व यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें उनको बताया गया कि अब तक हिट एंड रन कानून के प्रावधानों को लागू नहीं किया गया है। उक्त कानून लागू होने के बाद ही इसका स्वरूप परिभाषित किया जा सकेगा। इसकी पूर्ण जानकारी मिल सकेगी। इस दौरान अधिकारियों ने यूनियन के पदाधिकारियों से सामान्य दिनों की तरह ही निर्बाध रूप से संचालन कराए जाने के लिए कहा। ऐसे में यूनियन लीडरों ने परिवहन अधिकारी को आश्वस्त किया वह सामान्य रूप से अपने वाहनों का संचालन करेंगे।

## डॉक्टर प्रतिभा को मिला लीजेंड ऑफ होम्योपैथी यूथ आइकन पुरस्कार

**नोएडा,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। होम्योपैथिक क्रांति 2023 का आयोजन आज प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हुआ। जिसमें प्रदेश व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अपनी सेवाएं देने वाले युवा एवं सफल होम्योपैथिक चिकित्सकों को देश के नामचीन व्यक्तियों के द्वारा यूथ आइकॉन एवं लेजेंड ऑफ यूथ आइकॉन से सम्मानित किया गया। इस मौके पर नोएडा के युवा होम्योपैथी चिकित्सक डॉक्टर प्रतीक्षा को लेजेंड आफ यूथ आइकॉन से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अश्वनी कुमार चौबे राज्य मंत्री उपभोक्ता मामले और खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण भारत सरकार, डाक्टर दिनेश शर्मा सदस्य राज्य सभा, ब्रजेश पाठक उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश व कपिल देव पूर्व कप्तान भारतीय क्रिकेट टीम के अलावा अन्य लोगों ने चिकित्सकों को सम्मानित किया। साथ ही इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए होम्योपैथी की उपयोगिता पर चर्चा की गई। नोएडा में कार्यरत डॉक्टर प्रतीक्षा को जर्मनी से आए विशेष अतिथि डॉक्टर सर्गेई वोरियानोव द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर लेजेंड ऑफ होम्योपैथी यूथ आइकन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

■ **लखनऊ में आयोजित किया गया था कार्यक्रम, नोएडा में दे रही अपनी सेवाएं**

## नगर आयुक्त ने किया उत्तरांचल भवन का औचक निरीक्षण,कार्य में तेजी लाने के निर्देश



■ **भगवान बद्रीनाथ धाम जैसा दिख रहा है उत्तरांचल भवन**

**गाजियाबाद,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने आज नंदग्राम रोड पर स्थित उत्तरांचल भवन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी उपस्थित रहे। लगभग 2 करोड़ 62 लाख की लागत से बन रहे उत्तरांचल भवन का कार्य चल रहा है। गाजियाबाद नगर निगम के निर्माण विभाग द्वारा तेजी से कार्य करते हुए सभी कैमरे, बरामदा व अन्य होल बना दिए गए हैं फिनिशिंग का कार्य भी तेजी से चल रहा है। लाइटिंग व अन्य कार्य भी फिनिशिंग पर ही है। नगर आयुक्त ने नगर आयुक्त ने सभी कमरों में लिविंग एरिया में बालकनी में तथा आंगन में जाकर चल रहे कार्यों को देखा। गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए निर्माण विभाग को दिए। भगवान श्री बद्रीनाथ धाम की तर्ज पर उत्तरांचल भवन बनाया गया है। 1500 स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल का उत्तरांचल भवन शहर वासियों के लिए लाभदायक रहेगा। नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को कार्य की रफ्तार बढ़ाने के लिए कहा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक आने वाले माह में शहर को नव वर्ष के उपहार देने की प्लानिंग के क्रम में कार्य कर रहे हैं। इसी प्रकार से अन्य प्रोजेक्ट भी महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में रफ्तार पकड़े हुए हैं।

### दुकानों के किराए को लेकर व्यापारियों तथा नगर आयुक्त के बीच वार्ता

**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय में शहर के बड़े व्यापारियों द्वारा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक से दुकानों के किराए को लेकर मुलाकात की गई, व्यापारियों द्वारा निगम की दुकानों के बढ़ाये जाने वाले किराए को लेकर विशेष चर्चा की गई। नगर आयुक्त ने कहा कि बाजार दर के आधार पर दुकानों का किराया तय होगा।

नगर आयुक्त ने व्यापारियों को बताया कि समिति द्वारा निगम की दुकानों का किराया बढ़ाने का विचार किया है जिसमें व्यापारी वर्ग को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसका पूरा ध्यान रखा गया है। बाजार दर के आधार पर दुकानों का किराया बढ़ाने की कार्यवाही चल रही है। समिति ने महापौर की अध्यक्षता में कई बिंदुओं पर चर्चा की जिसमें कवि नगर सी ब्लॉक, गोल मार्केट, राजनगर मार्केट, मोहन नगर, लाजपत नगर, साहिबाबाद रेलवे स्टेशन, रामानुज दयाल मार्केट, अर्थला, विजयनगर डी ब्लॉक मार्केट, व अन्य निगम की दुकानो का किराया बाजार की दर पर बढ़ाने का विचार किया गया है लोकेलिटी, दुकानदार की आय को भी ध्यान में रखा गया है, जिस पर आए हुए व्यापारियों ने अपनी सहमति भी दिखाई। सदन के आदेश पर समिति वर्तमान में केवल 2 साल का ही किराया वसूलने के लिए विचार कर रही है जिस पर शहर के व्यापारियों ने संतुष्टि दिखाई, यदि किसी दुकानदार को निगम की दुकान से तथा बड़े हुए किराए से आपत्ती आती है तो दुकान को नीलामी की तरफ ले जाने का निर्णय भी लिए जाने हेतु विचार चल रहा है, शहर हित में व्यापारियों ने भी अपना कदम आगे बढ़ते हुए नगर आयुक्त से पॉजिटिव बात को रखा, व्यापारियों तथा निगम दोनो का हित ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया जाएगा। इस मौके पर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष राजू छाबड़ा, गौरव गर्ग सराफा एसोसिएशन, अनिल सांवरिया व्यापारी नेता, संजीव लाहोरिया गोल मार्केट अध्यक्ष व अन्य व्यापारी वर्ग उपस्थित रहे।



**बाजार दर के आधार पर तय होगा दुकानों का किराया : नगर आयुक्त**

## ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल का असर आम जनता पर दिखने लगा है : पंडित रवि शर्मा



**नोएडा,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। देशभर के ट्रक ड्राइवर हिट एंड रन मामले में केंद्र सरकार के नए कानून के प्रावधानों को लेकर सोमवार से हड़ताल पर हैं। इसकी वजह से विभिन्न राज्यों में पेट्रोल-डीजल, फल-सब्जी जैसी बेहद जरूरी चीजें नहीं पहुंच रही हैं, जिसके चलते इन सभी के दाम बढ़ गए हैं। इस मामले को लेकर नोएडा सेक्टर 22 आरडबल्यूए संरक्षक, ब्राह्मण रक्षा दल के मुख्य संरक्षक व समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव पंडित रवि शर्मा ने सरकार से जल्द से जल्द ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल को खत्म कराने की अपील की है। उनका कहना है कि इस हड़ताल ने दो दिन में ही आम आदमी के घर का बजट बिगाड़ दिया है। पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं है, लोगों को एलपीजी गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है। 2 दिन की हड़ताल में ही रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाली वस्तुओं की कीमतें बढ़ने लग गई हैं। यदि सरकार ने तुरंत हड़ताल खत्म नहीं कराई तो आम जनता के ऊपर बहुत बड़ी महंगाई की मार पड़ेगी जिससे उसके घर का बजट बुरी तरह चौपट हो जाएगा। पेट्रोल-डीजल पंप पर लोगों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। फल, सब्जी, दूध, कृषि के सामानों की सप्लाई प्रभावित हो रही है। श्री शर्मा ने कहा या तो सरकार हड़ताल खत्म कराए अथवा रोजमर्रा की खाद्य वस्तुओं की सप्लाई करने का जिम्मा स्वयं उठाए।

■ **ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल से शुरू हो गई मुनाफाखोरी और कालाबाजारी : पंडित रवि शर्मा**

## स्क्रैप माफिया रवि काना समेत 16 पर गैंगस्टर

**नोएडा,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में आपराधिक वारदातों को अंजाम देकर जनता में भय पैदा करने वाले स्क्रैप माफिया रवि नागर उर्फ रवि काना समेत उसके गैंग के 16 सदस्यों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। नया साल शुरू होते ही नोएडा कमिश्नरेट पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई को बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। रवि की पत्नी मधु पर भी यह कार्रवाई की गई है। बता दे रवि गैंग रेप का आरोपी भी है। इसके तीन साथियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम दबिश दे रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रवि नागर उर्फ रवि काना ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक गैंग बना लिया और अपने अनुचित भौतिक व आर्थिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सरिया व स्क्रैप के कारोबार में लंबे समय से सक्रिय है। उक्त गैंग के सदस्यों द्वारा विभिन्न निर्माणाधीन साइटों पर जाने वाले सरिये के ट्रकों को रोककर चालक से मिलीभगत करके सरिया उतरवा लेते हैं।

रवि काना साइटों के मैनेजर को डरा धमकाकर स्टाक बुक में पूरा वजन अंकित कराते हैं। इसके बाद उतारे गए सरिया को बाजार भाव से अधिक दामों पर बेचकर अनुचित मुनाफा कमाते हैं। आरोप है कि गैंग लीडर विभिन्न प्रतिष्ठानों से निकलने वाले स्क्रैप का ठेका भी कंपनियों के मालिकों को डरा धमकाकर अपने गैंग के सदस्यों के नाम पर करा लेता है।

■ **दो महिलाएं भी शामिल, गैंगरेप में आरोपी है रवि, जल्द होगी गिरफ्तारी**

### इन पर लगाई गई गैंगस्टर

- >>> रविंद्र सिंह उर्फ रवि काना पुत्र यतेंद्र निवासी दादूपुर, दनकौर, ग्रेटर नोएडा।
- >>> राजकुमार नागर पुत्र बलराज निवासी ग्राम दादूपुर, दनकौर, ग्रेटर नोएडा।
- >>> तरुण छोंकर पुत्र स्व. बिजेंद्र निवासी सरायथला सोहना गुरुग्राम हरियाणा।
- >>> अमन पुत्र राजेश निवासी सी 93 ओमीक्रोन 1 कासना, ग्रेटर नोएडा
- >>> विशाल पुत्र वीरेंद्र निवासी कासना, ग्रेटर नोएडा।
- >>> अवध उर्फ बिहारी उर्फ अमर सिंह निवासी पुत्र राजकुमार निवासी दादूपुर, दनकौर, ग्रेटर नोएडा।
- >>> महकी नागर उर्फ महकार पुत्र जगमाल नागर निवासी दादुपुर, दनकौर, ग्रेटर नोएडा।
- >>> अनिल पुत्र मनसा राम निवासी दादूपुर, दनकौर, ग्रेटर नोएडा।
- >>> विक्की पुत्र नानक चंद निवासी सलारपुर जारचा, ग्रेटर नोएडा।
- >>> अफसार पुत्र मकसूद निवासी लोहला अगौता, बुलंदशहर।
- >>> राशिद अली पुत्र शकील निवासी कपूरपुर, धौलाना, हापुड़।
- >>> आजाद नागर पुत्र धर्मवीर निवासी दादूपुर, दनकौर, ग्रेटर नोएडा।
- >>> प्रहलाद पुत्र अंतराम बड़ा गांव कमतरी, आगरा।
- >>> विकास नागर पुत्र सतपाल नागर निवासी दादूपुर, दनकौर, ग्रेटर नोएडा।
- >>> कुमारी काजल झा पुत्री सुनील कुमार निवासी न्यू फ्रेंडस कालोनी, नई दिल्ली।
- >>> मुध पत्नी रवि नागर निवासी दादूपुर, दनकौर, ग्रेटर नोएडा।

## किसानों ने किया शक्ति प्रदर्शन, नहीं की तालाबंदी, पुलिस प्रशासन ने दिया आश्वासन

**नोएडा,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण पर किसानों ने शक्ति प्रदर्शन किया। लेकिन पुलिस प्रशासन के साथ की गई बातचीत के बाद किसानों ने तालाबंदी नहीं की। हालांकि तालाबंदी के एक दिन पहले ही प्राधिकरण के सक्षम अधिकारियों के साथ बैठक की गई थी। जिसमें किसान नहीं माने थे। भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने बताया कि एक दिन पहले की गई वार्ता और आज की वार्ता में अंतर था। हमें निश्चित दिन चाहिए था जिस दिन आईडीसी से हमारी बैठक हो सके।

■ **10 जनवरी से पहले आईडीसी के साथ होगी बैठक**

■ **आबादी से हट जाएगा अतिक्रमण शब्द**

आज की वार्ता में पुलिस अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि पांच तारीख के बाद आईडीसी के साथ बैठक होगी। जिसके बाद हमने 10 जनवरी तक का समय दिया है। आईडीसी भी यदि आश्वासन देंगे तो उन्हे भी दो से तीन दिन का समय आला अधिकारियों से बातचीत का दिया जाएगा। यदि फिर भी कुछ नहीं होगा तक बड़े स्तर पर तालाबंदी की जाएगी। बता दे मंगलवार को 105 गांव के किसानों ने नोएडा प्राधिकरण का घेराव किया और पंचायत की। यहां प्राधिकरण की तालाबंदी की जानी थी।



नोएडा प्राधिकरण पर किसानों ने हवन पूजन शुरू किया। धीरे-धीरे करीब 105 गांव के किसान पहुंच गए। किसानों ने तालाबंदी नहीं की। पुलिस प्रशासन के साथ हुई बैठक में पुलिस प्रशासन ने अश्वासन दिया। पहले किसानों ने पौने तीन बजे का समय दिया। इस दौरान ढाई बजे से किसानों और पुलिस प्रशासन के बीच वार्ता शुरू हुई। इसके बाद तीन बजे का तालाबंदी के लिए कहा गया। करीब आधे घंटे तक वार्ता चली और किसानों ने तालाबंदी का फैसला टाल दिया।

**10 जनवरी को यमुना की बोर्ड बैठक के बाद तय होगी स्थिति**

सुखवीर खलीफा ने कहा कि 10 जनवरी को यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक है। उन्होंने कहा कि ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण में 10 प्रतिशत जमीन का मुद्दा अनुमोदित हो चुका है। ग्रेनो में भी स्थित साफ है यमुना में 10 जनवरी को जाएगी। इसके बाद पूरे जनपद एक साथ मिलकर आगे बढ़ेगा। यदि शासन स्तर से मनाही होती है तो जमकर प्रदर्शन किया जाएगा। इसी क्रम में 22 जनवरी से ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण की घेराबंदी और तालाबंदी की जाएगी।

**आबादी से अतिक्रमण शब्द हटाने का आश्वासन**

बातचीत में पुलिस प्रशासन ने किसानों से कहा कि आबादी निस्तारण व मूल 5% प्लॉट की समस्या का समाधान करने के लिए हम अपनी नियमावली अतिक्रमण शब्द को भी 10 जनवरी तक हटा देगें। इस पर खलीफा ने सर्व सम्मति से आह्वान किया कि 10 तारीख के अंदर आप यह समाधान कराए । अन्यथा एक बार फिर शक्ति प्रदर्शन करते हुए तालाबंदी की जाएगी।

**किसानों की इन मांगों पर मिला आश्वासन**

- >> 10 प्रतिशत भूखंड या उसके समतुल्य धनराशि दी जाए
- >> आबादी विनियमितीकरण के तहत प्रति बालिग सदस्य 450 से बढ़ाकर एक हजार मीटर जमीन छोड़ी जाए
- >> पांच प्रतिशत भूखंड में व्यावसायिक गतिविधि चलाने के लिए शुल्क तय नहीं
- >> क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज, स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण

### प्राधिकरण के विरोध में 10 फीसदी की मांग को लेकर पहली बार 2019-20 में किसानों ने खोला मोर्चा

किसानों ने 2019-20 में 5 व 10 फीसदी विकसित भूखंड या इसके समतुल्य धनराशि की मांग को लेकर प्राधिकरण पर धरना दिया। किसानों ने मांग की कि 10 प्रतिशत के अतिरिक्त भूखंड को प्राप्त करने के लिए कोर्ट की बाध्यता को समाप्त किया जाए। इसके अलावा 1997 से 2014 तक के सभी किसानों को 10 फीसदी भूमि या इसके समतुल्य मुआवजा दिया जाए। किसानों ने तर्क दिया कि न्यायालय के आदेश पर आपने जो किसान न्यायालय गए उनको 10 प्रतिशत जमीन दी। लेकिन उसी दौरान हमारी जमीन भी अधिग्रहीत की गई। किसानों ने यह भी कहा जिन किसानों ने न्यायालय से याचिका वापस ली या जो आपके कहने पर न्यायालय नहीं गए उनको भी आपके द्वारा 5 प्रतिशत अतिरिक्त प्लाट दिया गया। इस धरने के बाद पहली बार प्राधिकरण ने बोर्ड में किसानों से संबंधित प्रस्ताव भेजा गया जिसे बोर्ड ने निरस्त कर दिया।

उवाच “

कार्यालय में सभी अधिकारी व कर्मचारीगण समय से उपस्थित होकर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुचाने की कार्यवाही करें एवं आय-जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों के आवेदन पत्रों का निस्तारण निर्धारित समय अवधि में करते हुये आवेदक को ससमय उपलब्ध कराया जाये:- अनूप प्रधान, राज्य मंत्री उ0प्र0

# कैपिटल ज़ोन

## नोएडा एयरपोर्ट के पास विकसित होगा एविएशन और लॉजिस्टिक हब

**■ यमुना प्राधिकरण एयरपोर्ट के पास चार सेक्टरों के लिए करेगा 3778 एकड़ जमीन का अधिग्रहण**

**ग्रेटर नोएडा,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास लॉजिस्टिक पार्क, एविएशन हब विकसित करेगा। इसके लिए चार सेक्टर के लिए 3778 एकड़ जमीन का अधिग्रहण करेगा। इसके लिए सर्वे शुरू हो गया है। सर्वे का काम 15 दिन में पूरा हो जाएगा। इसके बाद जिला प्रशासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने चार सेक्टर की जमीन खरीदने के लिए काम शुरू कर दिया है। चारों सेक्टर नोएडा एयपोर्ट के करीब है। सबसे पहले सेक्टर में आने वाली जमीन का सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी। अफसरों के मुताबिक, 15 दिन में सर्वे पूरा हो जाएगा। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद अधिग्रहण का प्रस्ताव जिला प्रशासन को भेजा जाएगा। प्राधिकरण को सेक्टर-5 के लिए 942 एकड़, सेक्टर-6 के लिए 859 एकड़, सेक्टर-7 के लिए 1167 एकड़ और सेक्टर-8 के लिए 810 एकड़ जमीन की जरूरत होगी। सेक्टर-5 आवासीय होगा। जिसमें प्राधिकरण भूखंड, सोसायटी आदि के लिए भूखंड की योजना लाएगा। सेक्टर-6 औद्योगिक सेक्टर होगा। इसमें एविएशन हब विकसित किया जाएगा। विमानन उत्पाद से जुड़ी औद्योगिक इकाईयों को भूखंड आवंटित किया जाएगा। सेक्टर-7 व 8 मल्टीपल यूज के लिए आरक्षित रहेगा। प्राधिकरण पहली बार मल्टीपल यूज के लिए अलग से सेक्टर विकसित कर रहा है। इसमें कुल भूखंड के 70 प्रतिशत में उद्योग लग सकेंगे। उद्योग में काम करने वाले कामकारों के लिए परिसर के अंदर ही आवास का निर्माण किया जाएगा। मल्टीपल यूज सेक्टर में 10 प्रतिशत में आवासीय, 13 प्रतिशत में व्यावसायिक, पांच प्रतिशत में संस्थागत और तीन प्रतिशत में अन्य गतिविधियां हो सकेंगी।

### अलीगढ़ प्रशासन ने जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव लौटाया

यमुना प्राधिकरण टप्पल में लॉजिस्टिक पार्क विकसित करेगा। जमीन अधिग्रहण के लिए अलीगढ़ जिला प्रशासन को प्रस्ताव भेजा था। अलीगढ़ प्रशासन ने इस प्रस्ताव को वापस कर दिया था। बताया गया कि प्राधिकरण ने जिन खसरा नंबर के साथ प्रस्ताव भेजा था, वह मौके पर मेल नहीं खाए। इसके लिए अलावा एलएफ्डी के लिए यमुना एक्सप्रेसवे के निर्माण के समय जमीन खरीदी गई थी। इस जमीन का अभी अतिरिक्त मुआवजा नहीं दिया गया। यमुना प्राधिकरण ने संशोधन के साथ फिर प्रस्ताव भेजा है।

## प्राधिकरण ने 28 और बिल्डरों को भेजा नोटिस, एसटीपी नहीं तो लगेगा जुर्माना

**■ मानकों के अनुरूप निर्माण व संचालन न होने पर होगी कड़ी कार्रवाई**
**■ अशोधित सीवरेज को नाले में बहाने पर ग्रेनो प्राधिकरण ने की सख्ती**

**ग्रेटर नोएडा,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। सोसाइटी के सीवर को शोधित करने के लिए मानकों के अनरूप एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) का निर्माण व संचालन न करने वाले 28 और बिल्डर सोसाइटियों को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने नोटिस जारी किया है। प्राधिकरण ने एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर लीज डीड की शर्तों के अनुरूप कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इससे पहले प्राधिकरण ने 37 बिल्डर सोसाइटियों के लिए नोटिस जारी किए थे।

ग्रेटर नोएडा की अलग-अलग सोसाइटी के निवासियों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार से शिकायतों की थी कि एसटीपी से शोधित किए बिना ही सीवरेज को नाले में बहाया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सर्वे में भी कई सोसाइटियों में बने एसटीपी मानकों के अनुरूप नहीं मिले। इनमें से कुछ एसटीपी मानकों के अनुरूप के अनुरूप बने नहीं हैं और कुछ का संचालन ठीक से नहीं हो रहा, जिसके चलते ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी के निर्देश पर सीवर विभाग की तरफ से पूर्व में 37 बिल्डरों को नोटिस जारी किया गया था। अब 28 और बिल्डर सोसाइटियों के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस में प्राधिकरण ने एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर लीज डीड की शर्तों के अनुरूप कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि जिन बिल्डरों ने अपने रिहायशी प्रोजेक्ट में एसटीपी नहीं बनाए हैं, वे एसटीपी बनाकर शीघ्र चालू करें। जिन सोसाइटियों में बने हैं वे उनको नियमित रूप से संचालित करें। सीवर को शोधित करना अनिवार्य है। शोधित पानी को उद्यानीकरण में उपयोग करें एनजीटी की तरफ से भी इस बाबत सख्त आदेश दिए गए हैं। ऐसा न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इन सोसाइटियों पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया जाएगा। इसके बावजूद सुधार न हुआ तो एनजीटी के आदेशों के मद्देनजर विधिक कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि ग्रेटर नोएडा में 20 हजार वर्ग मीटर या उससे अधिक एरिया पर बनने वाले सभी प्रोजेक्टों को अपना एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) बनाना और उसे फंक्शनल रखना अनिवार्य है, लेकिन कई सोसाइटियों के निवासी प्राधिकरण से लगातार शिकायत कर रहे थे कि उनके यहां एसटीपी नहीं बने हैं। कुछ सोसाइटियों में एसटीपी बने हैं तो वह फंक्शनल नहीं हैं। अब प्राधिकरण ऐसे बिल्डरों पर कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है।

### इन 28 बिल्डरों को जारी हुआ है नोटिस

1. गौड़ सिटी 4 एवेन्यू सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
2. गौड़ सिटी 5 एवेन्यू सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
3. गौड़ सिटी 6 एवेन्यू सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
4. गौड़ सिटी 7 एवेन्यू सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
5. गोल्फ होम सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
6. पार्क एवेन्यू-1 सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
7. गैलेक्सी नॉर्थ एवेन्यू सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
8. गौड़ सिटी 11 एवेन्यू सेक्टर-16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
9. गौड़ सिटी 12 एवेन्यू सेक्टर-16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
10. गौड़ सिटी 14 एवेन्यू सेक्टर-16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
11. गौड़ सिटी 16 एवेन्यू सेक्टर-16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
12. अजनारा ली गार्डन, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
13. गुलशन बेलेना, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
14. निराला एस्पायर, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
15. पंचशील ग्रींस टू, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
16. कासा ग्रीन, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
17. लासोलरा, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
18. रॉयल कोर्ट, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
19. विक्ट्री वन, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
20. केबीनोज ग्रीन, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
21. रतन पर्ल, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
22. सुपरटेक ईको विलेज टू, सेक्टर-16बी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
23. पंचशील ग्रीन-1, सेक्टर-16बी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
24. अजनारा होम्स, सेक्टर-16बी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
25. राधा स्काई गार्डन, सेक्टर-16बी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
26. सुपरटेक ईको विलेज-3,सेक्टर-16बी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
27. फ्रेंच अपार्टमेंट, सेक्टर-16बी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट
28. गौड़ सौंदर्यम, सेक्टर टेकजोन-4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट

## दादरी क्षेत्र के जारचा में डिग्री कॉलेज बनाने की मांग

**ग्रेटर नोएडा,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। दादरी क्षेत्र के जारचा में डिग्री कालेज की स्थापना कराने की मांग मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से आर्य प्रतिनिधि सभा के जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर आनंद आर्य ने की है। मुख्यमंत्री के नाम पत्र भेजकर डा. आनंद आर्य ने कहा कि गौतमबुद्धनगर जिले के दनकौर-जेवर क्षेत्र में तीन डिग्री कालेज स्थापित हुए है जबकि इसी तर्ज पर दादरी के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र जारचा में भी छात्रहित में एक अदद डिग्री कालेज की स्थापना की शीघ्र दरकार है। गौरतलब है कि यहां से 12वीं कक्षा के बाद दादरी आकर उच्च पढ़ाई करने में छात्र असमर्थ है, विशेषकर छात्राएं ऐसी स्थिति में आगे शिक्षा ग्रहण नहीं कर पा रही है। अत: जनहित में दादरी के जारचा में भी एक अदद डिग्री कालेज स्थापित की जाए ताकि आपकी सरकार का बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का भी नारा सार्थक सिद्ध हो सके।

## गोविंदगढ़ में डॉ. महेश शर्मा व अमित चौधरी का हुआ भव्य स्वागत

**जेवर,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चलाई जा रही सौ दिन की गारंटी यात्रा के अन्तर्गत मंगलवार को क्षेत्र के गोविंदगढ़ में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ महेश शर्मा और जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी रहे। इस यात्रा का उद्देश्य प्रधानमंत्री योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचाना है। यह योजना 100 दिन चलेगी जिसे गौतम बुध नगर जिले में 26 जनवरी तक सौ दिन पूरे होए जायेंगे। कार्यक्रम में सभी विभागों की स्टाल लगाई गई। तभी जो पात्र व्यक्ति प्रधानमंत्री किसान योजना, उज्जवला योजना, पेंशन योजना आदि के लाभ से अभी वंचित है, उनको इसका लाभ दिया जा सके। कार्यक्रम के अंत मे सांसद महेश शर्मा और जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी ने आयुष्मान कार्ड



और गरीब असहाय लोगों मे कंबलों का वितरण किए। इस मौके पर बीडीओ जेवर, जिला कार्यक्रम संयोजक रवि जिंदल, दीपक शर्मा, अनुराग शर्मा, भोले चौधरी, विकास चौधरी, अशोक शर्मा मंडल अध्यक्ष, महामंत्री रोहित ठाकुर, सतपाल तालान, संजीव शर्मा, मनोज जैन डा सरफे, सविता गुर्जर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राजस्व राज्यमंत्री दौरे में तहसील के कार्यों की समीक्षा की

**■ अधिकारी व कर्मचारी समय पर जन कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाने का दिया निर्देश**
**■ जरूरतमंदों को वितरित किए कम्बल व किया पौधारोपण**

**ग्रेटर नोएडा,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। राजस्व विभाग उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री अनूप प्रधान ने मंगलवार को अपने भ्रमण के दौरान दादरी व सदर तहसील पहुंचे, उन्होंने तहसील के कार्यों की समीक्षा करते हुए तहसील परिसर का निरीक्षण किया। तहसील में बैठक करते हुये आईजीआरएस के समस्त निस्तारित एवं लंबित प्रकरणों, धारा 67 के अंतर्गत 20 बड़ी सार्वजनिक संपत्तियों के अवैध कब्जा का विवरण, राजस्व वसूली तथा आय-जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों के आवेदन पत्रों की समीक्षा की। इस अवसर पर मंत्री ने तहसील परिसर में पौधारोपण व जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये एवं आमजन की शिकायतों को सुनते हुए, संबंधित अधिकारियों को



समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। मंत्री ने तहसीलों के कार्यो की समीक्षा करते हुये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसील के लंबित वादों का निर्धारित समय अवधि में गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए एवं तहसील में सभी पत्रावलियों का रखरखाव मानकों के अनुरूप सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिये कि तहसील कार्यालय में सभी अधिकारी व कर्मचारीगण समय से उपस्थित होकर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुचाने की कार्यवाही करें एवं आय-जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों के आवेदन पत्रों का निस्तारण निर्धारित समय अवधि में करते हुये आवेदक को ससमय उपलब्ध कराया जाय। इस अवसर पर दादरी तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी दादरी आलोक गुप्ता तथा सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान, उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार, तहसीलदार तथा तहसील कार्यालयों के अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## घर की छत गिरने से दो बच्चों की मौत मामले में सपा ने प्रतिनिधि मंडल का किया गठन

**ग्रेटर नोएड,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। दादरी के गांव समाधिपुर में निर्माणधीन मकान की छत गिरने से मलबे के नीचे दबकर हुई दो बच्चों की दर्दनाक मौत की घटना को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने 10 सदस्यों एक प्रतिनिधिमंडल का गठन कर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को आगामी 7 जनवरी को घटनास्थल का दौरा करने के निर्देश दिया है। यह जानकारी देते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने बताया कि दादरी क्षेत्र के गांव समाधिपुर में निर्माणधीन मकान की छत गिरने से मलबे में दबकर दो मासूम बच्चियों की भी मौत के मामले का संज्ञान लेते हुए सपा प्रदेश अध्यक्ष ने एक प्रतिनिधिमंडल का गठन किया है जो आगामी रविवार को घटना स्थल का दौरा कर पीड़ित परिवार से मुलाकात करेगा घटना की विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय में जमा करेगा। प्रतिनिधि मंडल में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता महेश आर्य, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी, जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी, जिला पंचायत सदस्य गजराज नागर, जिला महासचिव सुधीर तोमर, जिला उपाध्यक्ष मेंहदी हसन, वरिष्ठ नेता राकेश गौतम, सतबीर गौतम, राहुल आर्यन, हुकम सिंह भारती के नाम है।

## महिला का शव हरनंदी नदी में मिला, नहीं सकी पहचान

**ग्रेटर नोएडा,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। ईकोटेक तीन कोतवाली क्षेत्र स्थित हरनंदी नदी में महिला का शव मिला है। शव की पहचान नहीं हो पाई है।

आशंका है कि महिला की हत्या की गई है। महिला के शव की पहचान नहीं हो पाई है। शव तीन से चार दिन पुराना है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पुष्टि हुई है कि महिला की मौत पानी में डूबने से हुई है। महिला की उम्र 30 से 35 के करीब बताई गई है।

शव की पहचान करने के लिए पुलिस ने गुमशुदा महिलाओं के संबंध में जांच करनी शुरू कर दी है। एसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि महिला के शव की फोटो आस-पास के जिलों व थानों में भेजी गई है। उम्मीद है कि जल्द ही महिला के शव की पहचान हो जाएगी।

## ठंड के चलते कक्षा आठवीं तक के सभी विद्यालय 6 जनवरी तक बंद करने का आदेश

**ग्रेटर नोएडा,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर ने कड़ाके की ठण्ड व घने कोहरे के चलते जनहित में निर्देशित किया है कि जिले में संचालित समस्त बोर्डों से मान्यता प्राप्त विद्यालयों (कक्षा नर्सरी से 8 तक) में दिनांक 06 जनवरी तक अवकाश रहेगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यालय संचालक को निर्देशित किया है कि इस आदेश का कड़ाई से पालन किया जाय।

## कड़ाके की ठंड में गरीबों को रैन बसेरे तक पहुंचा रहे है सुन्दर सिंह

**ग्रेटर नोएडा,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे कुछ लोगों को अपना जीवन व्यतीत करने के लिए विवस होना पड़ रहा है। शहर में किसी को खुले में जीवन व्यतीत न करना पड़े उसके लिए सुंदर सिंह कसाना रात 11-12 बजे तक घूमते हैं, इस दौरान जो भी व्यक्ति ऐसी स्थिति में सड़क के किनारे गोल चक्कर पर या अन्य जगहों पर मिलता है तो उन्हें अपनी गाड़ी में बिठाकर उन्हें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के द्वारा बनाए गए रैन बसेरे में छोड़ते हैं। उनका कहना है कि बहुत से गरीब लोग हैं जिन्हे नहीं पता है कि प्राधिकरण गरीबों को ठंड से बचने के लिए रैन बसेरा बनाया है। कुछ गरीब ऐसे हैं दिन भर मांगते खाते हैं और रात में सेक्टर व सोसाइटी के पास मेट्रो के



नीचे रात गुजारने के लिए मजबूर होते हैं, ऐसे में लोगों को आगे आने चाहिए और आसमान के नीचे रात गुजारने वालों को रैन बसेरा तक पहुंचाएं।

## शारदा विवि में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में हुए रोमांचक मुकाबले

**ग्रेटर नोएडा,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। शारदा में चल रहे क्रिकेट स्टाफ टूर्नामेंट में मंगलवार को रोमांचक मुकाबले हुए। सुबह पहला मैच रजिस्ट्रार एकादश एवं डायरेक्टर एकादश के बीच हुआ। जिसमें टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए डायरेक्टर एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 6 विकेट के नुकासन पर 108 रन का स्कोर बनाया। जिसमें अमरजीत ने 34 और सोरभ ने 16 रन का योगदान दिया। रजिस्ट्रार एकादश के गेंदबाज इंद्रपाल ने 2 विकेट लिए। वहीं रजिस्ट्रार एकादश ने बल्लेबाजी करते हुए इस लक्ष्य को 1 गेंद शेष रहते हुए 7 विकेट खो कर इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। जिसमें सर्वाधिक रन मनमोहन द्वारा 40 और अरूण के द्वारा 18 रन बनाए गए। डायरेक्टर एकादश के गेंदबाज राजू ने 3 विकेट लिए। दूसरा मुकाबला चासंलर एकादश एवं मेडिकल एकादश के बीच हुआ। चासंलर एकादश ने टॉस जीतकर कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 6 विकेट के नुकासन पर 71 रन का स्कोर बनाया। जिसमें सर्वाधिक रन परवीन के द्वारा 23 बनाए गए। मेडिकल एकादश के गेंदबाज मनोज द्वारा 3 विकेट लिए। उधर मेडिकल एकादश की टीम ने इस लक्ष्य को 9 विकेट खोकर जीत लिया। जिसमें मनोज ने 21 रन और दिनेश ने 20 रन का योगदान दिया। जिसमें योगेन्द्र सिंह ने 3 विकेट लिए।

## बिना भक्ति के ज्ञान अधूरा है: आचार्य हरिकृष्ण

**रबूपुरा,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। सिद्ध बाबा मंदिर ग्राम शाहपुर चांदपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन वृंदावन से पधारे कथावाचक आचार्य हरिकृष्ण कौशिक ने कंस वध एवं गोपी उद्धव संवाद का वर्णन किया। उन्होंने बताया उद्धव जी गुरु बृहस्पति के शिष्य थे। उद्धव जी को अपने ज्ञान पर अहंकार था। उद्धव भगवान के प्रिय मित्र थे इसलिए भगवान के मन में विचार किया मेरे उद्धव



का कल्याण कैसे होगा इसलिए उद्धव को वृंदावन भेजो और वृंदावन में गोपियों का प्रेम मां यशोदा का प्रेम जब उद्धव ने देखा तो उद्धव के ज्ञान पर प्रेम सवार हो गया और उद्धव भगवान के सच्चे प्रेमी बन गए।

## समोसा खाने से अध्यापकों को फूड प्वाइजनिंग, मुकदमा दर्ज

**दनकौर,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। दनकौर कस्बा स्थित द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज के करीब 20 अध्यापक नववर्ष पर सोमवार को समोसे खाने से फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए थे। जिनमें करीब 7 अध्यापकों को जिम्स अस्पताल से इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। जबकि 13 का अभी भी इलाज चल रहा है। इस संबंध में प्राचार्य की शिकायत पर पुलिस ने मंगलवार को केस दर्ज कर लिया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गिरीश कुमार वत्स ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि सोमवार को नववर्ष की पार्टी के लिए उनके स्टाफ के लोगों ने कस्बे में स्थित रमेश मिष्ठान भंडार से करीब 40 समोसे खाने के लिए मंगाए थे, जिनमें कीड़ा होने की वजह से उनको खाने से करीब 20 अध्यापकों की हालत खराब हो गई थी। जिनका ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका आरोप है कि समोसे विशैला होने की वजह से अध्यापकों को फूड



प्वाइजनिंग होने की वजह से उल्टी दस्त समेत कई समस्या हो गई थी। बताया जाता है कि करीब 13 अध्यापकों का अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में पुलिस ने प्राचार्य की शिकायत पर रमेश मिष्ठान भंडार फॉर्म के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है कि फूड विभाग की तरफ से रिपोर्ट आने के बाद इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल प्राचार्य की शिकायत फर्म के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खेरली भाव में उप जिलाधिकारी, सदर, द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 1299/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022, दिनांक 09.11.2022 व परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 405/एस0टी0-एस0डी0एम0/2017, दिनांक 13.11. 2017 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| खेरली भाव | 1147, 1148, 1149, 1150 | स्व0 होती पुत्र स्व0 हप्पू व श्रीमती किशनदेई पत्नी स्व0 श्री होती सिंह नि0 ग्राम खेरली भाव, परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री वेदप्रकाश पुत्र होती | | पुत्र |
| | | | राजेन्द्र सिंह पुत्र होती | | पुत्र |
| | | | श्री दीपक पुत्र स्व0 लाल सिंह | | पौत्र |
| | | | श्री गजराज पुत्र स्व0 लाल सिंह | | पौत्र |
| | | | श्री मनीष कुमार पुत्र स्व0 लाल सिंह | | पौत्र |
| | | | श्री अरूण कुमार पुत्र स्व0 लाल सिंह | | पौत्र |
| | | | श्रीमती रामेश्वरी पत्नी स्व0 लाल सिंह | | पुत्रवधू |
| | | | श्रीमती पुष्पा | | पुत्री विवाहित |
| | | | श्रीमती सुमन्तरा | | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्रधिकरण द्वारा अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम फतेहपुर अट्टा में उप जिलाधिकारी सदर, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 157/एस.टी.-एस. डी.एम./2023 दिनांक 16.02.2023 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 आसफ अली पुत्र नशीब खां नि0 ग्राम फतेहपुर अट्टा, परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| फतेहपुर अट्टा | 34 | 39, 40, 41, 43 | श्री आसिफ अली उर्फ आसफ अली पुत्र नशीब खां नि0 ग्राम फतेहपुर अट्टा परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री इकराम | पुत्र | 40 | |
| | | | | श्री नन्हे | पुत्र | 37 | |
| | | | | श्री इरफान | पुत्र | 61 | |
| | | | | श्री गुलफान | पुत्र | 49 | |
| | | | | श्रीमती आसिया | पुत्री | 58 | विवाहित |
| | | | | श्रीमती सितारा | पुत्री | 42 | विवाहित |
| | | | | श्रीमती रूबीना | पुत्री | 38 | विवाहित |
| | | | | श्रीमती अफरोकी | पुत्री | 46 | विवाहित |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के कम में प्रश्नगत भूमि पर किसी न्यायालय या आदेश द्वारा कृषक का स्वत्व समाप्त होता है अथवा क्षेत्रफल कम किया जाता है तो कम हुए क्षेत्रफल अथवा सम्पूर्ण क्षेत्रफल के सापेक्ष इस वारिसान को स्वत: निरस्त समझा जाये।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

## किसान एकता संघ का प्रतिनिधि मण्डल छह सूत्रीय मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। किसान एकता संघ के राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी बाली सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल से छह सूत्रीय मांगों को लेकर मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। किसान एकता संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा ने सभी बिंदुओं को विस्तारपूर्वक राष्ट्रीय प्रवक्ता को समझाया और निष्कर्ष पर बातचीत की। किसानों के द्वारा दिए गए ज्ञापन में आबादी के लिए 10 प्रतिशत विकसित भूमि दी जाने, वर्ष 1976 से नोएडा प्राधिकरण ने भिन्न-भिन्न गांव की कृषि योग्य भूमि का अधिग्रहण अलग-



अलग दर से किया गया उन सभी को उनको भी एक समान नीति के तहत भेदभाव ने रखते हुए 297 रुपए प्रति गज की दर से मुआवजा राशि वितरित की जाने, किसानों पर आश्रित भूमिहीनों को आवासीय भूखंड दिए जाने, नौकरी में किसानों को आरक्षण का लाभ, शिक्षण एवं स्वास्थ्य संस्थानों में किसानों को आरक्षण, सभी गांवों का आबादी निस्तारण प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत किया जाना जैसी महत्वपूर्ण मांगें थी। वार्ता में राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि सभी मांगों उच्च स्तर पर जल्द पहुंचाया जाएगा और जल्द से जल्द किसानों की सभी समस्या का निस्तारण करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान, सतीश कनारसी, पप्पे नागर, अर्जुन प्रजापति, कमल यादव, अविनाश सिंह, सचिन अंबावता, वेद राम चौहान, कृष्ण कुमार चौहान, टीकम सिंह चौहान, विपिन चौहान, चयन सिंह चौहान आदि मौजूद थे।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 3 जनवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## संवादहीनता का परिणाम है ट्रक हड़ताल

वर्ष 2024 का आगाज़ बसों व ट्रकों की जिस तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल के साथ हुआ है, वह केन्द्र सरकार की प्रशासकीय अक्षमता, निरंकुशता और संवादहीनता का नया उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार मनमाने ढंग से कानून बनाने के लिये जानी जाती है। यह उसी परम्परा के निर्वाह का प्रतिफल है जिसके अंतर्गत संसद के हाल ही में समाप्त हुए सत्र में मोदी सरकार ने सड़क कानून में संशोधन कर 'हिट एंड रन' मामले में सजा व जुर्माना इतना ज्यादा कर दिया है कि कोई भी ड्राइवर वाहन चलाने से घबरायेगा। इसके फलस्वरूप देश भर के 30 लाख बसों व ट्रकों के पहिये थम गये हैं। किसी वाहन चालक द्वारा कोई दुर्घटना होती है और यदि वह घटनास्थल से फरार हो जाता है तथा पुलिस को सूचना नहीं देता, तो संशोधित कानून के अंतर्गत उसे 10 वर्ष तक की जेल की सजा होगी और सात लाख रुपये का जुर्माना भरना पड़ सकता है। अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 279 (लापरवाहीपूर्ण वाहन चलाना), 304ए (लापरवाही के कारण मौत) और 338 (जान जोखिम में डालना) के तहत अब तक इसमें दो साल की सजा का प्रावधान था। तीन कानून लाकर इसकी सजा की मियाद तो बढ़ा ही दी गई, जुर्माना भी भारी-भरकम कर दिया गया है।

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस द्वारा इन कानूनों पर पुनर्विचार की मांग को लेकर की गई इस हड़ताल में देश भर के बस-ट्रक चालक एवं ट्रांसपोर्टर शामिल हुए जिसका असर देश भर में देखा गया। कई शहरों में पेट्रोल पम्प खाली हो गये। यही हाल रहा तो मंगलवार से ज़रूरी वस्तुओं की सप्लाई एवं उपलब्धता पर विपरीत असर पड़ना शुरू हो सकता है। जहां तक हड़ताली चालकों-परिवहन संचालकों का सवाल है वे मानते हैं कि इन कानूनों के चलते उनका सड़कों पर वाहन निकालना तक मुश्किल हो जायेगा। नये कानूनों में जैसे कठोर प्रावधान किये गये हैं, उससे कोई भी ड्राइवर वाहन चलाने से हिचकिचायेगा।

जो भी भारत की सड़कों एवं यातायात व्यवस्था की वस्तुस्थिति से वाकिफ है, वह जानता है कि सड़कों पर पूरी तरह से अराजकता का मंज़र उपस्थित रहता है। कानून बनाते समय इस बात पर विचार तक नहीं किया गया कि किस तरह से हर रास्ते और मोड़ पर राहगीरों से लेकर वाहन चालकों तक के लिये खतरों की स्थिति होती है। सड़क पर अनुशासन के नाम पर लगभग शून्य होने के कारण देश में हर वक्त दुर्घटनाएं होती रहती हैं। आंकड़े भी बताते हैं कि भारत उन देशों में से एक है जिनमें सर्वाधिक हादसे होते हैं। लाखों लोग हर रोज सड़कों पर मारे जाते हैं और उनसे कई गुना ज्यादा घायल होते हैं। अक्सर यह भी देखा जाता है कि हादसे में दोषी का निर्धारण वाहन के आकार के अनुसार होता है। पैदल चलते को स्कूटी-मोटर साइकल टक्कर मारे तो बाइक सवार दोषी होता है। ऐसे ही, बाइक व कार के बीच टक्कर हो तो कार वाला और कार से ट्रक-बस की भिड़ंत हो तो ट्रक चालक का दोष होता है। ऐसे मामले अक्सर रोड रेज़ का स्वरूप धारण कर लेते हैं। वाहन चालक से मारपीट करना, बसों-ट्रकों की तोड़-फोड़, उन्हें जला देना आम है। सैद्धांतिक रूप से चाहे गलत हो परन्तु व्यवहारिक रूप से चालकों को यही सही लगता है कि वाहन छोड़कर या उसे लेकर घटना स्थल से किसी भी तरह से निकल जाये। उन्हें अपने प्राणों की भलाई इसी में नज़र आती है। देश में कई बार ड्राइवरों को गुस्साई जनता मार भी देती है।

जहां तक थानों को सूचित करने की बात है, तो इसमें प्रत्यक्षदर्शी तक गवाह बनने से इंकार कर देते हैं क्योंकि उनके साथ पुलिस वाले कोई अच्छा सलूक नहीं करते। फिर दोषियों की कौन कहे? वे अगर बचकर निकलने की स्थिति में रहते हैं तो उनकी पहली कोशिश यही होती है कि वे खुद को और अपने वाहन को जनता के हाथों से बचा लें। जो लोग स्वेच्छा से पुलिस की मदद करना चाहते हैं, उन्हें डर रहता है कि हादसे को लेकर उन्हें ही प्रताड़ित किया जा सकता है। पुलिस की यह छवि गलत भी नहीं है। कोर्ट के आदेशों के बाद भी लोग सहायता के लिये सामने नहीं आते। उन्हें यह भी लगता है कि मामले की जांच-सुनवाई के दौरान उन्हें बार-बार थाने या कोर्ट में आते रहना पड़ेगा। आज के जमाने में कोई भी इतनी ज़हमत नहीं उठाना चाहता।

इसके बावजूद अगर सरकार स्थिति में सुधार लाना चाहती है, जिसकी ज़रूरत भी है, तो उसे व्यवहारिक कदम उठाने चाहिये; और इसके लिये उसे विशेषज्ञों एवं इस क्षेत्र में कार्यरत लोगों से विचार-विमर्श करना चाहिये। परिवहन क्षेत्र में कार्य कर रहे संगठनों से उसे संवाद कायम करना चाहिये। हालांकि बात-बात में विरोधी विचारधारा वाले सांसदों को निष्कासित करने वाली सरकार से यह उम्मीद नहीं की जा सकती, परन्तु सरकार चलाने का तरीका यही है। सम्बन्धित पक्ष तो दूर, सांसदों तक से विचार-विमर्श किये बगैर काननू बना देना इस सरकार की फ़ितरत में शामिल है। सरकार में बैठे प्रमुख लोगों को यह गलतफहमी है कि वे हर विषय के विशेषज्ञ हैं और उन्हें सभी लोगों से अधिक ज्ञान है। इसलिये वे किसी से बात करना पसंद नहीं करते। किसी की सलाह लेना वे अपनी तौहीन मानते हैं। नोटबन्दी हो या जीएसटी कानून, अनुच्छेद 370 को हटाना हो या तीन तलाक की समाप्ति, कृषि कानून लाना हो या दूरससंचार कानून, नागरिकता कानून हो या एनसीआर-सारे ही सरकार द्वारा सम्बन्धित पक्षों से चर्चा किये बिना लाये गये। परिणाम सबके सामने है। ट्रांसपोर्ट हड़ताल भी इसका नतीजा है।

# फीडबैक के जरिये माहौल बनाने की कवायद करेंगे मोदी

आम चुनाव की दहलीज पर खड़े और भारत के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने को आतुर नरेन्द्र मोदी अब लोगों से जानना चाहते हैं कि देश ने विभिन्न क्षेत्रों में कैसी तरक्की की है। शायद वे पहले पीएम हैं जो अपने 10 वर्षों के कामों पर जनता का सीधे फीडबैक मांग रहे हैं। इस लिहाज से उनकी तारीफ की जा सकती है परन्तु यह भी समझना होगा कि क्या वे केवल अपने बारे में रायशुमारी कर रहे हैं या सचमुच देश की प्रगति का आंकलन करना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव-2024 को बामुश्किल 3-4 माह ही रहते हैं, ऐसे में फीडबैक की उपयोगिता पर भी प्रश्नचिन्ह लगते हैं। जनता से मिलने वाले विचारों के मुताबिक कम से कम इस कार्यकाल में तो वे अपनी कार्यपद्धति में संशोधन नहीं कर सकते; तो क्या यह माना जाये कि वे आम राय का उपयोग अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिये करेंगे? ऐसा इसलिये लगता है क्योंकि मोदी का प्रशासन लगभग सभी मोर्चों पर नाकाम साबित हुआ है और उनकी छवि ने भी पिछले दिनों बड़ी गिरावट दर्ज की है। ऐसे में उन्हें अपनी छवि के पुनर्निर्माण की बेहद आवश्यकता है। उनके हाथों 22 जनवरी को उद्घाटित होने जा रहे जिस राममंदिर के बल पर वे अगला चुनाव जीतने की जुगत में है, उसका असर हिन्दीभाषी एवं उनसे लगे कुछ राज्यों से बाहर होने की संभावना नहीं दिखती। ऐसे क्षेत्रों में दक्षिण भारत, उत्तर-पूर्वी राज्य, जम्मू-कश्मीर आदि का उल्लेख किया जा सकता है। इसलिये मोदी के लिये ज़रूरी है कि वे कुछ नया धमाल करें ताकि उनके समर्थक मानें कि उनका करिश्मा समाप्त नहीं हुआ है। सम्भवत: प्रस्तावित फीडबैक का उपयोग इसी उद्देश्य के लिये होगा।

अयोध्या में भव्य हवाई अड्डे के उद्घाटन से उत्साहित मोदी ने सोमवार को अपने एक्स (पहले का ट्विटर) पर पोस्ट कर लोगों से यह राय मांगी है। उन्होंने लिखा है- 'पिछले 10 वर्षों में अलग-अलग क्षेत्रों में भारत द्वारा हासिल की गई प्रगति के बारे में आप क्या सोचते हैं? अपनी प्रतिक्रिया नमो एप में 'जन मन सर्वे' के जरिए सीधे मुझ तक पहुंचाएं।' पीएम ने जिन क्षेत्रों में हुए कामों पर जनता से फीडबैक मांगा है, वे हैं- बुनियादी ढांचे का निर्माण, रोजगार के अवसर, राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, भ्रष्टाचार मुक्त शासन, किसान समृद्धि, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत, कानून-व्यवस्था एवं शहरी विकास। लोग मोदी शासन, उनके सांसदों एवं निर्वाचन क्षेत्र की विशिष्टताओं पर भी अपनी राय दे सकते हैं। यह भी पूछा गया है कि वे केन्द्र सरकार की किन योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। वैसे तो यह सर्वे नमो एप पर 19 दिसम्बर से जारी है लेकिन लगता है कि अब प्रधानमंत्री द्वारा एक्स पर पोस्ट करने के बाद इसमें तेजी आएगी। देखना यह भी होगा कि क्या इसमें केवल समर्थक ही जगह पायेंगे या फिर प्रतिकूल टिप्पणियों को भी नोट किया जायेगा? ऐसी आशंका इसलिये जताई जा सकती है क्योंकि मोदी अपनी आलोचनाओं को गालियां मानते हैं और उनकी डिक्शनरी में वे शब्द नहीं हैं जो उनके कामों के खिलाफ व्यक्त किये जाते हैं। यह सर्वे कितना पारदर्शी होगा- यह भी देखना होगा। कितनी ईमानदारी से इसके निष्कर्षों का प्रस्तुतीकरण होगा, इस पर भी गौर फरमाना चाहिये।



डॉ. दीपक पाचपोर

**जितने क्षेत्रों के कामों के बारे में पीएम जनता की राय पूछ रहे हैं, क्या उनके बारे में सारी स्थितियां सामने नहीं हैं? मसलन, रोजगार के अवसरों की ही बात करें तो शासकीय आंकड़े बतलाते हैं कि नवम्बर, 2016 में लाई गई नोटबन्दी और तत्पश्चात कोरोना के चलते करोड़ों लोगों ने अपने रोजगार खोये हैं। बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जिन्होंने अपने लिये रोजगार ढूंढने ही बन्द कर दिये हैं।**

असली बात तो यह है कि जितने क्षेत्रों के कामों के बारे में पीएम जनता की राय पूछ रहे हैं, क्या उनके बारे में सारी स्थितियां सामने नहीं हैं? मसलन, रोजगार के अवसरों की ही बात करें तो शासकीय आंकड़े बतलाते हैं कि नवम्बर, 2016 में लाई गई नोटबन्दी और तत्पश्चात कोरोना के चलते करोड़ों लोगों ने अपने रोजगार खोये हैं। बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जिन्होंने अपने लिये रोजगार ढूंढने ही बन्द कर दिये हैं। बड़े प्रयासों के बाद जितनी बड़ी तादाद में लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया गया था, उससे कहीं ज्यादा लोग इन 10 वर्षों में गरीबी रेखा के नीचे गये हैं। तभी तो 80 करोड़ लोग सरकारी राशन पर जिंदा हैं। अब तो सरकार ने इस बाबत आंकड़े रखने ही बन्द कर दिये हैं। सर्वे में उल्लिखित किसी भी क्षेत्र को देखें, तो बदहाली के अलावा कुछ भी नहीं मिलेगा।

सवाल तो यह भी है कि क्या मोदी इन तथ्यों को स्वीकारेंगे और तदनुसार अपने कामों में परिवर्तन लाएंगे? सरकारी कामकाज में जिन कमियों की ओर जो भी विरोधी दल के नेता, लेखक, पत्रकार, मानवाधिकार कार्यकर्ता आदि बातें करते हैं, उन्हें देशद्रोही या टुकड़े-टुकड़े गैंग करार दिया जाता है या कहा जाता है कि वह विदेशी शक्तियों के इशारों पर काम कर रहा है। आखिरकार देश की तरक्की की स्थिति पर ही तो संसद के सदस्य सदनों के भीतर बात करना चाहते हैं परन्तु उन्हें बोलने नहीं दिया जाता। जनता के प्रतिनिधियों से संवाद को बन्द कर मोदी जनता से सीधे जो राय लेना चाहते हैं, उसके पीछे की मंशा को भी समझना होगा।

सीधी सी बात है कि जो आंकड़े एकत्र होंगे, उन्हें चुनाव के पहले इस कदर पेश किया जायेगा कि देश में सब कुछ अब भी चंगा सी। बतलाया यह जायेगा कि देश ने मोदी के नेतृत्व में चहुंतरफा तरक्की की है। ऐसी प्रगति पहले कभी नहीं देखी नहीं गई। इसके लिये जहां एक ओर तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने में विशेषज्ञ लोगों एवं आईटी सेल का उपयोग होगा वहीं दरबारी मीडिया नमो-नमो का फिर से जाप करेगा। इसी सामग्री का उपयोग मोदी सरकार की कार्य कुशलता को साबित करने एवं मोदी की छवि एक महान प्रशासक के रूप में गढ़ने के लिये होगा जिसकी उन्हें इस वक्त सख्त ज़रूरत है। गौतम अदानी के साथ उनके सम्बन्धों, मणिपुर की घटना, थोक के भाव में सांसदों का निलम्बन जैसे मुद्दों के चलते वे इमेज क्राइसिस से गुज़र रहे हैं। हालांकि छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में जीत हासिल कर उनका एवं भाजपा का उत्साह लौटा है, क्योंकि माना जा रहा था कि इनमें भाजपा जीतने नहीं जा रही है। श्रेय भी बेशक मोदी को ही जाता है। इसलिये पीएम एक बार फिर से अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिये कई मोर्चों पर एक साथ काम कर रहे हैं। राममंदिर का मुद्दा तो प्रमुख आसरा रहेगा ही, मोदी को यह भी साबित करना आवश्यक है कि भौतिक मुद्दों पर भी वे सफल रहे हैं। हालांकि अपनी सफलता के गुणगान वे अपने ही मुंह से पहले से सभी मंचों पर करते आये हैं- चुनावी सभाओं व प्रचार रैलियों के जरिये। जहां उनका विरोध हो सकता है, उन संवाद चैनलों को वे पहले ही बन्द कर चुके हैं। इनमें मीडिया एवं संसद है। प्रेस कांफ्रेंस वे करते नहीं और लोकसभा हो या राज्यसभा- वहां वे उठाये गये मुद्दों पर प्रतिपक्ष को जवाब देते नहीं। जो अधिक विरोध करे उनके भाषणों को विलोपित कर दिया जाता है या निलम्बन के जरिये बाहर का रास्ता दिखला दिया जाता है।

देखना होगा कि इन परिस्थितियों में जनता मोदी के कामों को लेकर क्या विचार व्यक्त करती है और मोदी-भाजपा का प्रचार तंत्र उसे क्या इस रूप में प्रस्तुत करने में सक्षम होगा कि मोदी तीसरी मर्तबा सरकार बना सकें? यह सवाल लाजिमी है क्योंकि अब कांग्रेस के नेतृत्व में देश के 28 राजनैतिक दल मोदी के खिलाफ लामबन्द हैं और उनके प्रोपेगैंडा का हर मौकों पर माकूल जवाब दे रहे हैं। फिर, राहुल की 'भारत न्याय यात्रा' भी तो अब निकलने वाली है।

# चुनाव वर्ष में रहेगी बेरोज़गारी के बीच नागरिकों में मुफ्त बांटने की होड़

■ के रवीन्द्रन

यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चुनावी वर्ष है और मजबूत आर्थिक प्रदर्शन का फुटनोट विकास को प्रभावित करने वाले मुफ्त और सब्सिडी की राजनीति के जोखिमों को इंगित करेगा। साल के मध्य से दबाव बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि विकास के संचालक कम से कम कुछ स्तरों पर गियर बदल देंगे। खाद्य सहायता कार्यक्रमों, रसोई गैस सब्सिडी और ग्रामीण रोजगार योजनाओं के लिए आवंटन में बढ़ोतरी का संकेत पहले ही दिया जा चुका है।

फिर भी, इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ऊंची विकास दर दर्ज करने के लिए तैयार है। गोल्डमैन सैक्स रिसर्च के 2024 के वैश्विक दृष्टिकोण में 13 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से, भारत की अनुमानित विकास दर 6.2प्रतिशत के साथ सबसे अधिक है, चीन 4.8प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। दुनिया महामारी के बाद चीनी अर्थव्यवस्था में सुधार पर उत्सुकता से नजर रख रही है, जो हालांकि, उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया है। इसलिए, भारत की संभावनाएं विश्व अर्थव्यवस्था के प्रबंधकों के लिए जश्न का कारण बननी चाहिए।

जबकि सरकारी खाते पर पूंजीगत व्यय निश्चित रूप से धीमा हो जायेगा, गोल्डमैन के अर्थशास्त्रियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि निजी निवेश में तेजी लाने के लिए परिस्थितियां परिपच हैं। वे इसका कारण यह बताते हैं कि भारतीय कंपनियां ऐसा करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं, भले ही बैंक बैलेंस शीट अच्छी तरह से पूंजीकृत हैं और विनिर्माण बैलेंस शीट डि-लीवरेज कर रही हैं।

**खाद्य निर्यात पर और प्रतिबंध लगा सकते हैं। सकारात्मक पक्ष पर फंड ने अधिक मजबूत उपभोक्ता मांग और निजी निवेश से विकास में वृद्धि की उम्मीद जताई है। विदेशी निवेश के और उदारीकरण से वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की भूमिका बढ़ सकती है, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। श्रम बाज़ार सुधारों के कार्यान्वयन से रोजगार और विकास में वृद्धि हो सकती है।**

एसोचैम ने पिछले दिनों कहा था कि मजबूत उपभोक्ता मांग के कारण उसे निर्माण, आतिथ्य और रेलवे तथा विमानन सहित बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में निवेश में बढ़ोतरी की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि वित्तीय, निर्माण, होटल, विमानन, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे अन्य विनिर्माण क्षेत्र आने वाले वर्ष में प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के लिए मजबूत पिच पर हैं और प्रक्षेपवक्र को कम कच्चे तेल की कीमतों से मदद मिल रही है, जिससे मुद्रास्फीति पर नियंत्रण रखा जा रहा है। कच्चे माल की लागत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

फिर यह और भी अधिक खुशी की बात है क्योंकि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि नवंबर में आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि में गिरावट आयी है, जो एक महीने पहले के 12.1प्रतिशत की तुलना में धीमी होकर 7.8प्रतिशत हो गयी है। आठ प्रमुख उद्योगों में सीमेंट, कोयला, कच्चा तेल, बिजली, उर्वरक, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और इस्पात शामिल हैं। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में शामिल वस्तुओं का भार भी इन उद्योगों का 40.27प्रतिशत है।

आईएमएफ 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन और नये साल के दृष्टिकोण दोनों के बारे में अत्यधिक आशावादी रहा है। भारत के साथ फंड के अनुच्छेद - 4 के तरह परामर्श में, इसने पिछले वर्ष की मजबूत वृद्धि की सराहना की, जिसमें हेडलाइन मुद्रास्फीति मध्यम रही, हालांकि यह अस्थिर बनी हुई है। रोज़गार महामारी-पूर्व के स्तर को पार कर गया है और, जबकि अनौपचारिक क्षेत्र का दबदबा कायम है, औपचारिकीकरण में प्रगति हुई है।

आईएमएफ के अनुसार, व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता द्वारा समर्थित विकास मजबूत रहने की उम्मीद है। 2023-24 और 24-25 वित्तीय वर्षों में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद 6.3प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। हेडलाइन मुद्रास्फीति धीरे-धीरे लक्ष्य तक कम होने की उम्मीद है, हालांकि खाद्य कीमतों के झटकों के कारण यह अस्थिर बनी हुई है। इसी प्रकार, लचीली सेवाओं के निर्यात और कुछ हद तक कम तेल आयात लागत के परिणामस्वरूप चालू खाते का घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 1.8प्रतिशत तक सुधरने की उम्मीद है। आगे बढ़ते हुए, यह देश के मूलभूत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और एक मजबूत सरकारी बुनियादी ढांचे कार्यक्रम के विकास को बनाये रखने पर विचार करता है। इसमें कहा गया है कि यदि व्यापक सुधार लागू किये जाते हैं तो श्रम और मानव पूंजी के अधिक योगदान के साथ भारत में और भी अधिक विकास की संभावना है।

फंड ने इस बात का स्वागत किया है कि वित्तीय क्षेत्र स्थिर और लचीला बना हुआ है, जैसा कि बैंक ऋण में निरंतर वृद्धि, गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के निम्न स्तर और पर्याप्त पूंजी और तरलता बफर में परिलक्षित होता है। लेकिन इसमें मोटे तौर पर वित्तीय स्थिरता को बनाये रखने और असुरक्षित व्यक्तिगत ऋणों में तेजी से वृद्धि सहित उभरती कमजोरियों का प्रबंधन करने के लिए निरंतर पर्यवेक्षण और विवेकपूर्ण उपकरणों के उपयोग का आह्वान किया गया। विनियामक और पर्यवेक्षी मानकों को और मजबूत किया गया और सार्वजनिक बैंकों को पूंजी बफर का निर्माण जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

हालांकि, आईएमएफ ने नकारात्मक पक्ष पर जोखिमों के बारे में भी बात की है। निकट भविष्य में वैश्विक विकास में तीव्र मंदी व्यापार और वित्तीय चैनलों के माध्यम से भारत को दुष्प्रभावित करेगी। इसी तरह, आगे वैश्विक आपूर्ति में व्यवधान के कारण कमोडिटी की कीमत में बार-बार अस्थिरता हो सकती है, जिससे राजकोषीय दबाव बढ़ सकता है। घरेलू स्तर पर, मौसम के झटके मुद्रास्फीति के दबाव को फिर से बढ़ा सकते हैं और खाद्य निर्यात पर और प्रतिबंध लगा सकते हैं। सकारात्मक पक्ष पर फंड ने अधिक मजबूत उपभोक्ता मांग और निजी निवेश से विकास में वृद्धि की उम्मीद जताई है। विदेशी निवेश के और उदारीकरण से वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की भूमिका बढ़ सकती है, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। श्रम बाज़ार सुधारों के कार्यान्वयन से रोजगार और विकास में वृद्धि हो सकती है।

## पावन प्रसंग

### स्वयं को जानें

मनुष्य यह भूल जाता है कि मनुष्य का जीवन वस्तुस्थिति में एक अवसर के रूप में हमको मिला है। जो इस अवसर को सही,सार्थक व सम्यक उपयोग करना जॉन जाते हैं, उनके जीवन की यात्रा उनको परमात्मा तक ले जाती है। सच पूछा जाए तो इसके अतिरिक्त फिर जीवन का और उद्देश्य ही क्या है? यदि हम सब जान गए, पर स्वयं को न जान सके तो जो भी जाना वो व्यर्थ ही है, मूल्यविहीन है, निरर्थक है। अपने को जानने की यात्रा ही अध्यात्म की यात्रा है और स्वयं के भीतर छिपी हुई, परंतु सोई हुई शक्तियों को जगाने का जो विज्ञान है, वो अध्यात्म का विज्ञान है।

हमें ऐसा लगता है कि हम अपने को जानते हैं, पर सच ऐसा नहीं है। अपने को जानने का मतलब यह जानना नहीं होता कि हमारे रिश्तेदार कौन हैं, दोस्त कौन हैं, हमारा कैरियर क्या बनना चाहिए, बल्कि ये होता है कि अपने व्यक्तित्व के ऊपर हम संपूर्ण स्वामित्व कैसे स्थापित कर सकते हैं। स्वयं को जानने का मतलब औरों का जो हमारे प्रति मंतव्य है, जिसे हम पब्लिक ओपिनियन कह कर पुकारते हैं- उसको जानना नहीं है; बल्कि अपने मन पर, इंद्रियों पर पूर्ण वशीकरण के भाव को स्थापित कर लेना है। यदि हम सच में स्वयं को जानते तो हमारे मन में एक भी विचार ऐसा न आता जिसको कि हम नहीं आने देना चाहते, परंतु ऐसा होता कहां है? हमें खुद को भी नहीं पता कि कब कहां से, कौन सा विचार प्रकट होगा और हमारे मन की शांति को छीनकर चला जाएगा। यह मनुष्य का जीवन जो हमें सौभाग्य से मिला है वह एक ऐसा अवसर है, जहां से अनंत प्रकाश की यात्रा प्रारंभ हो सकती है। भगवान कृष्ण जब श्रीमद्भगवद्गीता को कहने के क्रम में अपना विराट रूप अर्जुन को दिखाते हैं तो गीताकार ने उस दृश्य के लिए कहा है-

दिवि सूर्यसहस्रस्य भवेद्युगपदुत्थिता।
यदि भा: सदृशी सा स्याभ्दास्स्तय महात्मन:।।

भावार्थ में यदि आकाश में हजारों सूर्य भी एक साथ उदित हो जाएं तो उन सबका जो सम्मिलित प्रकाश है, वो भी मिलकर परमात्मा के उस प्रकाश की बराबरी कर पाने में समर्थ नहीं था। अब कल्पना करके देखें कि उस अनंत,अतुलनीय, अपरिमित प्रकाश के एक अंश के रूप में, परमात्मा के एक अंश के रूप में, भगवान के अंश के रूप में हम और आप जन्मे हैं, परंतु यदि हम अपने जीवन की यात्रा मात्र किलकारी मारने से लेकर चिता पर जलने तक सीमित मानकर बैठ जाएं तो फिर हमारे भीतर का परमात्मा तो अभिव्यक्त नहीं हो पाता, परंतु हमारे भीतर का पशु अवश्य जाग उठता है। उस स्थिति में पेट भरने एवं परिवार बड़ा कर लेने के अतिरिक्त जीवन का कोई अन्य भी उद्देश्य हो सकता है- यह फिर इंसान समझ ही नहीं पाता। ऐसे जीवन की यात्रा मात्र जलने, कुढ़ने, चिढ़ने-तड़पने में ही नष्ट हो जाती है। पड़ोसी की नई गाड़ी आते ही हमारी गाड़ी हमें पुरानी लगने लगती है। दूसरे को नौकरी में पदोन्नति मिलते ही हमें हमारी नौकरी छोटी लगने लगती है। जीवन अनजाने में ही एक प्रति स्पर्धा में बदल जाता है, क्योंकि हमारा मन बड़ा ही चंचल एवं असंतुष्ट है। प्रश्न उठता है कि मन आखिर इतना चंचल क्यों है तो उसका एक कारण तो यह है कि मन है तो एक इंद्रिय, एक उपकरण, परंतु हम उसको मालिक बनाकर बैठे हैं। जो हम नहीं भी सोचना चाहते होंगे, वो भी मन सोचता है। जो हम नहीं भी करना चाहते होंगे, वो भी मन करता है। वह न किसी की सुनता है, न समझता है, क्योंकि वह था तो इंद्रिय, परंतु हमने संपूर्ण व्यक्तित्व का एकाधिकार उसको दे दिया है।

अखंड ज्योति

## आपके पत्र

### हिट एंड रन में नए कानून को लेकर देश मे अनेक राज्यों में चक्काजाम

केंद्र सरकार ने 'हिट एंड रन' में कानून में परिवर्तन करने के बाद देश में ट्रक और निजी बस चालक सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। चालक को दस साल की सजा और दस लाख रुपए जुर्माने का प्रावधान होने के कारण देश के कई राज्यो में सड़क बन्द करवा दी गई है। नेशनल हाईवे पर चक्काजाम लग गया है। गुजरात, राजस्थान, बिहार, उड़ीसा और महाराष्ट्र में पहिये थम गए है। यातायात प्रभावित होगा। फल, सब्जियां और खाद्यान्न की वस्तुओं की अगले दिन से किल्लत महसूस की जा रही है। कई शहरों में पेट्रोल-डीजल और ढुलाई प्रभावित हुई है। सरकार की मंशा है कि लापरवाही पर अंकुश लगेगा। हिट एंड रन की घटना में दो साल का प्रावधान है। इसमें संशोधन कर केंद सरकार ने दस लाख का जुर्माना और दस साल की सजा का प्रावधान रखा है। इसमें सरकार की कोई स्वार्थभावना नहीं है। इन घटनाओं को कम करने और अंकुश लगाने को लेकर कानून में सुधार किया है। गुजरात के अहमदाबाद में पिछले दिनों हिट एंड रन की घटना में बिल्डर के पुत्र को सजा हुई थी। हिट एंड रन की घटनाएं अक्सर धनाढ्य परिवार के बच्चे लापरवाही में वाहन चलाते समय करते हैं। लेकिन ट्रक और बस चालक के लिए राह आसान नहीं है। इसको मद्देनजर रखकर यह निष्कर्ष निकाला गया है कि कानून की पकड़ मजबूत होगी तो चालक अपनी पूरी जवाबदारी समझने लगेगा। क्योंकि वर्तमान में लापरवाही के कारण या तेज रफ्तार से कोई जनहानि होती है तो कई बार चालक छूट जाते है इसमें मरने वाले के परिवार पर क्या गुजरती होगी? तेज रफ्तार गाड़िया जब कंट्रोल नहीं होती हैं उस समय दुर्घटना होती है। सरकार देश में हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ज्यादा सजा और जुर्माना का प्रावधान रखा है। लेकिन केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए ट्रक और निजी बस के चालकों ने चक्काजाम कर कई राज्यों में सड़कों पर उतर आए हैं। तोड़फोड़ और पुलिस पर हमला करने की घटना सामने आई है। लोकसभा सभा में पारित कानून बहाल हो गया है। इसमें सरकार का आगे क्या कदम होगा यह सोचनीय विषय है। आईपीसी की धारा 304(ए) के तहत दो साल की सजा का प्रावधान है। देश में वर्षभर में लाखों दुर्घटनाएं होती हैं उसमें 90 प्रतिशत लोग मरते हैं। इस पर सरकार अंकुश लगाने के लिए ज्यादा सजा व जुर्माने का प्रावधान रखा है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## कोहरे को लेकर चीन में येलो अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने मंगलवार को देश के कुछ हिस्सों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आज सुबह राजधानी बीजिंग, तियानजिन, हेबेई, शेडोंग, जियांग्सू, अनहुई, सिचुआन बेसिन, फुज़ियान, लियाओनिंग और झिंजियांग के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाने के आसार हैं। केंद्र ने कहा कि कुछ प्रभावित क्षेत्रों में दृश्यता 200 मीटर और 50 मीटर से भी कम रहने की संभावना है। केंद्र के अनुसार, मोटर चालकों को कोहरे के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी है।

# देश विदेश

# इजरायल ने हमास के बंधक समझौते के प्रस्ताव को खारिज किया

**यरुशलम,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। इजरायल ने फिलिस्तीनी समूह हमास के पक्ष में कतर और मिस्र के मध्यस्थों के माध्यम से पेश एक नए बंधक समझौते सौदे को खारिज कर दिया है। एक्सियोस न्यूज पोर्टल ने सोमवार को इजरायली अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि उसी समय, एक इजरायली अधिकारी ने कहा कि हमास की पेशकश से पता चलता है कि वह एक नए बंधक समझौते पर बातचीत करने के लिए तैयार है, भले ही गाजा पट्टी में लड़ाई जारी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक प्रस्ताव में तीन चरणों वाली प्रक्रिया शामिल है। प्रत्येक चरण में बंधकों की रिहाई के बदले में एक महीने से अधिक समय तक संघर्ष को रोकने का प्रावधान किया गया। समझौते के पहले चरण के हिस्से के रूप में, इज़रायल को लगभग 40 बंधकों की रिहाई के बदले में गाजा से अपने सैनिकों को वापस लेने के लिए कहा गया है। अंतिम चरण में गाजा पट्टी में आयोजित इजरायली सैनिकों की रिहाई के लिए और एन्क्लेव में युद्ध का खत्म करने की बात कही है। समाचार पोर्टल ने इजरायली अधिकारी के हवाले से कहा, रविवार को हमें हमास से जो प्रस्ताव मिला वह पूरी तरह से आधारहीन था और हमने मध्यस्थों से अधिक स्वीकार्य प्रस्ताव पेश करने का प्रयास करने के लिए कहा है, इस पर काम कर रहे हैं और देखते हैं क्या होता है, लेकिन अभी तक कोई महत्वपूर्ण प्रगति नहीं हुई हैं।

**कतर और मिस्र के मध्यस्थों के माध्यम से पेश किया गया था समझौता**



## काट्ज बने इजरायल के नए विदेश मंत्री



**यरूशलेम।** इजरायल की संसद ने योजनाबद्ध कैबिनेट फेरबदल कर एली कोहेन की जगह ऊर्जा मंत्री इजरायल काट्ज को देश का नया विदेश मंत्री नियुक्त करने को मंजूरी दे दी। श्री काट्ज ने विदेश मंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद गाजा के साथ चल रहे तनाव का जिक्र करते हुए कहा, मैं युद्ध के बीच आज अपने पदभार को संभालने के लि तैयार हूं। मंत्रालय के कर्मचारियों को मेरा पहला निर्देश गाजा में इजरायली बंधकों के मुद्दे को प्राथमिकताओं की सूची में सबसे ऊपर रखना है। श्री काट्ज (68) ने पहले 2019 से 2020 तक विदेश मंत्री के रूप में कार्य किया था। फिर से विदेश मंत्री की भूमिका में श्री काट्ज की वापसी प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड पार्टी के भीतर एक आंतरिक रोटेशन समझौते का हिस्सा है। श्री कोहेन प्रभावशाली सुरक्षा कैबिनेट में अपनी सीट बरकरार रखेंगे और 2026 में इन के पुन: विदेश मंत्रालय प्राप्त करने की उम्मीद है।

## तुर्की की संसद स्वीडन की नाटो सदस्यता बोली अनुसमर्थन में जल्दबाजी नहीं करेगी

**अंकारा,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। तुर्की की ग्रैंड नेशनल असेंबली में स्वीडन की नाटो सदस्यता बोली के अनुसमर्थन की तारीख अभी तक परिभाषित नहीं की गई है, और अंकारा से इस प्रक्रिया में जल्दबाजी की उम्मीद नहीं है। तुर्की विधायी निकाय के एक सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि पिछले हफ्ते, तुर्की संसद के विदेशी मामलों के आयोग ने स्वीडन की नाटो सदस्यता बोली को मंजूरी दे दी थी, इसके बाद दस्तावेज़ ग्रैंड असेंबली में प्रस्तुत किये गए। नहीं, यह परिभाषित नहीं है। उन्होंने कहा कि अंकारा इस प्रक्रिया में जल्दबाजी करने का इरादा नहीं रखता है। सूत्र ने कहा, हमारे पास जल्दबाज़ी करने के लिए कोई जगह नहीं है। आपस में जुड़ी हुई प्रक्रियाएं हैं और हम उनकी निगरानी करेंगे। किसी भी समय सीमा में हम पर कोई दबाव नहीं है और न ही हो सकता है। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने पिछले हफ्ते कहा था कि अंकारा के साथ एफ-16 सौदे पर अमेरिका द्वारा की गई कोई भी संभावित प्रगति स्वीडन के नाटो की सदस्यता प्रोटोकॉल पर तुर्की संसद के विचार में दिखाई देगी। उल्लेखनीय है कि रूस द्वारा यूक्रेन में अपना सैन्य अभियान शुरू करने के कई महीनों बाद, स्वीडन ने फिनलैंड के साथ, मई 2022 में अपना नाटो सदस्यता आवेदन प्रस्तुत किया। फिनलैंड अप्रैल 2023 में गठबंधन का सदस्य बन गया। स्वीडन का आवेदन अभी भी तुर्की और हंगरी द्वारा अनुसमर्थन के लिए लंबित है।

**स्वीडन का आवेदन अभी भी तुर्की और हंगरी द्वारा अनुसमर्थन के लिए लंबित**

## सुडोकू 6425

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | 6 | 2 | | 3 |
| | 8 | | 3 | 7 | 5 | | | 1 |
| | 1 | | 8 | | | | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 4 | | | | | | 6 |
| 6 | | | 5 | | 9 | | | 8 |
| 2 | | | | | | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 6 | | | | 8 | | 3 | |
| 7 | | | 4 | 5 | 3 | | 6 | |
| 8 | | 3 | 9 | | 7 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 3 जनवरी, 2024 पौष कृष्ण पक्ष 7

### राशिफल

मेष -लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

वृषभ -आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

मिथुन -मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। वैचारिक तूफानों से मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। अत्यधिक भावनाशीलता आपकी दृढ़ता को कमजोर करेगी।

कर्क -शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। मित्रों एवं स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। दोस्तों से लाभ होगा। शुभ काम का आरंभ करने के लिए आज का दिन अनुकूल है।

सिंह -पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। स्त्री मित्रों से विशेष मदद मिल सकेगी। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे।

कन्या -आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।

तुला -आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें। वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे- संबंधियों के साथ अनबन होगा।

वृश्चिक -नौकरी- धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

धनु -आज आपकी यश, कीर्ति और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा।

मकर -बौद्धिक काम या साहित्य लेखन जैसी प्रवृत्तियों के लिए आज अनुकूल दिन है। आपके व्यवसाय में नई विचारधारा आपके कामों को नया स्वरूप देंगे। शारीरिक थकान महसूस होगी। संतान की समस्या आपको परेशान करेगी।

कुंभ -आज आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। झगड़े-विवाद से बचें, क्रोध और वाणी पर संयम रखें। पारिवारिक वातावरण दूषित रहेगा। आर्थिक तंगी का अनुभव होगा।

मीन -दैनिक कामों से बाहर आकर आज आप बाहर घूमने-फिरने और मनोरंजन प्रवृत्तियों के लिए समय निकालेंगे। इसमें परिजनों और मित्रों को भी शामिल करेंगे, जो उनके लिए भी आनंदप्रद रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## भारत-संयुक्त अरब अमीरात सैन्य अभ्यास शुरू

**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। भारत और संयुक्त अरब अमीरात की सेनाओं के बीच मंगलवार को राजस्थान की महाजन रेंज में संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डेजर्ट साइक्लोन' शुरू हो गया। दोनों सेनाओं की टुकड़ियों के बीच संयुक्त अभ्यास 15 जनवरी तक चलेगा। संयुक्त अरब अमीरात की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व जायद फर्स्ट ब्रिगेड के सैनिक कर रहे हैं जबकि भारतीय सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजिमेंट की एक बटालियन द्वारा किया जा रहा है। इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के शांति सेना अभियान चार्टर के तहत दोनों सेनाओं के बीच रेगिस्तानी और अर्ध रेगिस्तानी इलाके में तालमेल को बढाना है। अभ्यास 'डेजर्ट साइक्लोन' के दौरान संयुक्त निगरानी केंद्र की स्थापना, घेराबंदी और खोज अभियान, निर्मित क्षेत्र का प्रभुत्व और हेलिबोर्न संचालन शामिल हैं। यह अभ्यास सहयोगात्मक साझेदारी को भी बढ़ावा देगा और दोनों पक्षों के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में मदद करेगा। यह अभ्यास दोनों देशों के बीच दोस्ती और विश्वास के बंधन को और मजबूत करने का प्रतीक है। इस अभ्यास का उद्देश्य साझा सुरक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करना और दो मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना है।



## जापान में आए भीषण भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 48 हुई

### भूकंप से सबसे अधिक प्रभावित इशिकावा प्रान्त हुआ प्रभावित

**टोक्यो,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। जापान के मध्य और आसपास के क्षेत्र में आए भीषण भूकंप के कारण इशिकावा प्रान्त में मरने वालों की संख्या बढ़कर 48 हो गई। जापान की समाचार एजेंसी क्योडो ने मंगलवार को स्थानीय अधिकारियों के हवाले से यह खबर दी। एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार भूकंप से सबसे अधिक प्रभावित इशिकावा प्रान्त में इमारतों के ढहने और आग लगने से करीब 48 लोगों की मौत हो गई। इशिकावा, निगाता, फुकुई, टोयामा और गिफू प्रांतों में लोगों के घायल होने की सूचना मिली है। जापानी प्रधानमंत्री किशिदा फुमियो ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि सड़कों पर रुकावटों के कारण राहत प्रयासों में बाधा आ रही है। एनएचके ने प्रधानमंत्री के हवाले से कहा, इससे भारी मशीनरी भेजना भी मुश्किल हो रहा है। हम सुरक्षित मार्गों के तरीकों के बारे में सोच रहे हैं और जहाजों का उपयोग एक विकल्प हो सकता है। उल्लेखनीय है कि इशिकावा प्रान्त में नोटो प्रायद्वीप में सोमवार को शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इनमें से प्रमुख प्रारंभिक तीव्रता 7.6 तक थी।

जापान के मौसम विज्ञान एजेंसी ने आधिकारिक तौर पर इसे 2024 नोटो प्रायद्वीप भूकंप का नाम दिया है। गौरतलब है कि जापान में सोमवार से अब तक 155 बार भूकंप के झटके महसूस किए जा चुके हैं।



## वर्ग पहेली 6425



**बायें से दायें:-**

१. जिसके हाथ में चक्र हो, विष्णु
३. सर्वविदित (उर्दू)
५. आलिंगन, अंकपाश (उर्दू)
६. माथा, ललाट
७. नुकसानदेह
९. निंदित, बेइज्जत (उर्दू)
१०. टालमटेल
१२. सूर्य
१३. घुंघरू
१४. अन्यमनस्क
१६. 'टेंशन'
१८. श्रीराम के श्वसुर
२०. बंधक, रेहन (उर्दू)
२१. समान दरजे का
२३. सेनापति

**ऊपर से नीचे:-**

१. आलोकित होना, चौंकना
२. उद्धार होना, मुक्ति पाना (मुहावरा)
३. प्रसन्नचित्त (उर्दू)
४. भय, दहशत
५. अग्निकांड (उर्दू)
८. 'मेंटेनेंस', देखभाल
१०. उपन्यास, कहानी
११. हसरत
१०. हिंदुस्तान
१३. नया, नवीन
१४. पत्नी
१५. बजरंगबली
१७. अनीश्वरवादी
१८. सूचित करना
१९. टीस
२२. नुकसान

### वर्ग पहेली-6424



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## कोरिया के विपक्षी पार्टी के प्रमुख जे-म्युंग पर चाकू से हमला



**सोल,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की मुख्य विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख ली जे-म्युंग पर मंगलवार को एक अज्ञात व्यक्ति से चाकू से हमला किया।

इस घटना के समय श्री जे-म्युंग देश के दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर बुसान के दौरे पर थे। स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार स्थानीय समयानुसार आज तड़के करीब 01=27 बजे बुसान में पत्रकारों से बात करने के दौरान एक अज्ञात व्यकित् ने श्री जे-म्युंग की गर्दन के बाईं ओर चाकू मारा और वह खून से लथपथ होकर फर्श पर गिर पड़े। वीडियो फुटेज में दिखाया गया है कि हमलावर ऑटोग्राफ मांगने के लिए श्री जे-म्युंग के पास आया और उसकी बायीं गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया। योनहाप समाचार एजेंसी के मुताबिक, पुलिस द्वारा हमलावर को गिरफ्तार करने से पहले लोगों ने हमलावर को जमीन पर गिरा दिया।

## सैन फ्रांसिस्को के पास हाई-स्पीड ट्रेन पटरी से उतरी, नौ घायल

**वाशिंगटन,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को शहर के पास एक हाई-स्पीड ट्रेन के पटरी से उतरने के बाद उसमें आग लग गई और नौ यात्री घायल हो गए। कैलिफोर्निया में क्षेत्र की सेवा करने वाले बे एरिया रैपिड ट्रांजिट (बीएआरटी) ने यह जानकारी दी। सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र में एक बीएआरटी शटल लाइन थी जो मिलब्रे स्टेशन और सैन फ्रांसिस्को इंटरनेशनल एयरपोर्ट स्टेशन (एसएफओ) के बीच चलती थी।

ट्रांजिट एजेंसी ने सोमवार को एक बयान में कहा, सुबह नौ बजे के बाद ओरिंडा और लाफायेट बीएआरटी स्टेशनों के बीच स्थित इंटरलॉकिंग में गड़बडी के कारण हाई-स्पीड ट्रेन आंशिक रूप से पटरी से उतर गई। यह ट्रेन आठ कोच वाली थी और एंटिओक जा रही थी। जिसके दो डिब्बे पटरी से उतर गए और उसके बाद डिब्बों से धुआं और लपटें उठने लगी। सभी यात्रियों को डिब्बों से बाहर निकाल लिया गया हालांकि नौ यात्रियों के घायल होने पर क्षेत्रीय अस्पतालों में ले जाया गया। सूचना मिलने के बाद ओरिंडा अग्निशमन विभाग तुरंत हरकत में आयी और समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।

## कीव पर हवाई हमले में कम से कम 16 घायल

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस के मिसाइल और ड्रोन के एक बड़े हमले में मंगलवार को कम से कम 16 लोग घायल हो गए। शहर के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने टेलीग्राम पर यह जानकारी दी। श्री क्लिट्स्को ने कहा कि एक सप्ताह से भी कम समय में यह दूसरा हमला है जिससे कीव के विभिन्न हिस्सों में एक ऊंचे अपार्टमेंट ब्लॉक, एक सुपरमार्केट और एक गोदाम में आग लग गई।

## आज का इतिहास

1831- भारत की पहली शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का जन्म।
1836 -मुंशी नवल किशोर का जन्म हुआ। उन्होंने पांच हजार से ज्यादा किताबें अलग-अलग भाषाओं में पब्लिश कीं।
1880-'इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया' का पहला अंक बम्बई में प्रकाशित।
1894- रवीन्द्र नाथ टैगोर ने शांति निकेतन में 'पौष मेला' का उद्घाटन किया।
1901- शांति निकेतन में ब्रह्मचर्य आश्रम खुला
1911- अमेरिका में डाक बचत बैंक का उद्घाटन हुआ।
1929- महात्मा गांधी लॉर्ड इरविन से मिले।
1938- अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रेंकलिन डी रूजवेल्ट ने पोलियो की बीमारी का इलाज ढूंढ़ने के लिए एक फाउंडेशन की स्थापना की। रूजवेल्ड 1921 में इस बीमारी की चपेट में आए थे।
1943- टेलीविजन पर पहली बार गुमशुदा लोगों के बारे में सूचना का प्रसारण किया गया।
1956 – फ्रांस में एफिल टॉवर के ऊपरी हिस्से में आग लगने से नुकसान।
1959- अलास्का को अमेरिका का 49वां राज्य घोषित किया गया।
1968- देश के पहले मौसम विज्ञान राकेट 'मेनका' का प्रक्षेपण।
1969- मशहूर फॉर्मूला वन कार रेसर माइकल शूमाकर का जन्म हुआ।
1977- स्टीव जॉब्स और स्टीव वोज्नियाक ने एपल की स्थापना की।
1980- अफगानिस्तान के राष्ट्रपति बाबरक कर्माल ने सोवियत हमले को सही ठहराया।
1993- अमेरिका और रूस इस बात पर राजी हुए कि वे अपने-अपने परमाणु हथियारों के भंडार को आधा कर देंगे।
2001- हिलेरी क्लिंटन ने न्यूयार्क के सीनेटर के तौर पर शपथ ग्रहण की। वह देश के इतिहास में पहली पूर्व प्रथम महिला हैं।

**राजनीति** *पंजाब के मामले में पीएमएल-एन है आगे*

# पाकिस्तान में इमरान खान व पीटीआई सबसे लोकप्रिय

**लाहौर, 2 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान में विभिन्न राजनीतिक नेताओं और पार्टियों की स्थिति के बारे में नए जमीनी आकलन से पता चलता है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पीटीआई देश भर में सबसे लोकप्रिय हैं। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, जानकार सूत्रों ने कहा कि पंजाब प्रांत में पीटीआई और पीएमएल-एन के बीच लोकप्रियता का बड़ा अंतर था लेकिन अब ये पीएमएल-एन के पक्ष में जाने लगा है।**

यह अंतर 15 प्रतिशत से घटकर लगभग 5 प्रतिशत हो गया है। दो प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच राष्ट्रव्यापी लोकप्रियता का अंतर अभी भी पीटीआई को पीएमएल-एन की तुलना में कहीं अधिक लोकप्रिय दिखाता है। द न्यूज ने बताया, पंजाब के मामले में, पीएमएल-एन ने सुधार दिखाया है और प्रांत में आम चुनावों में पीटीआई को अच्छी प्रतिस्पर्धा देने के करीब है। सूत्रों ने नए सर्वेक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि पीटीआई की देशव्यापी वर्तमान लोकप्रियता 2018 में उसकी लोकप्रियता से अधिक है, जब पिछला आम चुनाव हुआ था। पीएमएल-एन के मामले में, पार्टी की लोकप्रियता 2018 में जहां थी, उससे कम है। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि अप्रैल 2022 के बाद पंजाब में पीएमएल-एन की लोकप्रियता में लगातार सुधार हो रहा है। 8 फरवरी के आम चुनाव से पहले अगले पांच सप्ताह राजनीतिक दलों के साथ-साथ मतदाताओं के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण बताए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि जैसे-जैसे हर गुजरते दिन के साथ राजनीतिक दलों का चुनाव प्रचार जोर पकड़ेगा, वैसे-वैसे मतदाताओं का रुझान भी बदलेगा।



### चुनाव आयोग ने पीटीआई के शीर्ष नेताओं के नामांकन खारिज किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में जैसे-जैसे आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के लिए राहें कठिन होती जा रही हैं, क्योंकि चुनाव आयोग उन सभी के नामांकन पत्र खारिज करता जा रहा है। ऐसे ताजा मामले में पीटीआई के प्रमुख और संस्थापक इमरान खान समेत पीटीआई के दर्जनों उम्मीदवारों के नामांकन पत्र जांच के दौरान रिटर्निंग अधिकारियों ने खारिज कर दिए हैं। अस्वीकृत उम्मीदवारों में पीटीआई के लगभग सभी शीर्ष नेता शामिल हैं, जिसके कारण उन्हें अपने नामांकन की मंजूरी के लिए अदालत के समक्ष अपील दायर करनी पड़ी।

## दुनिया को जानें

### दुनिया के सबसे बड़े युद्धपोत को फिर से तैनात करेगा अमेरिकी

**वाशिंगटन,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी नौसेना दुनिया के सबसे बड़े युद्धपोत को अपने घरेलू बंदरगाह पर फिर से तैनात करेगी। इसे 7 अक्टूबर, 2023 को इजरायल पर हमास के हमले के तुरंत बाद पूर्वी भूमध्य सागर में भेजने का आदेश दिया गया था। एक बयान में कहा गया, यूएस सिक्स्थ फ्लीट ने यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड की पुन: तैनाती के लिए कोई सटीक तारीख नहीं दी गई है, लेकिन केवल इतना कहा कि युद्धपोत अपनी पहली लड़ाकू तैनाती के बाद आने वाले दिनों में नॉरफ़ॉक वर्जीनिया के अपने होमपोर्ट पर वापस आ जाएगा। यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड को 2017 में अधिकृत किया गया था और यह अमेरिकी नौसेना का सबसे नया विमान वाहक है और 40 से अधिक वर्षों में डिजाइन किए गए नौसेना के पहले नए वाहक वर्ग में प्रमुख जहाज है। एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट जेट लड़ाकू विमानों की एक टुकड़ी के साथ 1,00,000 टन का युद्धपोत हमास के आतंकवादी हमलों के बाद के दिनों में इजरायल के तट पर पहुंचा, जिसमें 1,200 से अधिक लोग मारे गए थे।

# प्रादेशिकी

## कोहरा बना वाहन चालकों के लिए चुनौती

देहरादून। प्रदेश में छाया कोहरा लोगों को सता रहा है। सुबह घरों से निकलने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा। खासतौर पर वाहन चालकों के सामने इस समय चुनौती है। प्रदेश के कुछ जिलों को छोड़ अधिकतर जिलों में आज कोहरा छाया हुआ है। बीते कुछ दिनों से सता रहा कोहरे का सितम इस सप्ताह भी जारी रहेगा। बारिश और पहाड़ों पर बर्फबारी न होने से सूखी ठंड खूब सताएगी। हालांकि, दिन में मौसम शुष्क रहने से ठंड का अहसास होगा। इसके साथ ही दिन के अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस का इजाफा देखने को मिलेगा।

## हिट एंड रन कानून के विरोध में टैक्सी यूनियन की भी हड़ताल



■ थमेंगे 50 हजार टैक्सियों के पहिए
■ लोगों को हो रही भारी परेशानी
■ प्रदेश भर में हो रहा भारी विरोध

**देहरादून,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। कुमाऊं प्रवेश द्वार हल्द्वानी में हिट एंड रन मामले में केंद्र सरकार द्वारा कानून लाये जाने का विरोध हो रहा है। टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष भारत भूषण ने कुमाऊ मंडल में 3 जनवरी यानी कल से हड़ताल का आह्वान किया है। कुमाऊं में कल से 50 हज़ार से अधिक टैक्सियों के पहिये थम जायेंगे। दूसरी तरफ ड्राइवरों की हड़ताल के चलते पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल का संकट गहराने लगा है। हल्द्वानी के कई पेट्रोल पंप पर आज सुबह ड्राई की स्थिति पैदा हो गई थी। पहाड़ों में अधिकतर पेट्रोल पंप ड्राई हो गए हैं। पर्वतीय पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र चड्ढा का कहना है कि सोमवार से हड़ताल के बाद पेट्रोल की सेल में तेजी आई है लेकिन पेट्रोल खत्म होने के आसार नजर आने लगे हैं। टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष भारत भूषण ने कहा कि सरकार को कानून वापस लेना होगा। नहीं तो एक स्वर में इस कानून का विरोध किया जाएगा। हिट एंड रन कानून के विरोध में 1 जनवरी से सभी ट्रांसपोर्टर, रोडवेज़ बस चालक हड़ताल पर है। अब बुधवार से टैक्सी चालकों के हड़ताल पर जाने से पूरे कुमाऊं में यात्रियों को भारी दिक्क़तों का सामना करना पड़ सकता है। गौरतलब यह है कि टैक्सी चालकों ने कहा कि हिट एंड रन कानून को वापस लिया जाए। सरकार के इस नियम की वो घोर निंदा करते हैं। कुमाऊं में इस कानून का जोर–शोर से विरोध किया जा रहा है। टैक्सी चालक 3 जनवरी से कुमाऊं में हड़ताल शुरू कर देंगे। टैक्सी यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि बड़े अफसोस की बात है कि सरकार ऐसे कानून बना रही है जिससे ड्राइवरों के लिए वाहन चलाना मुश्किल हो जाएगा। बुधवार से हड़ताल होने के बाद यात्रियों की परेशानी को देखते हुए सरकार को कोई निर्णय लेना चाहिए, जिससे आम जनता और टैक्सी यूनियन के चालकों को राहत मिल सके।

### टैंकरों के थमे चक्के, तेल भरवाने के लिए पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़

केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून के विरोध का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। हड़ताल के दूसरे दिन ट्रांसपोर्ट की दिक्कत के साथ ही लोगों के सामने पेट्रोल की भी समस्या खड़ी हो गई है। पेट्रोल पंपों पर तेल भरवाने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। मसूरी में एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल खत्म हुआ तो दूसरे पेट्रोल पंप पर भीड़ उमड़ पड़ी। स्थिति यह है कि पेट्रोल भरवाने के लिए सड़क तक लंबी कतार लगी हुई है। रुड़की में थिथौला स्थित आईओसी, एचपी और भारत गैस के सभी चालक चक्का जाम कर हड़ताल पर रहे। तीनों डिपो के चालकों के हड़ताल पर रहने से गढ़वाल मंडल में तेल और गैस का संकट गहराने का खतरा मंडराने लगा है। थिथौला स्थित इंडियन ऑयल कारपोरेशन में 150 से ज्यादा गाड़ियां गढ़वाल मंडल में पेट्रोल, डीजल और कैरोसिन की सप्लाई करती है। इसी के बराबर में हिंदुस्तान पेट्रोलियम में भी करीब 100 गाड़ियां राज्य में डीजल, पेट्रोल और कैरोसिन की सप्लाई करती है।तीनों डिपो के चालक हिट एंड रन कानून के विरोध में चक्का जाम कर हड़ताल पर चले गए हैं। चालकों का कहना है कि जब तक केंद्र सरकार इस नए कानून को रद्द करने का एलान नहीं करती, वह काम पर नहीं लौटेंगे।चालकों के हड़ताल पर चले जाने से तीनों डिपो से तेल और गैस की सप्लाई पूरी तरह बंद हो गई है।चालकों की हड़ताल इसी तरह जारी रही तो पूरे गढ़वाल मंडल में पेट्रोल, डीजल, कैरोसिन का संकट गहरा सकता है।

### रूड़की में भी सड़कों पर उतरे चालक

**रूड़की।** देशभर मे वाहन चालकों द्वारा केंद्र सरकार के हिट एंड रन के नए कानून का विरोध करते हुए हड़ताल की जा रही है। वहीं नए साल के पहले दिन हड़ताल शुरू की गई थी और आज दूसरे दिन भी हड़ताल के चलते यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। साथ ही साथ नगर के कई पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल भी खत्म हो गया और हड़ताल के चलते गाड़ियाँ न पहुँच पाने के कारण अपने वाहनों में पेट्रोल डलवाने जा रहे नगरवासियों को भी वापस लौटना पड़ा। नए कानून के विरोध में आज दूसरे दिन बीएचएल अड्डे पर टेम्पो चालक व ई-रिक्शा चालकों ने नए कानून के विरोध में प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की और सरकार से कानून वापस लेने की माँग की। वाहन चालकों द्वारा इकट्ठा होकर केंद्र सरकार के इस नए कानून के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया। दरअसल केंद्रीय मंत्रीमंडल ने वाहन से दुर्घटना होने पर चालक को 10 वर्ष का करावास और सात लाख का अर्थदंड वसूलने के नए प्रावधान किया है जिसके विरोध में मोटर वाहन चालकों ने प्रदर्शन किया।इस दौरान वाहन चालकों ने कहा कि यह कानून बहुत गलत है। सड़क पर बहुत भीड़ चलती है अगर कोई दुर्घटना घट जाती है तो एक गरीब आदमी इतना बड़ा जुर्माना कैसे भरेगा।

## सीएम धामी ने 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत किया डोर-टू-डोर वाहनों का फ्लैग ऑफ



**देहरादून,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से 'स्वच्छ भारत मिशन' के अन्तर्गत देहरादून शहर में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 58 डोर-टू-डोर वाहनों का फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर उन्होंने सेग्रिगेशन पर आधारित गीत का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन वाहनों की उपलब्धता से नगर निगम को अपशिष्ट प्रबंधन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में स्वच्छता की दिशा में लगातार कार्य किये जा रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन में हम सबको अपना पूरा योगदान देना है। स्वच्छ और सुन्दर दून के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। लोगों में स्वच्छता के प्रति तेजी से जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान निरन्तर चलाये जाएं।

मुख्यमंत्री ने जिन 58 डोर-टू-डोर वाहनों का फ्लैग ऑफ किया उनसे नगर निगम देहरादून के सात विधानसभा क्षेत्रों राजपुर, रायपुर, डोईवाला, धर्मपुर, सहसपुर, मसूरी एवं देहरादून कैंट क्षेत्र से अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य किया जायेगा। डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्रीकरण की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 3.98 करोड़ रूपये की धनराशि से स्पेशल असिस्टेंश स्कीम में नगर निगम द्वारा ये 58 वाहन क्रय किये गये हैं। इस अवसर पर शहरी विकास मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक विनोद चमोली, उमेश शर्मा काऊ, खजान दास, सविता कपूर, निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, नगर आयुक्त देहरादून गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त वीर सिंह बुदियाल एवं नगर निगम देहरादून के अधिकारी उपस्थित थे।

**सार संक्षेप**

### फैक्ट्री में लगी आग, लाखों का सामान खाक

**हरिद्वार।** मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में एक फैक्ट्री में मंगलवार सुबह अचानक आग लगने के कारण फैक्ट्री में रखा लाखों रुपये का माल जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची आधा दर्जन से अधिक दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग से किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के देवबंद रोड स्थित शिव शक्ति भुवन फेक्स नामक पैकिंग कट्टे बनाने की फैक्ट्री है, उसमें अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। फैक्ट्री में अचानक लगी आग से मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों ने तत्काल दमकल विभाग की टीम को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम द्वारा आग का विकराल रूप देखते हुए आसपास की दमकल गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। आधा दर्जन से अधिक दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### लगातार बढ रहा सीजनल इन्फ्लुएंजा का खतरा

**देहरादून।** कोरोना के साथ ही सीजनल इन्फ्लूएंजा का खतरा बढ़ रहा है। दून अस्पताल के रेस्पिरेटरी विभाग में आने वाले सभी मरीजों की इन्फ्लुएंजा की जांच की जा रही है। जिले में दो कोविड के मरीज मिल चुके हैं। वहीं, सीजनल इन्फ्लुएंजा के मरीज भी लगातार बढ़ रहे हैं।अब तक पांच से अधिक इन्फ्लुएंजा ए के मरीज आ चुके हैं। ऐसे में सोमवार से दून अस्पताल में मरीजों के लिए फ्लू ओपीडी भी शुरू हो गई है। पहले दिन यहां पर 20 मरीजों ने इलाज करवाया। दून अस्पताल के एमएस डॉ. अनुराग अग्रवाल ने बताया कि सीजनल इन्फ्ललुंजा और कोविड के लक्षण लगभग एक जैसे होते हैं। इसमें सर्दी, जुकाम, बुखार और बदन दर्द की समस्या होती है। हालांकि कुछ मरीजों में यह ज्यादा और कम हो सकता है। इसके लिए अलर्ट रहने की जरूरत होती है। ऐसे में मरीज को आइसोलेशन की जरूरत होती है। अस्पताल में खांसी, जुकाम और बुखार के मरीजों की इन्फ्लुएंजा जांच की जा रही है। फ्लू ओपीडी में दिखाने के बाद मरीज को संबंधित विभाग में इलाज के लिए भेजा जाएगा। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. सीएस रावत ने बताया कि कोविड का कोई नया मरीज नहीं मिला है। सोमवार को 11 मरीजों की आरटीपीसीआर जांच हुई थी सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई है।

### सुडोकू 6425 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 5 | 1 | 9 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 8 | 2 | 4 | 9 | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 4 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 6 |
| 6 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 1 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 7 | 2 | 1 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 |

## गोवा से 17 करोड़ की धोखाधड़ी कर फरार हुआ आरोपी दून में गिरफ्तार




**देहरादून,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। गोवा में करोड़ों रूपये की धोखाधड़ी कर फरार हुए नटवरलाल को एसटीएफ उत्तराखण्ड व गोवा पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर राजधानी दून से गिरफ्तार कर लिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि बीते दिनों उत्तराखण्ड एसटीएफ को गोवा पुलिस द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया था कि नार्थ गोवा जनपद के पोरवोरिम पुलिस स्टेशन में बीती 29 दिसम्बर को 17 करोड़ की धोखाधड़ी सम्बन्धित मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपी अशोक कुमार मोर्या पुत्र ओरियम मोर्या निवासी बशरतपुर, शाहपुर गोरखपुर, उत्तरप्रदेश, हॉल निवासी लक्ष्मी निवास फ्लैट नं. 472, मेरसेस संत क्रूज नोर्थ गोवा फरार चल रहा था वह उत्तराखण्ड राज्य मे छिपा हुआ है। जिस पर एसटीएफ व गोवा पुलिस द्वारा उसकी सटीक लोकेशन ट्रेस कर उसे बीती शाम राजरानी वैडिंग प्वाईंट सेवला खुर्द थाना पटेल नगर से गिरफ्तार किया गया है।

बताया कि आरोपी अशोक कुमार मोर्या अदिति कंस्ट्रक्शन कम्पनी गोवा में एकाउन्ट कार्यालय में नियुक्त था। जिसके द्वारा कई वर्षो तक कम्पनी में काम करते हुये फर्जी तरीके से कम्पनी के 17 करोड रूपये अपने शेयर मार्केट एकाउन्ट में ट्रान्सफर कर लिये तथा अपने परिवार के साथ सभी मोबाईल नम्बर बन्द करके फरार हो गया था। आरोपी के उत्तराखंड में आने और छिपे होने की सूचना गोवा पुलिस द्वारा एस.टी.एफ. उत्तराखण्ड से साझा की गई। जिस पर उत्तराखण्ड एस.टी.एफ. व गोवा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आरोपी की सटीक जानकारी जुटाकर बीती शाम उसे राजरानी वैडिंग प्वाईंट सेवला खुर्द थाना पटेल नगर से गिरफ्तार कर उसे गोवा पुलिस को सुपुर्द किया गया है।

## हिमाचल में औद्योगिक क्षेत्र में एक हजार करोड़ का नया निवेश आएगा



**शिमला,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। हिमाचल में औद्योगिक क्षेत्र में एक हजार करोड़ रूपए का नया निवेश आएगा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उद्योग विभाग के पास निवेश के 3 दर्जन से अधिक प्रस्ताव आए हैं। इन प्रस्तावों को चर्चा के लिए 4 जनवरी को प्रस्तावित सिंगल विंडो कमेटी की बैठक में पेश किया जाएगा। निवेश बढने् से आत्म निर्भर हिमाचल बनाने की मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की परिकल्पना को संबल मिलेगा।

मुख्यमंत्री सुक्खू को 6 जनवरी को दिल्ली जाने का कार्यक्रम है। दिल्ली जाने से पहले मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 4 जनवरी को शिमला में सिंगल विंडो कमेटी की बैठक प्रस्तावित है। उद्योग विभाग के पास निवेश के लिए जो प्रस्ताव हैं उनमें अधिकांश विस्तार योजनाएं हैं। यानि जो उद्योग यहां पर पहले से लगे हुए हैं वो चाहते हैं कि अपने उद्योगों का आगे बढ़ाएं। ऐसे करीब 20 से ज्यादा प्रस्ताव उद्योग विभाग के पास हैं। यहां मौजूद उद्योगपति अपनी विस्तार योजनाओं को लगातार अंजाम दे रहे हैं। उन्हें उद्योग मित्र वातावरण मिल रहा है जिसके चलते यहां पर उनके द्वारा निवेश किया जा रहा है। हालांकि सरकार नया निवेश लाने के लिए प्रयास कर रही है मगर उतनी ज्यादा संख्या में नया निवेश नहीं आ पा रहा है। वैसे हाल ही में सीएम दुबई भी गए थे जहां पर भी नए निवेशकों के साथ चर्चा हुई है। अभी सीएम का अमेरिका का भी प्रस्तावित दौरा है जहां से भी निवेश लाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। यह प्रयास कितने फलीभूत होते हैं यह समय बताएगा मगर अभी सरकार निवेशकों को रिझाने के लिए लगातार कोई न कोई फैसले ले रही है। निवेशक चाहते हैं कि उनको यहां पर आसानी से जमीन उपलब्ध हो तो सरकार ने यहां अपना लैंड बैंक भी बना रखा है। इस लैंड बैंक को बढ़ाया जा रहा है। इसमें 10 हजार बीघा के करीब जमीन हो चुकी है जोकि प्रदेश के अलग.अलग क्षेत्रों में है। सरकारी जमीन को उद्योग विभाग के नाम करने का प्रयास चल रहा है। यहां पर नए इंडस्ट्रीयल एरिया भी स्थापित करने को उद्योग विभाग की मुहिम चल रही है। पिछले दिनों घुमारवीं व हमीरपुर में दो नए इंडस्ट्रीयल एरिया चिन्हित किए गए हैं जहां के लिए भी अब सरकार को निवेश चाहिए। वहीं पेप्सी जैसा प्लांट भी हिमाचल प्रदेश में लाया गया है जिसमें भी 200 करोड़ से ऊपर का निवेश यहां पर हुआ है। इस तरह से बड़े निवेशक आएं तो प्रदेश में न केवल रोजगार बढ़ेगा बल्कि कई और मामलों में भी फायदेमंद रहेंगे। ऐसे में सिंगल विंडो कमेटी की बैठक अब होनी प्रस्तावित हैं जिसमें देखना होगा कि कितना नया निवेश यहां पर आता है। जो प्रस्ताव फिलहाल आए हैं उनमें अधिकांश बीबीएन एरिया के हैं जहां के उद्योगपति अपने उद्योगों का विस्तार कर रहे हैं।

उधर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने इस मुद्दे पर संपर्क करने पर कहा कि 4 जनवरी को सिंगल विंडो कमेटी की बैठक प्रस्तावित है , मगर यह सीएम की उपलब्धता पर ही निर्भर करेगा। लगभग एक हजार करोड़ रूपए का निवेश यहां पर होना प्रस्तावित है। उद्योगपतियों को जो चाहिए वो सरकार देने का प्रयास कर रही है जिससे उम्मीद है कि आने वाले समय में निवेश और अधिक बढ़ेगा।

## अदालती आदेशों के बाद हिमाचल सरकार ने आईपीएस अधिकारी संजय कुंडू को डीजीपी के पद से हटाया



**शिमला,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। अदालती आदेशों के बाद हिमाचल सरकार ने आईपीएस अधिकारी संजय कुंडू को डीजीपी के पद से हटा दिया है। कुंडू को सरकार ने आयुष विभाग के प्रधान सचिव का जिम्मा सौंपा है। कुंडू के पद से हटने के बाद अब सचिवालय के गलियारों में सूबे के नए डीजीपी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। फैसला मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को ही लेना है। सनद रहे कि डीजीपी संजय कुंडू हिमाचल हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट भी गए हैं। कुंडू ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की हुई है। सूत्रों के मुताबिक बुधवार को मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो सकती है। कांगड़ा जिले के एक कारोबारी निशांत शर्मा से जुड़े मामले में हाईकोर्ट ने डीजीपी संजय कुंडू व कांगड़ा की पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री को पद से हटाने के निर्देश थे। कारोबारी की शिकायत से जुड़े मामले की जांच प्रभावित न होए इसके लिए हाईकोर्ट ने सरकार को आदेश दिए थे। निशांत शर्मा से जुड़े मामले की सुनवाई अदालत में 4 जनवरी को होनी है। ऐसे में सरकार ने मंगलवार को ही डीजीपी कुंडू को पद से हटाकर प्रधान सचिव के पद पर नियुक्ति दे दी है। माना जा रहा है कि अदालत में मामले की सुनवाई से पहले सरकार शालिनी अग्निहोत्री को भी किसी दूसरी जगह तैनाती देगी। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की ओर से जारी अधिसूचना में बताया गया कि सिविल सर्विस बोर्ड की सिफारिश पर 1989 कैडर के आईपीएस अधिकारी संजय कुंडू को प्रधान सचिव आयुष नियुक्त किया गया है। प्रधान सचिव कार्मिक डॉ अमनदीप गर्ग से आयुष विभाग का अतिरिक्त कार्यभार वापस लेकर कुंडू को दिया गया है।

### सूबे का डीजीपी अब कौन

संजय कुंडू हिमाचल काडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। उनसे वरिष्ठ 1988 बैच के हिमाचल काडर के आईपीएस तपन कुमार डेका दिल्ली में आईबी में सेवाएँ दे रहे हैं। कुंड के ही 1989 बैच के आईपीएस एसआर ओझा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौट आए हैं। ओझा के बाद 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी श्याम भगत नेगी भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर ही हैं। उनके बाद 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी अतुल वर्मा हैं। माना जा रहा है कि सरकार वरिष्ठता के हिसाब से इन अधिकारियों में से ही किसी एक को डीजीपी का जिम्मा सौंपेगी।

## यातायात व्यवस्था सबसे बडी चुनौती: डीजीपी



**देहरादून,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने कहा कि प्रदेश में पुलिस के सामने अपराध कानून व्यवस्था के साथ ही यातायात सबसे बडी चुनौती है जिसमें सुधार लाया जायेगा।

मंगलवार को सरदार पटेल भवन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए अभिनव कुमार ने कहा कि प्रदेश में अपराध व कानून व्यवस्था के साथकृसाथ यातायात भी सबसे बडी चुनौती है जिसमें सुधार लाया जायेगा। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य है कि उत्तराखण्ड पुलिस देश की टॉपकृ5 पुलिस फौर्स में शामिल रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले साल सडक दुघर्टनाओं में 14 सौ से अधिक मौते हुई हैं दुर्घटनाओ में कमी लाने का भी प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड पर्यटन स्थल हैं यहां पर प्रत्येक वर्ष चार धाम यात्रा, कांवड यात्रा होती हैं यह भी पुलिस के लिए काफी चुनौती वाला काम होता है लेकिन प्रदेश पुलिस प्रत्येक चुनौती के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहाडी क्षेत्रों में होने वाली दुघर्टनाओं में रेस्क्यू आपरेशन चलाने के लिए एसडीआरएफ की अहम भूमिका रहती है तथा अभी तक एसडीआरएफ ने बहुत ही अच्छा कार्य किया है जिसको ध्यान में रखते हुए कुमांऊ मंडल के लिए भी अलग से एसडीआरएफ का गठन करने की योजना बनायी गयी है जिसको जल्द पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ड्रग्स भी एक समस्या है तथा उनका प्रयास ड्रग्स प्रफी उत्तराखण्ड बनाने का रहेगा। अभिनव कुमार ने कहा कि इसके साथ ही साइबर ठगों पर भी नकेल कसी जायेगी तथा उनकी सम्पत्तियों को राज्य सरकार में निहित करने की तैयारी की जायेगी। प्रेसवार्ता में एडीजी प्रशासन अमित सिन्हा, आईजी रेंज करन सिंह नगन्यालय, आईजी निलेश आनंद भरणे भी मौजूद थे।

## सुक्खू ने विंटर कार्निवल मनाली का शुभारम्भ किया



■ महिला मंडलों की प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर 25 हजार रुपये करने की घोषणा की

**शिमला,** 1 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कुल्लू जिला के मनाली में पांच दिवसीय राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवल का शुभारम्भ किया। उन्होंने ऐतिहासिक हिडिम्बा मंदिर में पूजा-अर्चना करने के उपरान्त परिधि गृह मनाली से कार्निवल परेड को झंडी दिखा कर रवाना किया। हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों के 250 से अधिक महिला मंडल और सांस्कृतिक दल परेड में शामिल हुए। सांस्कृतिक दलों ने सामाजिक सन्देश, संस्कृति और परम्पराओं पर आधारित आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मनु रंगशाला में दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विंटर कार्निवल में विभिन्न राज्यों के 25 प्रतिभागी समूह भाग ले रहे हैं। उन्होंने महिला मंडलों, विभागों और संस्थाओं द्वारा निकाली गई झांकियों में गहरी रुचि दिखाई।

इस अवसर पर एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने महिला मंडलों को प्रदान की जाने वाली 'प्रोत्साहन राशि' को 20 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये करने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त मनाली में 15 मील के पास नए पुल के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि रोहतांग-मनालसू पर्यटन होटल का जीर्णोद्धार किया जाएगा और विद्युत बोर्ड की भूमि पर पार्किंग बनाने की संभावना तलाशने के लिए भी सर्वेक्षण किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने निकट भविष्य में मनाली में स्कीइंग कार्यक्रम आयोजित करने की भी घोषणा की।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पिछले वर्ष आपदा के दौरान कुल्लू जिला में भारी क्षति हुई थी। उन्होंने कुल्लू में आपदा के दौरान तीन दिन तक स्वयं राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से तीन दिनों के भीतर बिजली और पानी जैसी आवश्यक सेवाएं अस्थायी रूप से बहाल कर दी गईं थीं और क्षेत्र में फंसे 75 हजार पर्यटकों और 15 हजार वाहनों को 48 घंटों के भीतर सुरक्षित बचाया गया।

शिमला में हुई तबाही के कारण वह 15 अगस्त को कुल्लू में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में भाग नहीं ले पाए थे, क्योंकि शिमला में 14 अगस्त को एक ही दिन में 51 लोगों की मृत्यु हो गई थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के कारण राज्य में 16,000 घर क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि 4,000 पूरी तरह से नष्ट हो गए। उन्होंने आपदा के दौरान आधारहीन बयानबाजी करने के लिए भाजपा नेताओं की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि विधानसभा सत्र के

## केंद्र सरकार के दबाव में हिमाचल सरकार ने हाटी समुदाय को मिला अधिकार : बरागटा

**शिमला,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्वारा हाटी समुदाय को एसटी का दर्जा दिए जाने वाला क़ानून पास होने के बाद भी उसे पांच महीनें तक लटकाए रखना प्रदेश कांग्रेस सरकार की हाटी समुदाय के प्रति नकारात्मक सोच को प्रदर्शित करता है,ये बात प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कही। उन्होंने कहा कि जब केंद्र सरकार की तरफ से प्रदेश सरकार को इस मामले में फटकार लगी तो,आनन-फानन में प्रदेश की कांग्रेस सरकार अधिसूचना जारी कर दी। चेतन बरागटा ने हाटी समुदाय को एसटी का दर्जा दिये जाने की अधिसूचना जारी होने पर सभी को बधाई दी,छह दशक से ज़्यादा लंबी लड़ाई आज निर्णायक स्थिति में पहुंची और हाटी समुदाय को उनका हक़ मिला। हाटी समुदाय को जनजातीय घोषित करने से इस क्षेत्र की ढाई लाख लोग लाभान्वित होंगे।

उन्होंने कहा कि हाटी समुदाय को उनका हक दिलाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह,पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

चेतन बरागटा ने कहा कि कांग्रेस ने हाटी समुदाय को उनके हक़ से दूर रखने का हर संभव प्रयास किया। जिस स्पष्टीकरण की मांग को लेकर यह बिल अटकाया गया था उसका पूर्ण स्पष्टीकरण जयराम सरकार के समय बनाए गए ड्राफ्ट में मौजूद था। सरकार की इस लेट लतीफ़ी की वजह से हज़ारों युवाओं के भविष्य साथ खिलवाड़ हुआ। चेतन बरागटा ने कहा कि जो हक़ राजनीतिक रसूख कारण जौनसार बाबर को 56 साल पहले मिल गया था, वह भारतीय जनता पार्टी के कारण आज जाकर हाटी समुदाय को मिला है।

# प्रादेशिकी

## नगर पालिका द्वारा अलाव के लिए डाली जा रही गीली लकड़ी

**फर्रुखाबाद,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। अचानक बढ़ी ठंड से आम जनमानस ही नहीं, पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। वहीं लोगों को ठंड से राहत दिलाने के नाम पर कुछ समाजसेवियों को छोड़ दें तो प्रशासनिक मशीनरी भी पूरी तरह बेसुध पड़ी है। शहर के विभिन्न स्थानों पर नगर पालिका परिषद द्वारा जलवाए जा रहे अलावों की हालत यह है कि गरीबों व राहगीरों के लिए जलने वाले अलाव में आग तो दूर धुंआ तक नहीं उठ रहा है। गीली लकड़ी की आपूर्ति कर नपा कर्मी ही अपना हाथ सेंकने में जुटे हैं, जबकि नपा अधिकारी इससे अंजान बने बैठे हैं। बता दें कि जनवरी माह के आरम्भ से ठंड ने कहर बरपाना शुरू कर दिया। कई दिन तक सूर्य देवता के दर्शन नहीं हुए, नपा अधिकारियों को अलाव की याद आई। प्यास लगने पर कुंआ खोदने वाली कहावत चरितार्थ करते हुए कड़ाके की ठंड में लकड़ी की तलाश शुरू हो गई।

# जन योजनाओं का आज हो रहा क्रियान्वयन : योगी

**लखनऊ,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गरीबों के हक पर डकैती डालने वालों को आज जाति दिखाई पड़ती है। वह लोग समाज को विभाजित करने का कार्य कर रहे हैं। हमें ऐसे लोगों से सावधान रहकर समाज को एकजुट करते हुए राष्ट्रीय सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करना होगा। सीएम योगी मंगलवार को विकसित भारत

- **मुख्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लाभार्थियों से किया संवाद**
- **विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य हर व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली लाना**

संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज देश में गरीबों के लिए सिर्फ योजनाएं ही नहीं बन रही हैं बल्कि उनका क्रियान्वयन भी हो रहा है। शासन की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के गांव, गरीब और नौजवान तक पहुंच रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य हर व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली लाना है। मुख्यमंत्री योगी ने लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम के तहत मेरठ, बस्ती, चंदौली, महोबा और बाराबंकी के लाभार्थियों से बातचीत की। इस दौरान वह प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 800 स्थानों पर आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से ऑनलाइन जुड़े।




**गरीबों के हक पर डकैती डालने वालों को आज जाति दिखाई पड़ती है : योगी**

सीएम योगी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत प्रदेश में 642 मोदी गारंटी वैन चल रही हैं। उत्तर प्रदेश के 57709 ग्राम पंचायतों में से अब तक 36983 ग्राम पंचायतों में मोदी गारंटी वैन पहुंच चुकी है। साथ ही 762 नगर निकायों में 1027 कार्यक्रम आयोजित हो चुके हैं। अब तक प्रदेश के अंदर लगभग पौने तीन करोड़ लोगों से यह यात्रा जुड़ चुकी है।

योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आज जहां-जहां मोदी गारंटी वैन पहुंच रही है, वहां हजारों की संख्या में लोग इससे जुड़ रहे हैं, जहां भी वैन जा रही है वहां कैम्प लग रहे हैं, जिन लोगों को योजनाओं का लाभ अभी तक नहीं मिल पाया है उन्हें वहां ले जाएं और उनका रजिस्ट्रेशन कराकर योजनाओं से आच्छादित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के पंच प्रण गुलामी की मानसिकता से मुक्त, विकसित भारत, विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता एवं नागरिक कर्तव्य की बात करते हुए कहा कि जब 140 करोड़ लोग एक स्वर और नेतृत्व में आगे बढ़ेंगे तो दुनिया की कोई ताकत विकसित भारत बनने से रोक नहीं सकती है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार की मेहनत का परिणाम है कि आज प्रदेश के अंदर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 55 लाख गरीबों को घर मिला है, तीन करोड़ लोगों को शौचालय, 1.75 लाख गरीबों को उज्ज्वला योजना के तहत फ्री गैस कनेक्शन, 1 करोड़ 54 लाख परिवारों को फ्री में बिजली का कनेक्शन, 1 लाख 21 हजार गांवों तक बिजली पहुंची है, 10 करोड़ लोग आयुष्मान भारत योजना से कवर हुए हैं और 15 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है। यह योजनाएं आज हर व्यक्ति के जीवन में व्यापक परिवर्तन का आधार बन रही हैं। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले साढ़े नौ वर्ष में देश ने प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति की है।

## लखनऊ मेट्रो का विस्तार राजधानी की आवश्यकता : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ की आवश्यकता के लिए लखनऊ मेट्रो के विस्तार के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में लखनऊ, आगरा और कानपुर मेट्रो की समीक्षा की और कहा कि मेट्रो सेवाओं के विस्तार में निजी क्षेत्र सहयोग का उत्सुक है। हमें उनका सहयोग लेना चाहिए। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ में चारबाग से चौक होते हुए वसंतकुंज तक मेट्रो के नए चरण के लिए डीपीआर तैयार कराएं। अंडरग्राउंड/एलिवेटेड की उपयुक्तता के परीक्षण कराएं। यथाशीघ्र प्रस्ताव तैयार कराकर प्रस्तुत करें। यह फेज एक बड़ी आबादी की अत्याधुनिक नगरीय परिवहन की सुविधा से जोड़ने वाला होगा। वर्तमान में लखनऊ में संचालित हो रही मेट्रो को एक ओर आईआईएम तक तथा दूसरी ओर एसजीपीजीआई तक विस्तार दिया जाना चाहिए। निजी क्षेत्र की अनेक कंपनियां इसके लिए सहयोग देने को इच्छुक हैं। ऐसे में हमें पीपीपी मोड पर विस्तारीकरण के लिए विचार करना चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेट्रो रेल परिसर में व्यावसायिक गतिविधियों को और प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। पैसेंजर सर्विस और सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं। भूमिगत मेट्रो परियोजनाओं के लिए कार्य करते समय सभी सुरक्षा प्रबन्ध सुनिश्चित किए जाएं। मानकों का कड़ाई से अनुपालन किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानपुर और आगरा में मेट्रो के दो-दो नए फेज पर कार्य जारी है। जनहित के किसी भी प्रोजेक्ट के लिए कोई धनाभाव नहीं है। धनराशि समय पर जारी की जाए। संवाद, समन्वय के साथ तय समयसीमा के भीतर परियोजनाओं को पूरा कराएं। गौतमबुद्धनगर व 17 नगर निगमों में इलेक्ट्रिक बसों तथा ई-रिक्शा को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# साल के अंत तक उप्र को मिलेगा भारत का दूसरा सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे

**लखनऊ,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी महाकुंभ 2025 से पहले उत्तर प्रदेश को एक और बड़ी सौगात देने की तैयारी में हैं। देश के दूसरे सबसे लंबे एक्सप्रेस-वे को साल के अंत तक संचालित करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने यूपीडा के अधिकारियों को दिये हैं। उत्तर प्रदेश फिलहाल देश में सर्वाधिक एक्सप्रेस-वे वाला राज्य है। यहां 6 एक्सप्रेस-वे संचालित हैं, जबकि 7 निर्माणाधीन हैं। इनमें गंगा एक्सप्रेस-वे सीएम योगी की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना है।

**महाकुंभ 2025 से पहले गंगा एक्सप्रेस-वे के रूप में यूपी को बड़ी सौगात देंगे मुख्यमंत्री**

गंगा एक्सप्रेस-वे की प्रस्तावित लंबाई 594 किमी है, जो मुम्बई-नागपुर एक्सप्रेस-वे के बाद देश का दूसरा सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे बनने जा रहा है। वहीं भारत के टॉप 10 लंबे एक्सप्रेस-वे में भी प्रदेश के चार एक्सप्रेस-वे पहले से ही अपना स्थान बनाए हुए हैं। गंगा एक्सप्रेस-वे के संचालन के साथ ही शीर्ष 10 में यूपी के 5 एक्सप्रेस-वे शामिल हो जाएंगे। योगी आदित्यनाथ की ख्याति पर्सन ऑफ एक्शन के रूप बढ़ती ही जा रही है। जन कल्याणकारी योजनाओं के साथ ही इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के प्रोजेक्ट्स को द्रुत गति से धरातल पर उतारने के लिए संकल्पबद्ध योगी सरकार अब गंगा एक्सप्रेस-वे को कार्यान्वित करने में जुटी हुई है। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यदायी एजेंसी यूपीडा के अधिकारियों के साथ इस संबंध में गहन बैठक करते हुए हर हाल में साल के अंत तक गंगा एक्सप्रेस-वे को संचालित करने के निर्देश दिये हैं। 2025 में महाकुंभ से पहले ही इस बहुप्रतीक्षित एक्सप्रेस-वे को शुरू कर दिया जाएगा। प्रदेश को पूरब से पश्चिम तक जोड़ते हुए ये एक्सप्रेस-वे 12 जिलों के 518 गांवों से होकर गुजरेगा। इसके बाद मेरठ से हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली और प्रतापगढ़ होते हुए प्रयागराज तक की दूरी को महज कुछ घंटों में ही तय किया जा सकेगा।

गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ-बुलंदशहर (एनएच 334) पर बिजौली गांव से शुरू होकर प्रयागराज में (एनएच 19) पर जूडापुर दादू गांव के समीप पर समाप्त होगा। 7467 हेक्टेयर भूमि पर तैयार होने वाले इस एक्सप्रेस-वे परियोजना की लागत 36,230 करोड़ रुपए है। गंगा एक्सप्रेस-वे को शुरुआत में छह लेन, जबकि आगे चलकर आठ लेन में विस्तार किये जाने का प्रस्ताव है। इसकी डिजाइन स्पीड 120 किमी प्रतिघंटा होगी।

## सार संक्षेप

### आचार्य श्री 108 सुनील सागर 35 मुनियों ससंघ मवाना पहुंचे

**मवाना।** हस्तिनापुर तीर्थ स्थल से आचार्य श्री 108 सुनील सागर महाराज का आगमन मंगलवार को धर्मनगरी मवाना में पहली बार 35 मुनियों ससंघ हुआ। उनको बड़े ही धूमधाम के साथ जैन समाज मवाना ने प्रवेश कराया। हस्तिनापुर से जैन मंदिर मवाना तक विहार कराया गया। मवाना के रोडवेज बस स्टैंड पर सभी भक्तों ने बैंड बाजो के साथ भक्तिपूर्वक नृत्य करके आचार्य को मवाना लाया गया और सभी महिलाओं ने आचार्य सुनील सागर महाराज की आरती उतार कर पुण्य अर्जन किया। सभी पुरुषों ने पाद प्रक्षालन अपने घर के आगे किया और महिलाओं ने आचार्य श्री की आरती उतारी। आचार्य श्री के स्वागत में पूरे जैन मंदिर और जैन अतिथि भवन वाली गली को सजाया गया। इसमें राजेंद्र जैन, विनय जैन, अक्षय जैन, मुदित जैन, अर्पित जैन, सारथी जैन, अर्चित जैन, शुभम जैन, नीरू जैन, रूबी जैन, स्वस्ति जैन, बबिता जैन, सुमन जैन, सुनीता जैन, सविता जैन अंजलि जैन और पूरे जैन समाज मवाना और महिलाओं का पूर्ण सहयोग रहा।

### पिकअप व ई-रिक्शा की भिड़ंत में दो की मौत

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद जिले के कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को पिकअप वाहन और ई-रिक्शा की भिड़ंत में एक बुजुर्ग महिला और एक बालक की मौत हो गई जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दरियागंज से कायमगंज स्टेशन पर मंगलवार दोपहर कुछ यात्री ई-रिक्शा पर जा रहे थे कि कोतवाली क्षेत्र के टेडीकोन वरझाला के समीप सामने से आ रही एक पिकअप ने जोरदार टक्कर मारी दी। इस दुर्घटना में ई रिक्शा सवार रेशम देवी, मायादेवी, अभय, मोनी, कार्तिक, श्रुति, काजल व नन्ही देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां मायादेवी व अभय को मृत घोषित कर दिया गया।

### नेपाल सीमा पर 424 सुरक्षा समितियां कर रही निगरानी

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती परिक्षेत्र के सिद्धार्थनगर जिले मे भारत-नेपाल सीमा पर आरपेशन कवच के तहत 424 सुरक्षा समितियां निरन्तर निगरानी कर रही है। पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) रामकृष्ण भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि नेपाल सीमा पर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये है। आपरेशन कवच के तहत जनपद सिद्धार्थनगर में नेपाल बार्डर से 10 किलोमीटर अन्दर आने वाले 424 गांवो में ग्राम सुरक्षा समिति का गठन किया गया है।

### शातिर अपराधी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले की देवबन्द कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद 25 हजार रुपए के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मकबरा पुलिया भनैडा रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान एक मोटर साइकिल पर सवार दो लोगों को रुकने का संकेत दिया गया जिस पर बदमाशों ने फायरिंग करते हुये भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर मोटर साइकिल फिसल गई।

# यूपी क्रिकेट टीम में डीएवी मेरठ के दो छात्रों को बड़ी जिम्मेदारी

**मेरठ,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। शास्त्रीनगर स्थित डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल के 10 छात्रों का उत्तर प्रदेश क्रिकेट टीम में चयन हुआ। वहीं दो छात्रों को इस टीम की महत्वूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। इस उपब्धि पर डीएवी की रीजनल ऑफिसर डा. अल्पना शर्मा व प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने चयनित छात्रों को बधाई दी। आगामी 7,8,9 जनवरी को हरियाणा के फरीदाबाद जिले में डीएवी की क्रिकेट टीमों का नेशनल खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में सभी 21 राज्यों से डीएवी की टीमें प्रतिभागिता करने पहुंच रही हैं। यूपी की टीम के लिए डीएवी मेरठ के 10 छात्रों का चयन किया गया है। वहीं डीएवी मेरठ के 12वीं के छात्र अराध्य सती को कप्तान व हर्ष वर्धन भारद्वाज को उप कप्तान बनाया गया है। जिसके बाद से स्कूल प्रबंधन में खुशी का माहौल देखा गया।




- **हरियाणा में होगा नेशनल, 21 राज्यों से डीएवी की टीमें पहुंचेगी**
- **आगामी 7, 8 व 9 जनवरी को होगा टूर्नामेंट**

# कर प्रपत्र नहीं छपवाए, पालिका लिपिक से मांगा स्पष्टीकरण

**मवाना,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका 9 सालों से मवाना चीनी मिल पर कर निर्धारण नहीं कर सकी। नौ सालों से आय के स्रोत की अनदेखी की गई। यह मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है।

पालिका चेयरमैन ने इस मामले में स्वकर निर्धारण प्रपत्र नहीं छपवाये जाने पर लिपिक की लापरवाही मानी और उससे एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा गया है। दूसरी ओर पालिका के अवर अभियंता को मवाना मिल के स्वकर निर्धारण के कार्य में नापतौल के लिए कर अधीक्षक के साथ काम करने के आदेश जारी किए है। मवाना नगर पालिका की सीमा से पहले मवाना शुगर मिल बाहर था। वर्ष 2006 में नगर पालिका ने कार्रवाई करते हुए मवाना नगर पालिका ने इस मिल को सीमा में ले लिया। इस मामले को लेकर मवाना शुगर मिल ने उच्च न्यायालय में वाद दायर कर दिया। उच्च न्यायालय ने 12 दिसम्बर 2014 को निर्णय दिया कि नगर पालिका द्वारा वर्ष 2007-2012 और वर्ष 2013-18 के लिए किए गए कर निर्धारण की कार्यवाही का निरस्त करते हुए फ्रेश नोटिस देकर नियमानुसार व विधिनुसार आपत्तियों का निस्तारण करते हुए फ्रेश एसेसमेंट आर्डर करने के आदेश दिये गये हैं। दिसम्बर वर्ष 2014 को उच्च न्यायालय के दिए गए निर्णय पर कई सालों से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

- **अभियंता को कर अधीक्षक के साथ नापतौल के दिए आदेश**
- **मामला : 9 सालों से मवाना मिल पर कर निर्धारण नहीं हो सका**

नगर पालिका के चेयरमैन अखिल कौशिक ने 30 दिसम्बर 2023 को पालिका के कर अधीक्षक को नोटिस जारी करते हुए उनकी लापरवाही मानी और उन्हें 15 दिनों में कर निर्धारण के आदेश दिये थे। पालिका कर अधीक्षक अनिल यादव ने जानकारी दी कि पालिका ने अभी तक स्वकर निर्धारण प्रपत्र नहीं छपवाए है।

इस कारण कर निर्धारण कार्य पूरा नहीं हो सकता। वहीं मवाना मिल की कर निर्धारण में नापतौल का कार्य अभियंता कर सकते हैं। इसी परिपेक्ष्य में चेयरमैन अखिल कौशिक ने मंगलवार को सम्बंधित लिपिक को चेतावनी पत्र जारी करते हुए कहा कि स्वकर निर्धारण प्रपत्र छपवाने को आख्या चार अक्टूबर 23 को प्रस्तुत की थी लेकिन एक जनवरी तक प्रपत्र नहीं छपवाए गए। यह घोर लापरवाही है।

# तीन दिन से लापता महिला का नहीं लगा कोई सुराग

**मवाना,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। नगर के मौहल्ला कल्याण निवासी महिला तीन दिन पहले लापता हो गई है। परिजनों ने सभी जगह महिला की तलाश की लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया। पति अरमान पुत्र युसुफ ने थाने पर दर्ज करवाई प्राथमिकी में कहा है कि उसकी पत्नी शुक्रवार को बैंक से पैसे निकालने गई और अचानक ही गायब हो गई है। मवाना थाना क्षेत्र के मोहल्ला कल्याणसिंह के अटोरा रोड निवासी अरमान मलिक की पत्नी पिछले तीन दिनों से लापता है। तीन बच्चों की मां घर से दोपहर बैंक से पैसे निकालने के लिए निकली थी लेकिन अभी तक उसका पता नहीं लग चुका है। जब देर शाम तक मिला घर वापसी नहीं लौटी तो परिजनों में खलबली मच गई। महिला के लापता होने के बाद परिजनों ने ढूंढ़ने का प्रयास किया लेकिन कोई पता नही लगा। पीडित ने रविवार को थाने पर मामले की तहरीर दी। फिलहाल परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट मवाना थाने में दर्ज करा दी है।

# कानून वापसी की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन

**मेरठ,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष अवनीश काजला ने कांग्रेस पार्टी की और से उनकी मांगों का समर्थन किया। जिला अध्यक्ष अवनीश काजला ने कहा कि ड्राइवर भाईयो की मांग का मेरठ कांग्रेस समर्थन करती है, सरकार को ड्राइवर भाईयो की मांग पर ध्यान देना चाहिए ऐसे कानून जिससे लोगो के मन मे शंका हो वो उनके हित मे नही हो सकता सकता। धरने प्रदर्शन मे कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष अवनीश काजला ने प्रशासन से बात कर इनकी मांगो पर दोबारा विचार सरकार करे, ओर इनकी बात सरकार तक पहुंचाए,। धरने मे प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौपा गया। प्रवक्ता हरिकिशन अंबेडकर ने कहा कि सरकार को यह कानून तुरंत वापस लेना चाहिए यह कानून व्यावहारिक नहीं है, ड्राइवर की हड़ताल से आमजन को बहुत परेशानी हो रही है। इस अवसर पर डा जाहिद वाहिद, सरताज चौधरी, सुमित विकल, फरहान त्यागी, रागिब जैद, संदीप, राजू ड्राइवर, सलीम, जाहिद मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



## हृदयनाथ सिंह के निधन से भाजपा में शोक की लहर

**लखनऊ,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री हृदयनाथ सिंह के निधन पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया है। नड्डा के प्रतिनिधि के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह और राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) शिव प्रकाश ने दिवंगत नेता के जौनपुर स्थित पैतृक आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर सिंह के पार्थिव देह पर भाजपा का ध्वज ओढ़ाकर पुष्पांजलि अर्पित की।



**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कस्बा किठौर में थाना पुलिस द्वारा पैदल मार्च निकाला गया। थाना प्रभारी सुनील कुमार के नेतृत्व में पहुची टीम ने कनून व्यवस्था का जायजा लिया। टीम में इंस्पेक्टर सौरभ शुक्ला, सब इंस्पेक्टर सुषमा राजपूत, सब इंस्पेक्टर विनीत कुमार, सब इंस्पेक्टर गौरव चौधरी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।** फोटो देशबन्धु

## सपा ने नए कानून का किया विरोध

**मवाना,** 2 जनवरी (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी ने देश भर के चालकों के लिए बनाए गए नए कानून का विरोध करते हुए राष्ट्रपति भारत सरकार के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को दिया। ज्ञापन में समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव किशोर टॉक और नरवैर सिंह खालसा के नेतृत्व में अनेक कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया और ऐसे कानून को वापस लेने की मांग की गई। सपा नेता किशोर टॉक व नरवैर सिंह खालसा ने अनेक कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर कराकर भारत सरकार की राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में कहा कि भारत सरकार के नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 धारा 304 ए जिसमें चालकों को मार्ग दुर्घटना में 10 वर्ष की सजा का प्रावधान किया गया है, इस कानून जिनका समाजवादी पार्टी विरोध करती है। समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव किशोर टॉक ने विरोध जताते हुए कहा कि दुर्घटना के बाद चालक यदि घटनास्थल से भाग न जाए तो जनता उसे बगैर दोष सिद्ध किये ही पीट-पीटकर मार डालेगी।

**प्रदर्शन** *हड़ताल की खबरों के बीच पेट्राल पंप पर तेल भरवाने की लगी भीड़*

# हिट एंड रन कानून के खिलाफ ड्राईवर लामबंद, हड़ताल पर बैठे

**मेरठ, 2 जनवरी (देशबन्धु)। आमजन के लिए जानलेवा साबित हो रहे तेज रफ्तार वाहन चालकों पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र सरकार ने हिट एंड रन कानून बनाते हुए हादसा करने वाले चालकों के खिलाफ सजा और जुर्माने का प्रावधान किया है। कानून को लेकर बस व ट्रक ड्राईवरों में काफी रोष है। ड्राईवरों द्वारा पेट्रोल आपूर्ति रोके जाने की आशंका के चलते मंगलवार शाम को पेट्रोल पंप पर लगी लंबी कतार देखने को मिली। साल के पहले दिन हिट एंड रन कानून को केंद्र सरकार ने जैसे ही अमली जामा पहनाने की कवायद की तो इसके खिलाफ ट्रक।**

- **नए कानून में चालकों की अनदेखी को लेकर रोष**
- **पेट्रोल पंप पर तेल लेने की लगी रही होड़**
- **पेट्रोल पंप कर्मियों के छूटे पसीने**

और बस ड्राईवर लामबंद हो गए। तेल आपूर्ति रोके जाने की आंशका के चलते आमजन स्टॉक करने के लिए पंप पर उमड़ने लगा। ज्यादातर पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखी गई।

इस्टर्न कचहरी रोड स्थित ऑयल सप्लाईंग कंपनी के मैनेजर सुनील शर्मा ने बताया कि उनके पंप पर भीड़ तो है लेकिन उचित व्यवस्था बनाकर सभी को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। इधर ड्राईवरों के हित में काम करने वाले संगठनों का कहना है कि हादसे के बाद अगर ट्रक ड्राईवर मानवीय आधार पर पीड़ित की मदद करने को रुक जाता है और इस दौरान मॉब लिंचिंग का शिकार होकर जान गंवा देता है तो उसके परिवार की मदद के लिए सरकार के पास कोई कानून नहीं है।

ऐसे में आमजन की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध सरकार से हिट एंड रन कानून में व्यापक फेरबदल कर इसे सबके हित में तैयार करने तक हड़ताल जारी रखने की ओर संगठन ने इशारा किया है।



### क्या है कानून

संसद में बिल पास किया है जिसमें बिल में यह बताया जा रहा है कि जो भी ड्राइवर एक्सीडेंट करके भागेगा तो उसे 10 साल की सजा का प्रावधान किया है अगर ड्राइवर एक्सीडेंट में हुए घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल तक पहुंचाता है तो उसकी सजा कम करने का भी प्रावधान है जिसको लेकर चालक कल्याण ड्राइवर संगठन का कहना है इस बिल में ड्राइवर का हितों ध्यान नहीं रखा गया है इसमें ज्यादातर ड्राइवर संगठन नाराज नजर आ रहे हैं।

## प्रतापगढ़ में बालक गला रेता, हालत गंभीर

**प्रतापगढ़,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। प्रतापगढ़ जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र में एक बालक का अपहरण करने के बाद गला रेत कर हत्या का प्रयास किया गया। बालक को गंभीर हालत में प्रयागराज भेजा गया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि देहात कोतवाली में शामिल सिटी चौकी के पूरे चककाजी मोहल्ला निवासी रऊफ का का बेटा सरफराज सोमवार शाम करीब सात बजे अपनी बुआ के साथ लखनऊ-वाराणसी हाईवे किनारे खेतों की ओर शौच के लिए गया था। बुआ घर आ गई लेकिन सरफराज नहीं लौटा। करीब साढ़े आठ बजे घर वाले उसकी तलाश करने लगे तो खून के छींटे देख परेशान हो गए। एक जगह बीयर की टूटी बोतल व खून से सना चाकू भी मिला।

# यादें 2023

## जुलाई 2023

1 जुलाई - केरल के मूल निवासी केन मैथ्यू ने अमेरिकी राज्य टैक्सास स्टैफोर्ड के मेयर पद की शपथ ली।

2 जुलाई- महाराष्ट्र के बुलढाणा में एक यात्री बस में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई।

3 जुलाई- महाराष्ट्र में राकांपा नेता अजित पवार को शिंदे-फड़णवीस सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाए गए।

- एनआईए ने दिया सुझाव -कुख्यात गैगस्टरों को कालापानी में भेजा जा सकता है।

4 जुलाई- 6 जी अलायंस हुआ लॉन्च।

5 जुलाई-महाराष्ट्र के धुले में एक कंटेनर होटल में जा घुसा जिससे दस लोगों की मौत हो गई।

6 जुलाई-राकापा नेता अजीत पवार ने शरद पवार को पार्टी अध्यक्ष से हटाने का एलान किया।

- मुस्लिम पर्सनल लॉ बार्ड की बैठक में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का विरोध किया गया।

7 जुलाई- राकापा सुप्रीमो शरद पवार ने कहा कि राकापा का अध्यक्ष मैं ही हूं।

8 जुलाई- गुजरात हाईकोर्ट ने राहुल गांधी के मानहानि मुकदमे में दो साल की सजा पर रोक लगाने से इंकार कर दिया।

- रक्षा मंत्रालय ने तटरक्षक के दो डोर्मिनियर विमानों की खरीदने के लिए हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से 458.87 करोड़ रुपए के अनुबंध पर हस्ताक्षर किया।

9 जुलाई- पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव में भारी हिंसा होने के कारण 115 लोगों की मौत हो गई।

- भारत के रेल्वे बोर्ड ने ट्रेनों में 25 फीसदी रियायती किराया योजना शुरु करने का निर्देश दिया।

10 जुलाई- भारत की विदेशी मुद्रा भंडार 595.1 अरब डॉलर पर पहुंचा।

- उत्तर भारत में बारिश का 41 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा। भारी बारिश के कारण 20 लोगों की मौत हो गई।

11 जुलाई- फोर्ब्स की सूची 2023 में दुनिया की शीर्ष 100 अमीर महिलाओं में चार भारतीय महिलाएं-जयश्री उल्लाल, नीरजा सेठी, नेरा नारखेड़े, और इंदिरा नुई।

12 जुलाई- यूसीसी पर 46 लाख सुझाव प्राप्त हुए।

- आंनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी जीएसटी का फैसला

13 जुलाई- नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की पत्नी श्रीमती सीता दहल का निधन हो गया।

- बालासेर ट्रेन हादसे में 7 कर्मचारी सस्पेंड किए गए।

- राहुल गांधी को 2 साल सजा के विरोध में देशभर में कांग्रेसी मौन सत्याग्रह किए।

14 जुलाई- भारतीय रेल्वे अब गरीबों के लिए बना रही 'वंदेभारत साधारण'

17 जुलाई- बेंगलुरू में विपक्षी दलों की दो दिवसीय बैठक

- अमेरिका के अलास्का में 7.4 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए।

- मार्कटा विंबलडन का खिताब जीतने वाली पहली गैरवरीयता खिलाड़ी बनीं।

18 जुलाई- पाकिस्तान में शरण लेने वाली अफगानी गायिका हसीबा नूरी की हत्या कर दी गई।

- अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने निर्यात परिषद में भारतीय अमेरिकी बिजनेस लीडर शबीना सिंह को चुना।

19 जुलाई - बेंगलुरु में 26 विपक्षी राजनीतिक दलों ने भाजपा को हराने नया गठबंधन बनाया जिसका नाम 'इंडिया' रखा गया।

20 जुलाई- उत्तराखंड के चमोली जिले में नमामि गंगे प्रोजेक्ट में करेंट लगने से 15 लोगों की मौत हो गई।

- हेनली एंड पार्टसन की रिपोर्ट के अनुसार सिंगापुर का पासपोर्ट दुनिया में सबसे ज्यादा मजबूत घोषित।

21 जुलाई- लाहौर की एक अदालत ने पीएम शहबाज शरीफ को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बरी कर दिया।

22 जुलाई- पाकिस्तान से आई सीमा हैदर ने अपने पति सचिन के साथ भारत में रहने के लिए राष्ट्रपति के पास दया याचिका लगाई।

24 जुलाई- बांग्लादेश के झालोकाटी जिले में एक यात्री बस एक तालाब में गिर जाने से 17 लोगों की मौत

- असम को भारतीय महाकुश्ती संघ की सदस्यता मिली।

25 जुलाई- एलन मस्क के ट्वीटर का लोगों नीली चिड़िया के स्थान पर अंग्रेजी अघर एक्स को लोगो बनाया गया।

- मध्य इंडोनेशिया के दक्षिण पूर्व सुलोवेसी प्रांत में एक जहाज दुर्घटनाग्रस्त, 15 लोगों की मौत हो गई।

- कांगो के पूर्वी प्रांत हतुरी कांगो सशस्त्र बल के एक सैनिक ने 13 लोगों की हत्या कर दी।

26 जुलाई- हरियाणा में विधायक एवं पूर्व गृह राज्य मंत्री गोपाल कांडा को गीतिका शर्मा के खुदकुशी मामले में राउत एवेन्यू अदालत ने बरी कर दिया।

27 जुलाई- पूर्व राज्यसभा सांसद विजय दर्डा को कोयला ब्लाक आबंटन मामले में दिल्ली की एक अदालत ने चार साल की सजा सुनाई।

28 जुलाई- ईडी निदेश संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल 15 सितम्बर तक कर दिया।

- आईटीआई व्यावसायिक प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ मॉडल अब पूरे देश में होगा लागू।

29 जुलाई- वरुणा विधानसभा क्षेत्र से अयोग्य ठहराए जाने के मामले को लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को हाईकोर्ट का नोटिस

30 जुलाई- 'इंडिया' के 21 सांसदों का दल मणिपुर हिंसा प्रभावितों से मिले।

- तमिलनाडु की पटाखा यूनिट में धमाका, 8 की मौत

31 जुलाई- पाकिस्तान खैबर पख्तूनख्वा में एक राजनैतिक रैली में आतंकी हमला होने से 35 लोग मारे गए।

## अगस्त 2023

3 अगस्त- मणिपुर मुद्दे पर विपक्षी दलों के नेता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले।

- चीन में भारी बारिश का 140 वर्षों का रिकार्ड टूटा

4 अगस्त- लोकसभा में दिल्ली सर्विस बिल बहुमत से पास

5 अगस्त- नागपुर पीठ के जज जस्टिस रोहित बी देव ने खुली अदालत में अपना इस्तीफा दिया।

6 अगस्त- पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना मामले में सजा सुनाई।

- आगरा की विशेष अदालत ने सांसद रामशंकर कठेरिया को मारपीट, बलवा मामले में दो साल की सजा सुनाई।

7 अगस्त- राज्यसभा दिल्ली सेवा बिल विधेयक पेश

- क्रांतिकारी गीतकार एवं नक्सली समर्थक गुम्मदी विट्ठल का निधन हो गया।

- अमरनाथ यात्रा का रिकार्ड टूटा करीब 4 लाख 17 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

8 अगस्त - राज्यसभा में दिल्ली सेवा बिल पास हुआ।

- मणिपुर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तीन सदस्यों की समिति बनाई।

9 अगस्त- सुभाषचंद्र बोस के भतीजे अर्धेन्दु बोस का मुंबई में हृदयाघात से निधन हो गया।

- बलूचिस्तान में बम विस्फोट से सात लोगों की मौत

- रूस ने यूक्रेन के 22 युद्धबंदियों को रिहा किया।

10 अगस्त- आयुष्मान भारत योजना में कैग का खुलासा एक ही मोबाइल नंबर से लाखों लोगों का पंजीयन

- पाकिस्तान चुनाव आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पांच साल के लिए अयोग्य घोषित किया।

11 अगस्त- संसद में मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव गिरा।

- आरबीआई ने रेपो दर में नहीं किया बदलाव। जीडीपी विकास दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान।

12 अगस्त- गृहमंत्री अमित शाह ने ऐलान किया कि राजद्रोह कानून समाप्त होगा। आईपीसी, सीआरपीसी व एविडेंस एक्ट बदला जाएगा।

- तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की पत्नी दुर्गा स्टालिन ने सोने के 32 सिक्कों से बना 14 लाख का मुकुट श्रीकृष्ण मंदिर में दान किया।

- रूस ने यान लूना-25 को चंद्रमा में प्रक्षेपित किया।

13 अगस्त- पाकिस्तान में अनवर उल हक काकर कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाए गए।

14 अगस्त- अमेरिका के हवाई में माउई द्वीप के जंगलों में आग लग लगने से 89 लोगों की मृत्यु हो गई।

15 अगस्त-हिमाचल में भारी बारिश और भूस्खलन से 40 लोगों की मौत हो गई।

17 अगस्त- केंद्र ने 7 रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी।

19 अगस्त- भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरानम संगादुर राष्ट्रपति चुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों में शामिल

- मलेशिया में एक निजी जेट दुर्घटनाग्रस्ता हो जाने पर 10 लोगों की मौत हो गई।

20 अगस्त- राहुल गांधी ने लेह से पेंगांग झील तक बाइक से सफर किया।

21 अगस्त- पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब के हफीजाबाद में एक बस में आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई।

- छत्तीसगढ़ के निर्वाचन कार्यालय के अनुसार छत्तीसगढ़ में 1 करोड़ 96 लाख 40 हजार 430 मतदाता हैं।

22 अगस्त- केंद्रीय सतर्कता आयोग की जारी रिपोर्ट के अनुसार भ्रष्टाचार की शिकायतों में गृह मंत्रालय पहले नंबर पर रेलवे व बैंक- दूसरे व तीसरे नंबर पर रहे।

- तुर्की में एक बस दुर्घटना में 12 लोगों की मौत हो गई।

- राज्य सभा में नौ नए सदस्यों ने शपथ ली।

23 अगस्त- कांग्रेस नेता राहुल गांधी लेह में सेना के पूर्व अधिकारियों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया।

24 अगस्त- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 में इंदौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

- सचिन तेंदुलकर तीन साल के लिए चुनाव आयोग के नेशनल आइकन के रूप में कार्य करेंगे।

- मिजोरम के सैरांग में निर्माणाधीन रेलवे पुल गिरने से 26 लोगों की मौत हो गई।

25 अगस्त- ब्रिक्स में 6 नए देश शामिल हुए, अर्जेंटीना, भिति, हथियोपिया, ईरान, सउदी अरब और संयुकत अरब अमीरात (यूएई)।

27 अगस्त- प्रधानमंत्री मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों से भेंट कर चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर लैंडिंग पाइंट को 'शिव शक्ति' पाइंट नाम देने का ऐलान किया।

- मदुरै में ट्रेन में आग लगने से 9 लोगों की मौत हो गई।

28 अगस्त- पश्चिम बंगाल के परगना जिले केदत्तपुकुर में फटाका फैक्ट्री में आग लग जाने से 8 लोगों मौत

29 अगस्त- नीतीश कुमार ने विपक्षी गठबंधन इंडिया के संयोजक बनने से किया इंकार।

- पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को हत्या के आरोप से बरी कर दिया।

30 अगस्त- केन्द्र ने एलपीजी गैस सिलेंडर पर 200 रुपए कीमत कम कर दिया।

- चीन ने एक नया नक्शा जारी किया जिसमें अरुणाचल व अवसाह चिन को बताया अपना क्षेत्र।

31 अगस्त- लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन का निलंबन खत्म कर दिया गया।

- कर्नाटक सरकार ने गृह लक्ष्मी योजना शुरु की।

- मध्यप्रदेश के मुरैना में टैंक की सफाई में उतरे पांच मजदूरों की मौत हो गई।

## एशियन गेम्स



भारतीय दल ने चीन के हांगझोउ में 19 वें एशियाई खेलों में इतिहास रच दिया। भारत ने 28 स्वर्ण, 38 रजन व 41 कांस्य पदक सहित 107 पदक जीते। भारत ने एथलेटिक्स में 6 स्वर्ण सहित 29 पदक, शूटिंग में 7 स्वर्ण सहित 22 पदक, महिला व पुरुष क्रिकेट में स्वर्ण, 41 साल बाद घुड़सवारी में स्वर्ण जीता। भारत तालिका में चौथे स्थान पर रहा। चीन 360 पदक जीत टॉप पर रहा, कोरिया ने 183 व जापान ने 177 पदकों पर कब्जा किया।




**ऑस्ट्रेलिया विश्व चैंपियन**-20 नवंबर गुजरात के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराकर विश्व क्रिकेट का सिरमौर बना। ट्रैविस हेड 137 रन बनाए, फाइनल के मैन ऑफ द मैच रहे। प्लेयर आफ द सीरिज का खिताब विराट कोहली को मिला उन्होंने सर्वाधिक 765 रन बनाकर कीर्तिमान रचा। मोहम्मद शमी ने 7 मैचों में ही 24 विकेट लिए।

● 8 जनवरी को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीसीआई) ने चेतन शर्मा को फिर से चयन समिति का अध्यक्ष बनाया।

● 30 जनवरी को भारतीय महिला टीम की अंडर-19 विश्वकप क्रिकेट मैच में इंग्लैंड की टीम को हराकर विजेता बनी।

● 31 जनवरी को भारत के अनुभवी बल्लेबाज मुरली विजय ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा की।

● 12 फरवरी को नागपुर क्रिकेट टेस्ट मैच में भारत ने आस्ट्रेलिया को 132 रनों से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

● 14 मार्च को भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ बार्डर गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरिज 2-1 से जीती।

● 26 मार्च को महिला विश्व मुक्केबाजी में भारत की नीतू झंझास विश्व चैम्पियन बनीं।

● 1 अप्रैल को अहमदाबाद में आईपीएल -2023 मैच का रंगारंग शुभारंभ हुआ।

● 27 अप्रैल को भारत की अनुभवी तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने मेक्सिको में विश्व कप तीरंदाजी के क्वालीफाई कर जगह बनाई।

● 30 मइ को गत चैम्पियन स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य सेन ने कनाडा ओपन-2023 का पुरुष एकल खिताब जीता।

● 11 जुलाई को युवा तीरंदाज पार्थ सालुंके रिकर्व में भारत के पहले यूथ विश्व चैम्पियन बने।

● 24 जुलाई कोश्रीलंका के बल्लेबाज लाहिरू तिरिमाने ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया।

● 6 अगस्त को युवा भारतीय तीरंदाज अदिति और ज्योति, सुरेखा वेन्नम ने विश्व तीरंदाजी में स्वर्ण व कांस्य पदक हासिल किए।

● 17 अगस्त को पाकिस्तान के गेंदबाज वहाब रियाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा।

● 17 अगस्त को स्पेन के कार्लोस अतकाराज ने सिनसिनाटी-2023 के दूसरे चरण में आस्ट्रेलिया के जार्डन थाम्पसन को हराकर इस साल की 50 वीं जीत दर्ज की।

● 21 अगस्त को भारत की अनहत सिंह ने 30 वीं एशियाई जूनियर स्क्वैश अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

● 28 अगस्त कोसंयुक्त राज्य अमेरिका के नोआ लायल्स विश्व चैम्पियनशिप में तीसरा स्वर्ण पदक जीता।



नीतू झंझास



निखत जरीन: 27 मार्च को भारत की होनहार मुक्केबाज निखत जरीन ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में विश्व चैम्पियन का खिताब हासिल किया।

भारत ने जूनियर पुरुष एशिया कप 2023 के अपने आखिरी पूल-ए मैच में थाईलैंड को 17-0 से हटाकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

● 19 जून को सात्विक साईंराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया ओपन सुपर-1000 बैडमिंटन खिताब जीतकर इतिहास रचा।

● 8 जुलाईको बांग्लादेश के बल्लेबाज तमीम इकबाल ने सन्यास वापस लेने का फैसला लिया।

● 11 जुलाई राष्ट्रमंडल खेलों के

● 6 सितंबर को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने विश्वकप के लिए भारतीय टीम की घोषणा की रोहित शर्मा कप्तान एवं हार्दिक पंड्या उप कप्तान बनाए गए।

● 12 सितंबर को एशिया कप-2023 के वन डे मैच में पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

● 18 सितंबर को श्रीलंका को 10 विकेट से हरा कर भारत एशिया का आठवीं बार एशिया कप चैंपियन बना।

● 21 सितंबर को भारत के मोहम्मद सिराज बने आई सीसी वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज।



सात्विक साईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी

● 23 सितंबर को घरेलू वन डे सीरिज में भारत की टीम ने तीन मैचों में आस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया।

● 25 सितंबर को भारतीय नाविकों ने झारखंड में दो रजत और एक कांस्य पदक जीता।





### विराट कोहली

विश्व कप सेमीफाइनल के दौरान अपना 50वां एकदिवसीय शतक बनाया, और इस तरह से उन्होंने अपने आदर्श सचिन तेंदुलकर के 49 एक दिवसीय शतकों के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

● 26 सितंबर को चीन के हांगझोउ में एशियन गेम्स में शूटिंग के 10 मीटर एयर राइफल्स टीम स्पर्धा में भारत के ऐश्वयप्रताप सिंह, दिव्याश सिंह और रुद्राक्ष पाटिल ने देश का पहला स्वर्ण पदक जीता।

27 सितंबर को - एशियाई खेल में घुड़सवारी में 41 साल के बाद भारत की सुदीप्ति हतेला, दिव्याकृति सिंह, -दय छेदा, और अनुज अग्रवाल ने स्वर्ण पदक जीता।

29 सितंबर को - एशियन गेम्स हांगझोउ में भारत के सरबजीत सिंह, शिव नरवाल और अर्जुन सिंह चीमा की तिकड़ी ने निशानेबाजी स्पर्धा में चौथा स्वर्ण पदक जीता।

1 अक्टूबर को एशियाई खेल हांगझाऊ में भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से हराया।

2 अक्टूबर एशियन गेम्स एथलेटिक्स में अविनाश साबले ने स्वर्ण पदक जीता।

2 अक्टूबर को - भारत की शीर्ष गोल्फर अदिति अशोक हांगझोऊ एशियन गेम्स में व्यक्तिगत गोल्फ स्पर्धा में रजत पदक जीता।

- एशियन गेम्स में अन्नू रानी ने भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता।

- भारत की पारूल चौधरी ने एशियन गेम्स में 5 हजार मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीता।

- हांगझोऊ में चल रहे एशियन गेम्स में भाला फेंक में भारत के नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण एवं किशोर जैना ने रजत पदक जीता।

- हांगझोऊ के एशियाई खेल में भारत के ओजस देवताले, अभिषेक वर्मा, जावकर प्रथमेश समाधान की जोड़ी ने तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीत लिया।

● दीपिका पल्लीवाल और हरिंदर पाल सिंह सिंधु की जोड़ी ने एशियाई खेल में स्क्वैश मिश्रित युगल स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीता।

● एशियाई खेलों में कबड्डी स्पर्धा के फाइनल में भारत ने ईरान को को परास्त कर 8वीं बार स्वर्ण पदक जीता।

● 15 अक्टूबर को विश्वकप क्रिकेट मैच में भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर 8वीं बार शिकस्त दी।

● 29 अक्टूबर को भारत ने विश्व कप में लगातार छठवीं बार जीत हासिल की। 20 साल बाद इंग्लैंड को 100 रन से हराया।

● 8 नवंबर को पोलैंड इगा स्वीयाटेक ने लंयुक्त राज्य अमेरिका की जेसिका पेगुला को 6-1, 6-0 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल का खिताब दूसरे साल भी जीतकर विश्व का नंबर वन बनीं।

● 14 नवंबर को पाकिस्तानी गेंदबाजी कोच मोर्ने मेर्विल ने पुरुष टीम की गेंदबाजी कोच से इस्तीफा दे दिया।

● 16 नवंबर को भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को हराकर विश्व कप सेमीफाइनल में कदम रखा।

● 26 नवंबर को पाकिस्तान के आल राउंडर इमाह वसीम ने संन्यास ले लिया।

● 28 नवंबर को इटली ने आस्ट्रेलिया को हराकर 47 साल बाद डेविस कप का खिताब जीत लिया।

● 2 दिसंबर को रायपुर में चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच आस्ट्रेलिया को 20 रनों से हराकर सीरीज जीती।

■ भारतीय टीम ने श्रीलंका को एशिया कप 2023 के फाइनल मुकाबले में 10 विकेट से मात देते हुए खिताब अपने नाम कर लिया है. भारत ने इस मैच में 51 रनों के लक्ष्य को 6.1 ओवरों में हासिल किया.

■ भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीता है. फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने श्रीलंका की चुनौती को ध्वस्त कर दिया।

■ भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने रिकॉर्ड 111 पदक जीतकर इतिहास रचा, भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने 29 गोल्ड, 31 सिल्वर और 51 ब्रॉन्ज मेडल जीते।

■ आईसीसी वर्ल्ड कप टीम आफ द टूर्नामेंट में छह भारतीय चुने गए, रोहित कप्तान बने।

■ रोहित शर्मा ने वर्ल्ड कप में सर्वाधिक 556 छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बने साथ ही विश्वकप में सर्वाधिक 7 शतक जड़े।

■ आईपीएल ऑक्शन में मिशेल स्टार्क सबसे महंगे खिलाड़ी बने, केकेआर ने 24.75 करोड़ में खरीदा, पैट कमींस को 20.50 में खरीदा गया।

■ स्पेन ने पहला फिफा विश्वकप फुटबाल का खिताब इंग्लैंड को 1-0 से



### आर प्रगनानंद और बहन वैशाली ग्रैंडमास्टर भाई-बहन की पहली जोड़ी

तमिलनाडु के चेन्नई में जन्मे रमेशबाबू प्रगनानंद ने शतरंज खिलाड़ी के तौर पर दुनियाभर में अपनी धाक जमाई। 18 साल की उम्र में अगस्त में FIDE विश्व कप फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। भारत के पहले ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद के बाद प्रगनानंद फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय हैं। उनकी बहन 22 वर्षीय वैशाली आर भारत की तीसरी महिला ग्रैंडमास्टर बनीं।

### खेल पुरस्कार

25 खिलाड़ियों को खेल पुरस्कार दिए जाने की घोषणा हुई। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार बैडमिंटन दिग्गज साई रेड्डी व चिराग शेटाटी को दिया जाएगा

अर्जुन अवार्ड:

**अदिती गोपिचंद स्वामी** (तिरंदाजी)
**ओजस प्रवीण देवतले** (तिरंदाजी)
**पारुल चौधरी** (एथलेटिक्स)
**श्रीशंकर एम** (एथलेटिक्स)
**एम हसमुद्दीन** (मुक्केबाजी)
**मोहम्मद शमी** (क्रिकेट)
**आर वैशाली** (शतरंज)
**दिव्यकिर्ती सिंह**(इक्वेस्ट्रियन ड्रेसेज)
**अनुश अगरवालिया** (इक्वेस्ट्रियन)
**दिक्षा डागर** (गोल्फ)
**पी सुशील चानू** (हाकी)
**कृष्णा बहादुर पाठक** (हॉकी)
**रीतू नेगी** (कबड्डी)
**पवन कुमार** (कबड्डी)
**नसरीन** (खो खो)
**पिंकी** (लॉन बाल्स)
**इशा सिंह** (शूटिंग)
**ऐश्वर्या प्रतार सिंह तोमर** (शूटिंग)
**हरिंदर पाल सिंह संधू** (स्क्वॉश)
**ऐहिका मुखर्जी** (टेबल टेनिस)
**अंतिम** (कुश्ती)
**सुनील कुमार** (कुश्ती)
**नौरम रोशिबिना देवी** (विशु)
**शीतल देवी** (पैरा तिरंदाजी)
**अजय कुमार रेड्डी** (ब्लाइंड क्रिकेट)
**प्राची यादव** (पैरा कैनोइंग)

### चेन्नई सुपर किंग्स ने जीता आईपीएल खिताब



पिछले सीजन की चैंपियन गुजरात टाइटंस को हराकर महेन्द्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स ने डकवर्थ लुइस के तहत अहमदाबाद में पांचवी बार खिताब अपने नाम किया। डेविड कान्वे मैन आफ द मैच रहे। प्लेयर आफ द सीरीज का खिताब व आरेंज कैप शुभमन गिल को मिला। शमी को पर्पल कैप मिली।

### पहलवानों का विरोध प्रदर्शन



18 जनवरी से पहलवानों ने जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन शुरू किया. डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण और धमकी का आरोप लगाया अपने मैडल गंगा में बहाने हरिद्वार पहुंचे। आरोपों की जांच के लिए निगरानी समिति का गठन किया। चुनाव की तिथि की कई बार घोषणा हुई, रद्द हुई। आखिरकार डब्ल्यूएफआई का चुनाव 21 दिसंबर को हुए, जिसमें बृभूषण का विश्वासपात्र संजय सिंह का पैनल जीता। जिसके विरोध में बजरंग ने अपने अवार्ड लौटाए। खेल मंत्रालय ने रविवार को भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह के सभी फैसलों पर रोक लगा दी।

## इसरो की उपलब्धियां




23 अप्रैल को सिंगापुर से दो सेटेलाइट टेलिओएस-2 लयूपलाइ-2-4 को अंतरिक्ष में किया लॉन्च।

14 जुलाई को भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 भारतीय समयानुसार आज दोपहर 2.35 बजे श्री हरिकोटा से प्रक्षेपित हुआ।

31 जुलाई को सिंगापुर से सात उपग्रह कक्षा में स्थापित किए। पीएसआईवी- सी 56 सफलतापूर्वक प्रक्षेपित हुआ।

13 अगस्त को ड्रोन पैराशूट परितियोजन का सफल परीक्षण किया

23 अगस्त की शाम 6.04 बजे चंद्रयान-3 चंद्रमा पर उतरा। 26अगस्त को चन्द्रयान-3 के रोवर ने चंद्रमा की सतह पर उतर कर 'मूनवॉक' किया।

2 सितंबर को सूर्य मिशन आदित्य एल-1 सफलतापूर्वक 11.50 बजे सूर्य की कक्षा में पहुंचा। 16 सितंबर को चंद्रयान-1 आंकड़ों का अध्ययन कर वैज्ञानिकों ने दावा किया कि पृथ्वी के उच्च ऊर्ज वाले इलेक्ट्रान चंद्रमा पर पानी बना रहे हैं।

19 सितंबर को सौर वेघशाला के बारे में जानकारी दी कि आदित्य एल-1 ने वैज्ञानिक टेडा एकत्र करना शुरु कर दिया।

21 अक्टूबर को श्रीहरिकोटा से अपने गगनयान परीक्षण की पहली उड़ान भरी। 22 को गगनयान मिशन के क्रू एस्केम सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

28 अक्टूबर को 'चंद्रयान 3 पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि 23 अगस्त को जब विक्रम लैंडर चंद्रमा की सतह पर उतरा था तब 26 टन धूल और चट्टानों को हटाया था।

9 दिसंबर को आदित्य एल-1 ने खींची सूर्य की पहली फुल डिस्क तस्वीरें।

## इसरो की उपलब्धियां

■ अमेरिकी वैज्ञानिकों ने एक दावा किया है कि उन्होंने एक ऐसा मैटेरियल खोज निकाला है, जिससे दुनिया में बड़ी क्रांति आ सकती है। इस मैटेरियल को उन्होंने रेडमैटर नाम दिया है।

■ खगोलविदों ने सितारों के कुछ समूह खोजे हैं जो विशालकाय आकाशगंगाएं प्रतीत होती हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि बिग बैंग के 60 करोड़ साल बाद ब्रह्मांड की रफ्तार को और तेजी मिली होगी, जिससे ये विराट आकाशगंगाएं बनीं.

■ वैज्ञानिकों ने खोजा अनोखा ग्रह 'ग्लीज 267वीं ' इस ग्रह पर धरती से ज्यादा शुद्धतम लोहा व दोगुना घनत्व है।

## सितंबर 2023

1 सितंबर- केंद्र सरकार ने जया वर्मा सिन्हा को रेलवे की पहली महिला अध्यक्ष और सीईओ नियुक्त किया।

- राहुल गांधी ने पीएम मोदी से किए सवाल कि देश से बाहर भेजा गया एक अरब डॉलर किसका?

3 सितंबर- सीबीआई ने बालासोर रेल हादसे में तीन अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र तैयार किया।

4 सितंबर- ओडिशा में आकाशीय बिजली गिरने से 10 नागरिकों की मौत हो गई।

5 सितंबर- चीन के दक्षिणी-पश्चिमी प्रांत में गुआंग डोंग में साओली तूफान में 8 हजार नागरिक फंसे।

- सूडान की राजधानी खार्तूम में आरएसएफ हमले में 16 नागरिकों की मौत हो गई।

- इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन आसियान के विदेश मंत्रियों की बैठक

6 सितंबर- जी-20 सम्मेलन के रात्रिभोज के आमंत्रण पर प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया के स्थान पर प्रेसीडेंट ऑफ भारत लिखा गया।

- ट्यूनेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री हमाही जेबाली को गिरफ्तार कर लिया गया।

- 'प्राइड बॉयज' नेता टोरियों को 22 साल की सजा सुनाई।

8 सितंबर- 123 सालों में 2023 का जुलाई माह सबसे अधिक गर्म तापमान वाला रहा।

9 सितंबर- टाइम पत्रिका की पहली शीर्ष सौ एआई सूची में भारतीय-अमेरिकी स्नेहा रेवनूर सबसे युवा रहीं।

- हांगकांग में 140 साल में सबसे ज्यादा बारिश

- 107 अल शबाब लड़ाकों ने सोमाली सरकार के सामने आत्मसमर्पण किया।

10 सितंबर- आंध्रप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भ्रष्टाचार के मामले गिरफ्तार किए गए।

- मोरक्को में बीती रात 6.8 तीव्रता वाले भूकंप आने से 1 हजार से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई।

11 सितंबर- शांति के संदेश के साथ जी-20 सम्मेलन का समापन हुआ।

- शोधकर्ता तुर्की के तीन हजार फीट नीचे गुफा में फंसे।

12 सितंबर- गीतकार जावेद अख्तर को लंदन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज की ओर से डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

- नाइजीरिया में नाव पलटने से 26 लोगों की मौत

- धान खरीदी के लिए बायोमीट्रिक प्रणाली अनिवार्य

13 सितंबर- संसद भवन कर्मचारियों को नई ड्रेस की घोषणा की गई जिसमें कमल के फूल और खाकी रंग को जगह दी गई और गुलाबी रंग की नेहरू जैकेट।

- नूंह हिंसा मामले में मोनू मानेसर को गिरफ्तार

- टीएमसी सांसद नुसरत जहां फ्लैट घोटाला मामले में ईडी के सामने पेश हुईं।

14 सितंबर- जम्मू-कश्मीर के अनंत नाग में आतंकियों और सेना के बीच मुठभेड़ में कर्नल मेजर व डीएसपी शहीद हो गए।

- श्रीलंका में उच्चायुक्त गोपाल वागले को आस्ट्रेलिया में नये भारतीय उच्चायुक्त नियुक्त किया गया।

15 सितंबर- इंडिया गठबंधन ने 10 चैनल्स के 14 एंकर्स का बहिष्कार करने का फैसला लिया।

- बिहार में बागमती नदी में छात्रों से भरी नाव पलटने से 12 छात्र लापता हो गए।

16 सितंबर- केंद्र सरकार ने देशभर में सैनिक स्कूल खोलने की मंजूरी दी।

17 सितंबर- महाराष्ट्र सरकार ने औरंगाबाद, उस्मानाबाद शहर का नाम बदलकर संभाजी नगर और सदाशिव नगर कर दिया।

- उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग ने अपनी रूस यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए।

- भारत के नए संसद भवन में 18 सितंबर से विशेष सत्र का शुभारंभ हुआ।

19 सितंबर- केंद्र सरकार की केबिनेट की बैठक में महिला आरक्षण बिल को मंजूरी दी गई।

- पाकिस्तान कराची की निवासी एरिका रॉबिन ने मिस यूनिवर्स पाकिस्तान -23 का खिताब जीता।

20 सितम्बर-लोकसभा के विशेष सत्र में भाजपा सरकार ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल पेश किया।

- जस्टिस टूडो के आतंकवादी हरदीप सिंह की हत्या में भारत सरकार भूमिका के आरोप के जवाब में भारत सरकार ने कनाडाई राजनयिक को निष्कासित किया

21 सितम्बर- महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पास हुआ। समर्थन में 454 और विरोध में 2 वोट पड़े।

- 1984 के सिख दंगों के मामले में जेल में बंद कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को बरी कर दिया गया।

- महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में पिछले 72 घंटे के भीतर साठ किसानों ने आत्महत्या कर ली।

22 सितम्बर- महिला आरक्षण बिल राज्यसभा में सर्वसम्मति से पास, विरोध में कोई वोट नहीं पड़ा।

- चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी, आधार नंबर को मतदाता सूची से जोड़ना अनिवार्य नहीं।

23 सितंबर- बीजू दल की वरिष्ठ नेता प्रमिला मलिक ओडिशा विधानसभा की पहली महिला स्पीकर बनीं।

- पोलैंड के राष्ट्रपति आंडेज डूडा ने ऐलान किया कि 2024 में अपना कार्यकाल समाप्त करने के बाद अब चुनाव नहीं लड़ेंगे।

24 सितंबर- एक देश एक चुनाव की पहली बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने की।

26 सितंबर - गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन में योगदान के लिए एन एमडीसी ने बेस्ट आर्गेनाइजेशन अवार्ड जीता।

- रक्षामंत्री ने सी-295 मालवाहक विमान वायुसेना के बेड़े में शामिल करते हुए एयर चीफ मार्शल को आर चौधरी को सौंपा।

27 सितंबर- देश की प्रतिष्ठित संस्था फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर्स ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने प्रदेश के तीन पुलिस अधिकारियों को स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड-2022 प्रदान किया।

- दिल्ली के एक ज्वेलरी शो रूम से 25 करोड़ का सोना पार

28 सितंबर- इराक के उत्तरी प्रांत निनेवेह के अल हसदानिया शहर के हॉल में विवाह समारोह के दौरान आग लग जाने से 114 लोगों की मृत्यु हो गई।

29 सितंबर- नासा के एक फ्रेंक रुबियो और दो अंतरिक्ष रूसी यात्री स्पेस में 371 दिन बिताकर धरती पर सकुशल लौटे।

30 सितंबर- पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बम विस्फोट में 55 लोगों की मौत हो गई।

- विधि आयोग ने केंद्र को सलाह दी कि सहमति से संबंध बनाने की उम्र 18 वर्ष ही रखी जाए।

## अक्टूबर 2023

1 अक्टूबर- भारतीय रिजर्व बैंक ने दो हजार रुपए के नोट बदलने की तिथि 7 अक्टूबर तक बढ़ाई।

- न्यूयार्क में बाढ़ के कारण आपातकाल घोषित

2 अक्टूबर- मालदीव में प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार मोहम्मद मोइड्डा ने राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता।

3 अक्टूबर- बिहार जातीय गणना के आंकड़े जारी कर पहला राज्य बना। पिछड़ा वर्ग, जनजाति व अनुसूचित जनजाति की आबादी 84 बताई गई।

4 अक्टूबर-दिल्ली पुलिस ने दिल्ली में 'न्यूज़क्लिक' का दफ्तर सील कर पत्रकार उर्मिलेश औनियो चक्रवर्ती, अभिसार शर्मा, परंजय गुहा से पूछताछ की।

5 अक्टूबर- सिक्किम में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में 43 लोग लापता, जिसमें 23 जवान भी शामिल

- फोर्ब्स 2023 द्वारा जारी अमेरिका के 400 लोगों की सूची में सबसे अमीर टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क पहले स्थान पर हैं।

6 अक्टूबर-मनी लॉन्ड्रिंग दिल्ली शराब नीति घोटाला में गिरफ्तार आप नेता सांसद संजय सिंह को राउत एवेन्यू कोर्ट ने 10 अक्टूबर तक ईडी की रिमांड में भेजा।

7 अक्टूबर- मुंबई की गोरेगांव की एक इमारत में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई।

8 अक्टूबर- गाजा पट्टी में हमास के हमलों का इजरायल ने दिया जवाब। गाजा में इजरायल की बमबारी से 160 लोग मारे गए।

- जीएसटी काउंसिल बैठक में मोटे अनाज से बने उत्पादों पर अब टैक्स नहीं लेने का फैसला लिया।

9 अक्टूबर- अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में आए भूकंप से 2000 लोगों की मौत हो गई।

- सिक्किम में अचानक आई बाढ़ से 30 लोगों की मौत हो गई जिसमें 19 भारतीय जवान भी शामिल हैं।

10 अक्टूबर- भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान किया।

- छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवंबर, मध्यप्रदेश में 17 राजस्थान में 25, मिजोरम में 7, तेलंगाना में 30 नवंबर को मतदान होंगे।

- कांग्रेस कार्यकारिणी समिति ने कांग्रेस शासित सभी राज्यों में जातीय जनगणना करने का फैसला लिया।

11 अक्टूबर- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि देश के बाहर पहला आईआईटी तंजानिया में शुरू होगा।

- ईडी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा की 15 अचल संपत्तियां कुर्क कीं

12 अक्टूबर- राजस्थान में 23 नवंबर की जगह अब 25 नवंबर को होंगे मतदान।

- केंद्रीय ब्यूरो (सीबीआई) ने समाचार पीर्टल न्यूक्लिक के खिलाफ मामला दर्ज किया।

- जम्मू-कश्मीर के पूंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर गोली लगने से एक अग्निवीर की मौत हो गई।

13 अक्टूबर-कांग्रेस ने की पढ़ो पढ़ाओ योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश में छात्रों को हर महीने पैसे देने की घोषणा।

- राष्ट्रपति ने वैष्णो देवी में श्रद्धालुओं को स्काईवाक का तोहफा दिया।

14 अक्टूबर- भारत 2023 ग्लोबल हंगल इंडेक्स (जीएचआई) में 125 देशों में से 111वें स्थान पर रहा।

- जम्मू कश्मीर के पूंछ जिले में सेना ने एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा।

- अफगानिस्तान में आए भूकंप से 17 हजार लोग प्रभावित

15 अक्टूबर- इजरायल के युद्धग्रस्त इलाके से 235 भारतीयों को लेकर आई दूसरी उड़ान।

- केंद्र सरकार ने ऐलान किया कि हर साल 23 अगस्त को मनाया जाएगा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस।

- दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल में सेजोंग हाकडॉग फाउंडेशन ने संस्कृति, खेल व पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से सेजोंग हाकडॉग आऊटस्टेडिग लर्न से इविटेंशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम 2023 में भारतीय छात्रा श्रीजा विजेता बनीं।

16 अक्टूबर- मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 15 यात्रियों की मौत हो गई।

17 अक्टूबर- बहुचर्चित निठारी हत्याकांड के दोषी सुरेन्द्र कोली और मनिंदर सिंह पंढेर को इलाहाबाद के उच्च न्यायलय ने बरी कर दिया।

- राजनीतिक दलों के चुनावी फंडिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि-चुनावी बांड से जुड़ी याचिका पर संविधान पीठ सुनवाई करेगी।

18 अक्टूबर- तमिलनाडु के दो फटाका फैक्ट्री में विस्फोट होने से दस लोगों की मौत हो गई।

19 अक्टूबर- मोदी सरकार पर राहुल गांधी का आरोप अडानी समूह ने 32000 करोड़ का घोटाला किया।

# [अर्थ जगत]

**जीआईसी ने दिया 1083.60 करोड़ का लाभांश**

नई दिल्ली, 2 जनवरी (एजेंसियां)। सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनी भारतीय साधारण बीमा निगम (जीआईसी) ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए सरकार को आज 1083.60 करोड़ रुपये का लाभांश दिया। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रामास्वामी नारायणन ने यहां वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को उनके कार्यालय में 1083.60 करोड़ रुपये का चेक सौंपा। इस अवसर पर कंपनी के कई अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| सन फार्मा | 2.85 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.76 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.06 प्रतिशत |
| रिलायंस | 0.81 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.70 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.78 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 2.46 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 2.41 प्रतिशत |
| एलटी | 2.36 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.91 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5600-5700 |
| दाल चना | 6600-6700 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9300-9400 |
| अरहर दाल | 12000-12100 |

# साल के अंत तक यूपी को मिलेगी भारत के दूसरे सबसे लंबे एक्सप्रेस-वे की सौगात

**लखनऊ,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। महाकुंभ-2025 से पहले उत्तर प्रदेश को एक और बड़ी सौगात देने की तैयारी है। देश के दूसरे सबसे लंबे एक्सप्रेस-वे को साल के अंत तक संचालित करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीडा के अधिकारियों को दिये हैं। एक अधिकारी ने बताया कि गंगा एक्सप्रेस-वे की प्रस्तावित लंबाई 594 किमी है, जो मुम्बई-नागपुर एक्सप्रेस-वे के बाद देश का दूसरा सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे बनने जा रहा है। वहीं, भारत के टॉप 10 लंबे एक्सप्रेस-वे में भी प्रदेश के चार एक्सप्रेस-वे पहले से ही अपना स्थान बनाए हुए हैं। गंगा एक्सप्रेस-वे के संचालन के साथ ही शीर्ष 10 में यूपी के 5 एक्सप्रेस-वे शामिल हो जाएंगे।

हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यदायी एजेंसी यूपीडा के अधिकारियों के साथ इस संबंध में गहन बैठक करते हुए हर हाल में साल के अंत तक गंगा एक्सप्रेस-वे को संचालित करने के निर्देश दिये हैं। 2025 में महाकुंभ से पहले ही इस बहुप्रतीक्षित एक्सप्रेस-वे को शुरू कर दिया जाएगा।



प्रदेश को पूरब से पश्चिम तक जोड़ते हुए ये एक्सप्रेस-वे 12 जिलों के 518 गांवों से होकर गुजरेगा। इसके बाद मेरठ से हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली और प्रतापगढ़ होते हुए प्रयागराज तक की दूरी को महज कुछ घंटों में ही तय किया जा सकेगा। गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ-बुलंदशहर (एनएच 334) पर बिजौली गांव से शुरू होकर प्रयागराज में एनएच-19 पर जूडापुर दादू गांव के समीप समाप्त होगा। 7,467 हेक्टेयर भूमि पर तैयार होने वाले इस एक्सप्रेस-वे परियोजना की लागत 36,230 करोड़ रुपए है। अधिकारी के अनुसार गंगा एक्सप्रेस-वे को शुरुआत में छह लेन, जबकि आगे चलकर आठ लेन में विस्तार किये जाने का प्रस्ताव है। इसकी डिजाइन स्पीड 120 किमी प्रतिघंटा होगी। एक्सप्रेस-वे पर विभिन्न स्थानों पर 9 जनसुविधा परिसरों को विकसित किया जाएगा। वहीं, दो स्थानों पर मुख्य टोल प्लाजा (मेरठ और प्रयागराज) जबकि रैम्प टोल प्लाजा 15 स्थानों पर प्रस्तावित हैं।

इसके अलावा गंगा नदी पर (960 मीटर) और रामगंगा नदी पर (720 मीटर) जैसे बड़े सेतु का निर्माण भी होना है। यही नहीं शाहजहांपुर के जलालाबाद तहसील के पास 3.50 किमी लंबे हवाई पट्टी का भी निर्माण होगा। गंगा एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट के दौरान चार प्रमुख विभागों से मिलने वाली 153 अनापत्तियां में से 141 को प्राप्त कर लिया गया है।

इनमें एनएचएआई/पीडब्लूयडी से 48 में से 44, रेलवे से 7 में से 7, सिंचाई विभाग से 88 में से 82 और फ्यूल पाइपलाइन से 10 में से 8 अनापत्तियां प्राप्त कर ली गई हैं। गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण में मेसर्स आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर और मेसर्स अडाणी इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसी बड़ी कंपनियां लगी हुई हैं।

## जोमैटो ने प्रमुख शहरों में बढ़ायी प्लेटफॉर्म फीस, प्रति ऑर्डर देने होंगे 4 रुपए

**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। नए साल की पूर्व संध्या पर रिकॉर्ड फूड ऑर्डर से उत्साहित फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो ने प्रमुख बाजारों में अपने अनिवार्य प्लेटफॉर्म शुल्क को तीन रुपये से बढ़ाकर चार रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया है। नई दरें 1 जनवरी से प्रभावी हो गईं।

नए साल की पूर्व संध्या पर जोमैटो ने कुछ बाजारों में अपने प्लेटफॉर्म शुल्क को अस्थायी रूप से नौ रुपये प्रति ऑर्डर तक बढ़ा दिया था। कंपनी के शेयर मंगलवार को तेजी के साथ खुले और सुबह 126 रुपये के आसपास थे।

पिछले साल अगस्त में जोमैटो ने अपने मार्जिन में सुधार करने और लाभदायक बनने के लिए दो रुपये का प्लेटफॉर्म शुल्क लगाया था जिसे बाद में बढ़ाकर तीन रुपये कर दिया गया था। अब 1 जनवरी से इसे फिर से बढ़ाकर चार रुपये कर दिया। नया प्लेटफॉर्म शुल्क ज़ोमैटो गोल्ड सहित सभी ग्राहकों पर लगाया गया है।

जोमैटो और उसके क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट में पिछले सालों की तुलना में नए साल की पूर्व संध्या पर अब तक के सबसे ज्यादा ऑर्डर और बुकिंग देखी गईं। जोमैटो के संस्थापक और सीईओ दीपिंदर गोयल ने एक्स पर पोस्ट किया, %%हमने नए साल की पूर्व संध्या पर




लगभग उतने ही ऑर्डर वितरित किए हैं जितने 15, 16, 17, 18, 19, 20 को मिलाकर किए थे। भविष्य को लेकर उत्साहित हूं! ब्लिंकिट के सीईओ अलबिंदर ढींडसा ने कहा कि उन्होंने नए साल की पूर्व संध्या पर ही ऑर्डर की कुल संख्या को पार कर लिया।

ढींडसा ने कहा, हम पहले ही एक दिन में सबसे ज्यादा ऑर्डर, ओपीएम (ऑर्डर पर मिनट), एक दिन में बेचे गए सॉफ्ट ड्रिंक्स और टॉनिक वाटर, एक दिन में बेचे गए चिप्स, एक दिन में राइडर्स को दिए गए टिप्स तक पहुंच चुके हैं। इस बीच, जोमैटो को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के 4.2 करोड़ रुपये के कथित कम भुगतान पर दिल्ली और कर्नाटक के कर अधिकारियों से नोटिस मिला। जोमैटो ने कहा कि वह नोटिस के खिलाफ अपील करेगा।

## अमेजन फ्रेश के 'सुपर वैल्यू डेज़' की फ्रेश ग्रॉसरीज़ के साथ कीजिए नए साल का स्वागत

नई दिल्ली। अमेजन फ्रेश के 'सुपर वैल्यू डेज़' से 7 जनवरी तक खरीदारी करके आप नए साल का शानदार स्वागत कीजिए। आप अपने घर पर सुकून के साथ बैठकर ढेरों प्रोडक्ट की एक विशाल रेंज पर 45त्न तक की छूट के साथ खरीदारी कर सकते हैं। यहां आपको फ्रेश उपज, पेंट्री स्टेपल और खाने पीने के सामानों की शानदार रेंज के साथ खरीदारी का मौका मिलता है। अमेजन फ्रेश रंगबिरंगे फलों और सब्जियों से लेकर स्वादिष्ट व्यंजनों की एक ऐसी शानदार रेंज प्रदान करता है जो खाने पीने से जुड़ी आपकी सभी जरूरतों को पूरा करता है। इस स्टोर से ग्राहक निविया, डेल मोंटे, एरियल, आईटीसी और सफोला जैसे लोकप्रिय ब्रांडों से ग्रॉसरी, रोजमर्रा की जरूरत की चीजों, पैकेज्ड फूड्स, स्नैक्स, पेय पदार्थ और स्टेपल जैसी विभिन्न कैटेगरी के सामानों की खरीदारी कर सकते हैं। इसके अलावा, ग्राहक 1 से 4 जनवरी तक आईसीआईसीआई : बैंक डेबिट और क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके 2,500 रुपये के न्यूनतम लेनदेन के साथ 10त्न का इंस्टेंट डिस्काउंट और 300 रुपये तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। नए ग्राहक अपने पहले 4 आर्डर पर 400 रुपये के कैशबैक ऑफर का फायदा उठा सकते हैं। दोबारा शॉपिंग करने वाले प्राइम ग्राहक 150 रुपये तक के कैशबैक रिवॉर्ड के साथ शानदार बचत का लाभ उठा सकते हैं।

## आरबीआई 34,000 करोड़ रुपये के सरकारी बांड की नीलामी करेगा

**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार, 5 जनवरी को आयोजित की जाने वाली नीलामी के जरिए 34,000 करोड़ रुपये के सरकारी बांड की बिक्री की घोषणा की।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि पहला सेट समान मूल्य पद्धति का उपयोग करके मूल्य आधारित नीलामी के जरिए 12,000 करोड़ रुपये (नाममात्र) की अधिसूचित राशि के लिए 7.32 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति 2030 होगी।

कहा गया है कि दूसरे में समान मूल्य पद्धति का उपयोग करके मूल्य आधारित नीलामी के जरिए 10,000 करोड़ रुपये (नाममात्र) की अधिसूचित राशि के लिए 7.18 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति 2037 शामिल होगी और तीसरे सेट में अधिसूचित राशि के लिए 7.25 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति 2063 एकाधिक मूल्य पद्धति का उपयोग करके मूल्य आधारित



नीलामी के जरिए अधिसूचित राशि 12,000 करोड़ रुपये (नाममात्र) होगी।

सरकार के पास प्रत्येक सुरक्षा के बदले 2,000 करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त सदस्यता बरकरार रखने का विकल्प होगा।

सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी में गैर-प्रतिस्पर्धी बोली सुविधा योजना के अनुसार प्रतिभूतियों की बिक्री की अधिसूचित राशि का 5 प्रतिशत तक पात्र

■ **पहला सेट समान मूल्य पद्धति का उपयोग करके मूल्य आधारित नीलामी के जरिए किया जाएगा**

व्यक्तियों और संस्थानों को आवंटित किया जाएगा।

नीलामी के लिए प्रतिस्पर्धी और गैर-प्रतिस्पर्धी दोनों बोलियां 5 जनवरी को आरबीआई कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (ई-कुबेर) प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में प्रस्तुत की जानी चाहिए। गैर-प्रतिस्पर्धी बोलियां सुबह 10:30 बजे से 11:00 बजे के बीच प्रस्तुत की जानी चाहिए और प्रतिस्पर्धी बोलियां सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे के बीच प्रस्तुत की जानी चाहिए। नीलामी का परिणाम 5 जनवरी को घोषित किया जाएगा और सफल बोलीदाताओं द्वारा भुगतान 8 जनवरी को किया जाएगा।

# शेयर बाजार में तेजी लौटी

**मुंबई** 2 दिसंबर (एजेंसियां)। चीन के मिश्रित आर्थिक आंकड़ों से एशियाई बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार ने तेजी गंवा दी।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 379.46 अंक की गिरावट लेकर चार दिन बाद 72 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 71,892.48 अंक पर आ गया। इसी तरह 76.10 अंक लुढ़ककर 21,665.80 अंक रह गया। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.08 प्रतिशत फिसलकर 37,007.65 अंक और स्मॉलकैप 0.03 प्रतिशत उतरकर 42,974.48 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3929 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1992 में तेजी जबकि 1811 में गिरावट रही वहीं 126 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 19 कंपनियों में लिवाली जबकि 31 में बिकवाली हुई।

बीएसई के 14 समूहों में बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.06, सीडी 0.33, एफएमसीजी 0.04, वित्तीय सेवाएं 0.60, इंडस्ट्रियल्स 1.01, आईटी 1.03, दूरसंचार 0.62, यूटिलिटीज 0.18, ऑटो 1.32, बैंकिंग 1.16, कैपिटल गुड्स 1.42, पावर 0.11, रियल्टी 1.04 और टेक समूह के शेयर 0.75 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस




दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.03, जापान का निक्केई 0.22, हांगकांग का हैंगसेंग 1.52 और चीन का शंघाई कंपोज़िट 0.43 प्रतिशत गिर गया। वहीं, जर्मनी के डैक्स में 0.43 प्रतिशत की बढ़त रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 61 अंक की बढ़त लेकर 72,332.85 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर रहा। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह दोपहर से पहले 71,613.74 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 72,271.94 अंक के मुकाबले 0.53 प्रतिशत लुढ़ककर 71,892.48 अंक रह गया।

निफ्टी नौ अंक बढ़कर 21,751.35 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,755.60 अंक के उच्चतम जबकि 21,555.65 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,741.90 अंक की तुलना में 0.35 अंक की गिरावट लेकर 21,665.80 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.78, अल्ट्रासिमको 2.46, कोटक बैंक 2.41, एलटी 2.36, आईसीआईसीआई बैंक 1.91, विप्रो 1.71, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.59, इंडसइंड बैंक 1.58, टेक महिंद्रा 1.56, एनटीपीसी 1.11, इंफ़ोसिस 1.05, एचसीएल टेक 0.94, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.83, मारुति 0.83, टाटा मोटर्स 0.75, टीसीएस 0.72, नेस्ले इंडिया 0.49, एक्सिस बैंक 0.47, एसबीआई 0.45, टाटा स्टील 0.25, एशियन पेंट 0.25 और एचडीएफसी बैंक 0.08 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, सन फार्मा 2.85, बजाज फाइनेंस 1.76, भारती एयरटेल 1.06, रिलायंस 0.81, बजाज फिनसर्व 0.70, टाइटन 0.64, आईटीसी 0.62 और पावरग्रिड ने 0.11 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## सैमसंग ने अपनी तकनीकी सर्वोच्चता को बरकरार रखने को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया

**सियोल,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। दक्षिण कोरियाई तकनीकी दिग्गज सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने मंगलवार को नए साल के लिए अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं की घोषणा की, जिसमें तकनीकी वर्चस्व और भविष्य के परिवर्तनों के लिए अनुकूलनशीलता के माध्यम से कंपनी की प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने पर जोर दिया गया। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, नए साल के संयुक्त संदेश में सह-सीईओ और उपाध्यक्ष हान जोंग-ही और सह-सीईओ और प्रेसिडेंट क्यूंग के-ह्यून ने प्रतिस्पर्धी बढ़त बनाए रखने के लिए सुपर-गैप प्रौद्योगिकियों की खोज सहित मूल मूल्यों पर रणनीतिक फोकस की रूपरेखा तैयार की। उन्होंने कहा, हम अपनी मौलिक प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने को प्राथमिकता देंगे, जिसमें सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स को निर्देशित करने वाले मूल मूल्य, जैसे सुपर-गैप तकनीकें भी शामिल हैं। उन्होंने अपने सिग्नेचर चिपमेकिंग व्यवसाय, जो पिछले पांच दशकों से सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी में अग्रणी है, से अपने प्रतिस्पर्धियों के साथ तकनीकी सीमा में सुधार और विस्तार करके अपनी स्थिति को और बढ़ाने का आग्रह किया। इसके मोबाइल, घरेलू उपकरणों और सॉफ्टवेयर डिवीजन के लिए, प्रदर्शन और गुणवत्ता पर ध्यान देने के साथ ग्राहक-प्रथम रणनीति पर जोर दिया गया था। दोनों नेताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं और जीवन शैली नवाचार जैसे भविष्य के परिवर्तनों को संबोधित करने के लिए सक्रिय उपायों का भी आह्वान किया, सोच में मौलिक बदलाव की आवश्यकता और कार्य प्रक्रियाओं में जेनरेटर एआई के अनुप्रयोग की आवश्यकता बताई। संदेश में कहा गया, हमें जेनरेटिव एआई को काम में लाकर अपने काम करने के तरीके और अपने डिवाइस अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव लाना चाहिए। अतीत की निष्क्रिय हरित प्रतिक्रिया से आगे बढ़ते हुए हमें सोच में मौलिक बदलाव लाना चाहिए और भविष्य के ग्रीन उत्पादों की खोज करनी चाहिए। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने 2023 की तीन तिमाहियों में संचयी रूप से 191.2 लाख करोड़ वॉन (147.2 अरब डॉलर) की बिक्री दर्ज की, जो एक साल पहले की तुलना में 17.5 प्रतिशत कम है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत अन्य सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जनवरी का पाम ऑयल वायदा 38 रिंगिट गिरकर 3624 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.17 सेंट की तेजी लेकर 48.15 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 5600-5700, दाल चना 6600-6700, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 10000-10100, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2700-2800 रुपये और **चावल** : 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

# दुबई में एयर इंडिया ए320 विमान की हार्ड लैंडिंग के गंभीर मामले की जांच शुरू

नई दिल्ली, 2 जनवरी (एजेंसियां)। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) 20 दिसंबर को कोचीन से दुबई की उड़ान के दौरान एयर इंडिया एयरबस ए320नियो (वीटी-सीआईक्यू) की हार्ड लैंडिंग के गंभीर मामले की जांच कर रहा है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। सौभाग्य से, 5.5 साल पुराने विमान, जिसने 3.5 जी की रिकॉर्ड शक्ति के साथ भारी लैंडिंग की, को कोई स्पष्ट संरचनात्मक क्षति नहीं हुई।

यह घटना तब घटी, जब पदनाम एआई 933 के तहत संचालित होने वाली उड़ान दुबई में उतरी। एयरबस ए320नियो, एक अपेक्षाकृत नया विमान, सुरक्षित रूप से रुकने में कामयाब रहा, जिससे उसमें सवार यात्रियों और चालक दल को कोई चोट नहीं आई।

उड़ान ट्रैकिंग वेबसाइटों से पता चला कि विमान 27 दिसंबर को मुंबई के लिए अपनी अगली उड़ान के लिए निर्धारित था, लेकिन तब से हवाई उड़ान नहीं भर सका है। घटना की जांच शुरू हो गई है, मगर



जमीनी हालात के कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हुए हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, जांच का नतीजा आने तक हार्ड लैंडिंग के लिए जिम्मेदार पायलट को उड़ान ड्यूटी से हटा दिया गया है। एयर इंडिया ने घटना के आसपास की परिस्थितियों की गहन जांच सुनिश्चित करने के लिए मानक प्रक्रिया के हिस्से के रूप में यह एहतियाती कदम उठाया है।

घटना के बाद विमान पूरे एक सप्ताह तक दुबई में खड़ा रहा। इस अवधि के दौरान किसी भी संभावित क्षति की सीमा निर्धारित करने के लिए इसकी व्यापक जांच और मूल्यांकन किया गया। यह सुनिश्चित करने के लिए कि विमान सेवा में लौटने की अनुमति देने से पहले सभी सुरक्षा मानकों को पूरा करता है, स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार सुरक्षा जांच की गई।

सप्ताह भर की जांच के बाद एयरबस ए320नियो को उड़ान के लिए मंजूरी दे दी गई और मुंबई में एयर इंडिया के इंजीनियरिंग बेस पर वापस भेज दिया गया। उड़ान ट्रैकिंग डेटा से संकेत मिलता है कि विमान ने 27 दिसंबर को 10,000 फीट से नीचे की ऊंचाई पर मुंबई उड़ान संचालित की, जो एक बिना दबाव वाली नौका का सुझाव देता है।

एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा, डीजीसीए मानदंडों के अनुसार, एक जांच पहले ही शुरू की जा चुकी है। पायलट को विमान उड़ाने के लिए उचित रूप से प्रशिक्षित और लाइसेंस प्राप्त था। मानदंडों के अनुसार पूछताछ की प्रक्रिया जारी रहने तक उसे हटा दिया गया है।

**सार संक्षेप**

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 2.04 उबलकर 73.11 डॉलर प्रति बैरल और लंदन ब्रेंट क्रूड 2.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 78.66 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### नई क्रेटा की बुकिंग शुरू

**नई दिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी ह्युंडई मोटर इंडिया ने अपनी नयी क्रेटा एसयूवी की बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने यहां कहा कि 25 हजार रुपये जमा कर इसकी बुकिंग की जा सकती है। इसकी पूरे देश में कंपनी के शोरूम और कंपनी की वेबसाइट पर बुकिंग की जा सकती है। कंपनी ने कहा कि पिछले आठ वर्षों से क्रेटा मिड एसयूवी बाजार में अपनी लोकप्रियता बनाये हुये है और भारत में बिकने वाला हर तीसरा मिड एसयूवी क्रेटा होता है। अब इसके 9.5 लाख संतुष्ट ग्राहक हैं।

### भारी उद्योग मंत्री पांडे ने किया नए बने बीएचईएल सदन का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडे ने सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज इंजीनियरिंग कंपनी भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) के स्थापना दिवस के अवसर पर यहां नवनिर्मित भेल सदन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विद्युत और भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव कामरान रिज़वी, संयुक्त सचिव विजय मित्तल, तथा बीएचईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कोप्पू सदाशिव मूर्ति, कंपनी के निदेशक मंडल के सदस्य, मुख्य सतर्कता अधिकारी और अन्य अधिकारी और तथा कर्मचारी उपस्थित थे। डॉ. पांडे ने 2070 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान का हवाला देते हुए कहा कि 18 मंजिला बीएचईएल सदन तकनीक और मानकों के अनुसार निर्मित एक हरित भवन है। इसमें 30 किलोवाट क्षमता की सौर ऊर्जा प्रणाली लगायी गयी है। विद्युत और भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि 2000 से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता वाली नई इमारत से दिल्ली-एनसीआर स्थित सभी कार्यालयों को एक ही कार्यालय से काम करने की सुविधा मिलेगी और इसके परिणामस्वरूप बेहतर समन्वय और बेहतर प्रदर्शन होगा।

# खेल जगत

## वार्नर की चोरी हुई टोपी को खोजने के लिए शान मसूद की अपील

**सिडनी,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान शान मसूद ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार से देशव्यापी खोज का आग्रह किया है, जब डेविड वार्नर ने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल अपील में खुलासा किया था कि उनकी बैगी ग्रीन टोपी चोरी हो गई है। वार्नर ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपनी बैगी ग्रीन कैप के खो जाने के बाद एक इमोशनल वीडियो साझा किया, जो कथित तौर पर टेस्ट मैच के लिए मेलबर्न से सिडनी जाते समय लिया गया था। फॉक्स क्रिकेट ने शान मसूद के हवाले से कहा, ऑस्ट्रेलियाई सरकार की ओर से इस मामले पर तेजी से एक्शन लिया जाना चाहिए। हमें उसे वापस पाने के लिए सर्वश्रेष्ठ जासूसों की आवश्यकता हो सकती है। उन्होंने कहा, वह एक महान राजदूत रहे हैं, और वह अपने अविश्वसनीय करियर के लिए हर तरह के सम्मान, हर तरह के जश्न के हकदार हैं। मुझे उम्मीद है कि वे इसे पा लेंगे। यह किसी भी क्रिकेटर के लिए सबसे कीमती चीज है और मुझे उम्मीद है कि डेविड वार्नर इसे वापस पा लेंगे।



# द. अफ्रीका से टेस्ट सीरीज ड्रॉ कराने के मकसद से उतरेगा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



- रबाडा, बर्गर, येनसन व एंगिडी की रफ्तार के सामने भारत के शीर्ष क्रम का इम्तिहान
- नौजवान यशस्वी व शुभमन गिल को जोश के साथ होश की दरकार

नई दिल्ली, 2 जनवरी (देशबन्धु)। दक्षिण अफ्रीका के कसिगो रबाडा, बाएं हाथ के लंबे कद के मार्को येनसन और नैंड्रे बर्गर की त्रिमूर्ति की रफ्तार और धार के आगे सेंचुरियन में पस्त हो पहला क्रिकेट टेस्ट पारी से हारने के बाद भारत अब 2024 में नए साल में मेजबान टीम से कैपटाउन में बुधवार से शुरू हो रहा सीरीज का दूसरा व आखिरी क्रिकेट टेस्ट जीत सीरीज एक-एक से ड्रॉ कराने के मकसद से उतरेगा। केएल राहुल के पहली पारी में शतक और दूसरी पारी में विराट कोहली की 76 रन को छोड़ कर अनुभवी कप्तान रोहित शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर जैसे अपने बल्लेबाजों के बिना संघर्ष दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के सामने घुटने टेक पहला टेस्ट हारने से भारत का मेजबान टीम को उसके घर में हरा टेस्ट सीरीज जीतने का सपना भले ही एक बार फिर टूट गया हो लेकिन कैपटाउन में सीरीज का दूसरे व आखिरी टेस्ट जीत वह सीरीज ड्रॉ कराने में जरूर कामयाब हो सकता है। जेराल्ड कोइत्जी के चोट के फिर उबरने के कारण बाहर होने अब लुंगी एंगिडी के फिट होने से कैपटाउन की न्यूलैंडस की तेज गेंदबाजोंकी मुफीद पिच पर दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाजों की चौकड़ी की रफ्तार और उछाल के सामने भारत के शीर्ष क्रम का बड़ा इम्तिहान होना। भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को खासतौर पर खुद कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और केएल राहुल को खुद जिगरा दिखा कर खेलने के साथ अपने नौजवान बल्लेबाजों को भी बड़ा जिगरा दिखाने के लिए प्रेरित करना होगा। भारत को कैपटाउन में जीतना है तो फिर केएल राहुल, विराट कोहली के साथ खुद कप्तान रोहित को बड़ी पारी खेलनी होगी।

लगातार दस मैच जीत कर आईसीसी वन डे विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की कप्तानी छिनने के बाद से पहले टेस्ट में भारत के कप्तान और सलामी बल्लेबाज के रूप में रोहित शर्मा एकदम खोए खोए से नजर आए और दोनों पारियों में वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के सबसे कामयाब गेंदबाज रबाडा का शिकार बने। वहीं विराट कोहली ने पहले टेस्ट में पहली पारी में बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहने के बाद दूसरी पारी में अच्छी पारी खेलने के बाद जिस तरह सोमवार को खासतौर पर दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बर्गर की धार और रफ्तार से बेहतर ढंग से निपटने के लिए जिस तरह नेटस पर पसीना बहाया उससे साफ है कि वह दूसरे और अंतिम टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका के रफ्तार के सौदागरों से बेहतर ढंग से निपटने के लिए तकनीकी और जेहनी तौर पर तैयार हैं। वहीं नेट प्रैक्टिस में भी श्रेयस अय्यर जिस तरह शॉर्ट पिच गेंदबाजी के खिलाफ परेशान दिखे उससे उनकी यह दिक्कत दूसरे टेस्ट में भी बने रहने की आशंका दिखाई देती है। भारत के लिए एक अच्छी खबर है पीठ की दिक्कत के चलते पहले टेस्ट से बाहर रहे थ्री इन वन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा फिट हैं और उनके दूसरे टेस्ट में खेलने की पूरी उम्मीद है। रोहित उम्मीद करेंगे कि टॉस में किस्मत उनका साथ देगी और अपनी रणनीति के मुताबिक दूसरे और अहम टेस्ट में भारत को जिताने में कामयाब रहेंगे।

भारत को मेजबान दक्षिण अफ्रीका से दूसरा टेस्ट जीतना है तो उसे बेहतर एकादश चुनने के साथ बतौर टीम बेहतर बल्लेबाजी तो करनी ही होगी खासतौर पर प्रसिद्ध कृष्ण को बाहर रख कर मुकेश कुमार और आवेश खान में से किसी एक को ही एकादश में शामिल करना होगा। नेटस पर कंधे में चोट के कारण शार्दूल ठाकुर ने गेंदबाजी नहीं केवल बल्लेबाजी की। यदि शार्दूल फिट नहीं हुए तो फिर भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज के साथ तीसरे गेंदबाज के रूप में मुकेश अथवा आवेश में से किसी को चुनने के साथ बल्लेबाजी में जरूरी संतुलन देने के लिए दो स्पिन ऑलराउंडरों- रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन - के साथ उतरना बेहतर होगा। ऐसे में बुमराह और सिराज के बाद के स्पैल में दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों पर दबाव बनाने में खासतौर पर जडेजा अपनी सटीक गेंदबाजी के कारण बहुत कारगर साबित हो सकते हैं। दरअसल भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने जो दबाव बनाया वह दूसरे छोर से शार्दूल और प्रसिद्ध की ढीली गेंदबाजी की पहले टेस्ट की पहली पारी में बड़ा शतक जड़ने वाले डीन एल्गर और डेविड बेडिंघम ने जमकर धुनाई कर खत्म कर दिया। बेशक भारत के तेज गेंदबाज बुमराह और सिराज को अपने अनुभवी साथी गेंदबाज मोहम्मद शमी का चोट के कारण इस दो टेस्ट की सीरीज से बाहर होना बुरी तरह अखरा। खासतौर पर ज्यादा सधी गेंदबाजी के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले मुकेश कुमार को बाहर रख कर प्रसिद्ध कृष्णा को पहले टेस्ट के लिए एकादश में शामिल करना बुरी तरह अखरा। रविचंद्रन अश्विन विकेट चटकाने की कोशिश करने की बजाय रनों पर लगाम लगाने की कोशिश में ज्यादा दिखे।

भारत के नौजवान बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों खासतौर पर रबाडा और बर्गर की रफ्तार और धार के सामने बहुत परेशान तो नहीं बल्कि हड़बड़ी में गड़बड़ी करते दिखे। अब एंगिडी के भी फिट हो दक्षिण अफ्रीका को उपलब्ध होने से ऐसे में खासतौर पर शुभमन और यशस्वीं को समझना होगा कि टेस्ट क्रिकेट में कामयाब होने के लिए जोश के साथ होश की दरकार होती है। वही तीसरे नौजवान श्रेयस अय्यर जिस तरह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज रबाडा, येनसन और बर्गर की उछाल के सामने बगले झांकते नजर आए बावजूद इसके भारत उन्हें शायद ही एकादश से बाहर रखे क्योंकि अभिमन्यु ईश्वरन के रूप में वह किसी नए खिलाड़ी को अहम दूसरे टेस्ट में आजमाने से बचना चाहेगा।

## टी20 और टेस्ट क्रिकेट में भारत को बढ़ा-चढ़कर पेश किया गया : श्रीकांत



**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर क्रिस श्रीकांत ने हाल ही में सेंचुरियन में प्रोटियाज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में भारत की पारी और 32 रन की हार की पृष्ठभूमि में भारतीय टीम की तीखी आलोचना की और उन्हें टेस्ट क्रिकेट में जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाने वाला करार दिया।

श्रीकांत ने कहा कि भारतीय टेस्ट टीम में कई खिलाड़ियों को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया गया और उन्होंने खराब प्रदर्शन किया। जिसकी वजह से कुलदीप यादव जैसी योग्य प्रतिभाओं को नजरअंदाज किया गया।

श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, टी20 क्रिकेट में भारत को अत्यधिक महत्व दिया जाता है। लेकिन हम वनडे क्रिकेट में एक शानदार टीम हैं। वनडे में सेमीफाइनल या, फाइनल में जो होता है, वह सिर्फ एक मैच की बात है। ये मैच एक भाग्य कारक है और बहुत कुछ भाग्य पर निर्भर करता है।

श्रीकांत ने कहा, मैंने रोहित शर्मा का बयान पढ़ा, एक क्रिकेटर के लिए 50 ओवर का विश्व कप एक बड़ी उपलब्धि है। हम कभी-कभी नॉकआउट मैचों, सेमीफ़ाइनल और फ़ाइनल में ख़राब प्रदर्शन करते हैं। लेकिन वनडे में हम एक दमदार टीम हैं। चाहे हम कहीं भी खेलें, चाहे वह भारत हो, ऑस्ट्रेलिया हो या दक्षिण अफ्रीका, हम एक मजबूत टीम हैं।

उन्होंने विराट कोहली की कप्तानी में टेस्ट क्रिकेट के सुनहरे दौर को याद किया, जहां भारत ने इंग्लैंड में अपना दबदबा, दक्षिण अफ्रीका में लचीलापन और ऑस्ट्रेलिया में जीत का प्रदर्शन किया था। हालांकि, पूर्व क्रिकेटर ने तर्क दिया कि तब से टीम पिछली उपलब्धियों की प्रशंसा कर रही है।

पूर्व क्रिकेटर ने आगे कहा टेस्ट क्रिकेट में हमें जरूरत से ज्यादा आंका जाता है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा। मुझे लगता है कि यह 2-3 साल का चरण था...जब विराट कोहली टीम के कप्तान थे, तो हम उत्कृष्ट थे। हम इंग्लैंड में हावी थे। जबकि दक्षिण अफ्रीका में कड़ा संघर्ष किया। वहीं, ऑस्ट्रेलिया में हमने जीत हासिल की। 2-4 साल तक हमारा दौर अच्छा रहा।

श्रीकांत ने कहा कि अब भारत के लिए आईसीसी रैंकिंग को भूलने का समय आ गया है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि खिलाड़ियों और अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं करने वालों के संयोजन ने भारत की प्रगति में बाधा उत्पन्न की है। श्रीकांत के अनुसार, कुलदीप यादव किनारे पर छोड़े गए गुणवत्ता वाले खिलाड़ी का एक प्रमुख उदाहरण थे।

भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने पहले घर से बाहर टीम की सफलता का उल्लेख किया था, लेकिन श्रीकांत ने ऐसे दावों को 18 महीने पहले की गूंज मात्र कहकर खारिज कर दिया। पूर्व क्रिकेटर ने टीम से अतीत के गौरव से आगे बढ़ने और हालिया प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

# आईपीएल नीलामी 2024 में 2023 की तुलना में टीवी दर्शकों की संख्या में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई




- 2024 सीज़न के लिए मिनी-नीलामी ने 22.8 मिलियन दर्शकों के साथ टेलीविजन पर रिकॉर्ड-बराबर उच्चतम दर्शकों की संख्या हासिल की

मुंबई, 2 जनवरी (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 सीज़न के लिए मिनी-नीलामी ने 22.8 मिलियन दर्शकों के साथ टेलीविजन पर रिकॉर्ड-बराबर उच्चतम दर्शकों की संख्या हासिल की, जो पिछले साल की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक है। खिलाड़ियों की लाइव बोली देखने के लिए स्टार स्पोर्ट्स से जुड़े, बीएआरसी इतिहास में किसी भी मिनी नीलामी के लिए सबसे अधिक दर्शकों की संख्या के बराबर।

नीलामी, जो 6 घंटे से अधिक समय तक चली, दुबई में कोका कोला एरिना में आयोजित की गई और इसे 0.92 बिलियन मिनट के रिकॉर्ड-बराबर देखे जाने के समय तक देखा गया। यह पिछले वर्ष की तुलना में इवेंट के कुल देखे जाने के समय में 57 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

स्टार स्पोर्ट्स द्वारा 5 भाषाओं में नीलामी का प्रसारण नीलामी से पहले व्यापक लीड-अप कवरेज से किया गया था, जिसमें रैखिक और डिजिटल प्लेटफार्मों पर विशेषज्ञ विश्लेषण और प्रशंसक शामिल थे।

आईपीएल 2023 का सीधा प्रसारण स्टार नेटवर्क पर टीवी पर 505 मिलियन अद्वितीय दर्शकों ने देखा, जो टूर्नामेंट के किसी भी संस्करण के लिए सबसे अधिक था।

लाइव इवेंट के अलावा आईपीएल नीलामी 2023 के समग्र कवरेज के लिए अतिरिक्त 2.2 मिलियन दर्शकों ने भाग लिया, जिसमें नीलामी की पूर्व संध्या पर पर्दा उठाने वाला और क्रिकेट लाइव - नीलामी विशेष, कार्यक्रम के पहले, दौरान और बाद में लाइव शो शामिल थे।

आईपीएल 2023 का सीधा प्रसारण स्टार नेटवर्क पर टीवी पर 505 मिलियन अद्वितीय दर्शकों ने देखा, जो टूर्नामेंट के किसी भी संस्करण के लिए सबसे अधिक था।

आईपीएल नीलामी 2024 के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले क्षण ऑस्ट्रेलियाई सितारों पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क के लिए सुर्खियां बटोरने वाली बोली युद्ध थे, जिन्हें क्रमशः सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स ने 20 करोड़ रुपये से अधिक में खरीदा था।

न्यूजीलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी डेरिल मिशेल के लिए सीएसके की 14 करोड़ की विजयी बोली भी नीलामी के 3 सबसे ज्यादा देखे जाने वाले क्षणों में शामिल है।

आईपीएल मिनी-नीलामी 2024 की दर्शकों की संख्या पर बोलते हुए, स्टार स्पोर्ट्स के प्रवक्ता ने कहा, स्टार स्पोर्ट्स पर क्रिकेट दर्शकों की संख्या के लिए एक रिकॉर्ड तोड़ने वाला वर्ष आईपीएल नीलामी के साथ उच्च स्तर पर समाप्त हो गया है। नीलामी की प्रतिक्रिया भी एक तारकीय के रूप में कार्य करती है आईपीएल 2024 के लिए रनवे की शुरुआत और स्टार स्पोर्ट्स के साथ इस प्रतिष्ठित आयोजन के मजबूत जुड़ाव को मजबूत करता है।

इस साल की नीलामी कवरेज में एक विशिष्ट तत्व हमारे कवरेज में प्रशंसकों की भावनाओं का एकीकरण था, जो आयोजन स्थल पर होने वाली कार्यवाही में प्रशंसकों को एकीकृत करने के बीसीसीआई और आईपीएल टीमों के प्रयासों के अनुरूप था। नीलामी की सफलता ने स्टार को शुरुआती स्वाद प्रदान किया है खेलों की कवरेज और टीवी पर इस प्रतिष्ठित क्रिकेट आयोजन की निरंतर वृद्धि में हमारे विश्वास की पुष्टि हुई।

# कमिंस ने टेस्ट क्रिकेट की लोकप्रियता में गिरावट को लेकर चिंता व्यक्त की



**सिडनी** 2 जनवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया की पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस टेस्ट क्रिकेट की लोकप्रियता में गिरावट को लेकर चिंता व्यक्त की है।

कमिंस ने सिडनी में पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के तीसरे टेस्ट से पहले संवाददाताओं से कहा कि टेस्ट क्रिकेट की लोकप्रियता में गिरावट 'उतनी नाटकीय नहीं है जितनी कभी-कभी इसके बारे में बात की जाती है।' लेकिन वह कभी-कभी पांच दिवसीय खेल के भविष्य को लेकर चिंतित हो जाते हैं।

उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि दस साल या 20 साल में यह अब से भी ज्यादा मजबूत होगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इस टेस्ट समर के संबंध में कुछ सवालिया निशान पाकिस्तान और वेस्ट इंडीज के खिलाफ थे। हमने पाकिस्तान के खिलाफ दो शानदार टेस्ट मैच खेले हैं, वास्तव में इस दौरान अच्छी समर्थन वाली बड़ी भीड़ थी। टेस्ट क्रिकेट के भविष्य के बारे में चर्चा पिछले सप्ताह के आखिर फिर से शुरू हुई जब दक्षिण अफ्रीका ने फरवरी की शुरुआत में न्यूजीलैंड में अपनी दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए दूसरे दर्जे टीम भेजने की घोषणा की। उस समय दक्षिण अफ्रीका 20 लीग में कई पहली पसंद के खिलाड़ियों के शामिल होने के कारण, अनकैप्ड नील ब्रांड को कप्तान बनाया गया है। 14 सदस्यीय टीम में सात कैप्ड और सात अनकैप्ड खिलाड़ी हैं, इस टीम में 15 टेस्ट खेलने वाले डुआने ओलिवर सबसे अनुभवी हैं। कमिंस ने उम्मीद जताई कि न्यूजीलैंड में दूसरे दर्जे की टीम भेजने का दक्षिण अफ्रीका का फैसला सिर्फ एक बार की घटना है।

उन्होंने कहा, मैं टेस्ट क्रिकेट को बेहद पसंद करते हुए बड़ा हुआ हूं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह कई चरणों से गुजरता है। मुझे पता है कि दक्षिण अफ्रीकी टीम अपना सबसे मजबूत पक्ष न्यूज़ीलैंड नहीं भेज रही है। मुझे उम्मीद है कि यह एक चरण होगा।

उन्होंने कहा कि जब टी-20 को जनता के बीच सबसे लोकप्रिय प्रारूप के रूप में देखा जाता है ऑस्ट्रेलियाई मैदानों पर अभी भी टेस्ट क्रिकेट देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग आते हैं। पिछले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच टेस्ट को पहले दो दिनों में एक लाख से अधिक लोगों ने मैच देखा था। लेकिन दुनिया में अन्य जगहों पर हमेशा ऐसा नहीं होता है। वह इसको लेकर थोड़े चिंतित हैं। उन्होंने कहा, एक टेस्ट क्रिकेट प्रेमी के रूप में, मैं चाहता हूं कि हर कोई टेस्ट क्रिकेट देख रहा हो, लेकिन मैंने आज तक क्रिकेट को इससे अधिक मजबूत कभी नहीं देखा है।

कमिंस ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में हर गर्मी पिछली गर्मियों से बड़ी लगती है, लेकिन जाहिर तौर पर विदेशों में जाकर ऐसा नहीं होता। उन्होंने कहा, कुछ मामलों में, मैं कभी-कभी थोड़ा चिंतित होता हूं, लेकिन साथ ही, टी-20 क्रिकेट के इतने अधिक समर्थक कभी नहीं रहे हैं और मुझे नहीं लगता कि क्रिकेट देखने वाले विश्व में इतने अधिक समर्थक रहे हैं।

## सार संक्षेप

### सिडनी टेस्ट में शाहीन का बाहर बैठाना हैरान करता है : हर्षा भोगले

**नई दिल्ली।** क्रिकेट कमेंटेटर हर्षा भोगले ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट के लिए पाकिस्तान द्वारा उप-कप्तान शाहीन शाह आफरीदी को अपनी प्लेइंग इलेवन से बाहर करने पर हैरानी जताई है। हर्षा भोगले ने शाहीन शाह आफरीदी को पाकिस्तान की गेंदबाजी लाइनअप का प्रमुख गेंदबाज बताते हुए इसे एक हैरान करने वाला कदम बताया। भोगले ने एक्स पर लिखा, सिडनी टेस्ट के लिए शाहीन आफरीदी के बिना रहना बड़ी चुनौती है। मैंने सोचा था कि पाकिस्तान के प्रमुख गेंदबाज शाहीन और अबरार होंगे, लेकिन उनके बिना पाकिस्तान थोड़ा कमजोर दिख रहा है। सईम अयूब को देखने के लिए उत्साहित हूं। मैंने उनके बारे में बहुत कुछ सुना है। इससे पहले मंगलवार को पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा की, जिसमें बाएं हाथ के बल्लेबाज सैम अयूब पदार्पण करेंगे। सलामी बल्लेबाज इमाम-उल-हक और तेज गेंदबाज शाहीन शाह आफरीदी दो प्रमुख खिलाड़ी हैं जिन्हें बाहर किया गया है। इनकी जगह 21 वर्षीय सईम और 30 वर्षीय साजिद खान को शामिल किया गया है। सैम, जिन्होंने पिछले साल मार्च में अपना टी20 डेब्यू किया था और कराची के लिए प्रभावशाली लिस्ट ए प्रदर्शन के दम पर टीम में आए हैं। यह उनका पहला टेस्ट मैच होगा। अब तक खेले गए आठ टी20 मैचों में उन्होंने 17.57 की औसत से 123 रन बनाए हैं।

### चोट से लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी पर नडाल ने थिएम को हराया

**ब्रिस्बेन।** राफेल नडाल ने लगभग एक साल बाद चोट से लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी पर प्रभावित किया, उन्होंने मंगलवार को ब्रिस्बेन में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के शुरुआती दौर में ऑस्ट्रियाई डोमिनिक थिएम को हराया। लगभग 12 महीनों के लिए अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेलते हुए, 92 बार के टूर-लेवल टाइटलिस्ट ने ऑस्ट्रियाई के खिलाफ 7-5, 6-1 से जीत हासिल की, जो कई प्रमुख फाइनलिस्ट हैं और यूएस ओपन 2020 में रजत पदक जीता। 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने शुरुआती मैच में जैक ड्रेपर को हराने के बाद से यह स्पैनियार्ड नडाल की पहली जीत थी। नडाल ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, मेरे टेनिस करियर के शायद सबसे कठिन वर्षों में से एक के बाद आज का दिन ईमानदारी से मेरे लिए एक भावनात्मक और महत्वपूर्ण दिन है। मुझे एक साल बाद वापस आने और एक अद्भुत भीड़ के सामने खेलने का मौका मिला और मुझे लगता है कि मैं बहुत सकारात्मक स्तर पर खेल सका। पहले दिन, यह कुछ ऐसा है जो हमें गौरवान्वित महसूस कराता है। मैं, पूरी टीम और परिवार, जो पिछले वर्ष के दौरान हर दिन मेरे साथ रहे हैं, को धन्यवाद देता हूँ।

## जोकोविच की अगुवाई वाले सर्बिया ने चेक गणराज्य को हराया, क्वार्टरफाइनल में पहुंचा




**पर्थ,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच की अगुवाई में सर्बिया को यूनाइटेड कप में मंगलवार को निर्णायक मिश्रित युगल मैच में चेक गणराज्य को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का रास्ता मिल गया।

ओल्गा डेनिलोविच और हमद मेदजेदोविच की जोड़ी चेक गणराज्य के मिरियम कोलोडज़ीजोवा और पेट्र नूज़ा के खिलाफ कोर्ट पर उतरे, जिन्हें अंतिम आठ में आगे बढ़ने के लिए एक सेट जीतने की ज़रूरत थी। ओपनर हारने के बाद, डेनिलोविच और मेडजेडोविच ने 4-6, 7-5, 10-8 से जीत हासिल की। डेनिलोविच और मेडजेडोविच ने ग्रुप ई जीतने के लिए कड़ी मेहनत करते हुए जीत दर्ज की और बुधवार रात को ग्रुप सी विजेता ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में मुकाबला तय किया। नोवाक जोकोविच, जिन्होंने इस सप्ताह यूनाइटेड कप में पदार्पण किया। उन्होंने जिरी लेहेका की मुश्किल परीक्षा पर काबू पाकर मुकाबले को बराबर कर लिया। जब डेनिलोविच मार्केटा वोंड्रूसोवा से शुरुआती दौर में 1-6, 6-3, 3-6 से हार गए। विश्व नंबर 1 सर्बिया पूरे मैच के दौरान कलाई की समस्या से जूझता रहा और दूसरे सेट में गिरावट के बाद उबर गया। जहां उसने 3-1 की बढ़त गंवा दी और अंततः 22 वर्षीय खिलाड़ी को दो घंटे 18 मिनट में 6-1, 6-7(3), 6-1 से हरा दिया। जोकोविच के नाम ऑस्ट्रेलिया में एक बड़ा रिकॉर्ड है। उन्होंने रिकॉर्ड 10 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता है। 2018 में हार्ड-कोर्ट मेजर में ह्योन चुंग से हारने के बाद से अब तक यह खिलाड़ी इस देश में नहीं हारा है।

# वार्नर खेल और जीवन दोनों में आक्रामक दृष्टिकोण वाले लिटिल बुल : क्लार्क



**नई दिल्ली,** 2 जनवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने डेविड वार्नर की प्रतिभा और क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनका करियर शानदार रहा है। टेस्ट और वनडे क्रिकेट को अलविदा कहने के लिए तैयार वार्नर बुधवार से सिडनी में पाकिस्तान के खिलाफ अपना फेयरवेल टेस्ट मैच खेलेंगे।

वार्नर ने 2011 में क्लार्क की कप्तानी में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया और उनके साथ 39 मैच खेले। साथ ही 2015 वनडे विश्व कप जीत भी हासिल की।

माइकल क्लार्क ने वार्नर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए उन्हें खेल और जीवन दोनों में आक्रामक दृष्टिकोण वाला लिटिल बुल बताया। काफी परेशानियों का सामना करने के बावजूद, टीम के लिए वार्नर का महत्व स्पष्ट हो गया। जिसके कारण उन्हें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया में बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास किया गया।

क्लार्क ने ईएसपीएन के अराउंड द विकेट शो में कहा, डेवी हमेशा से एक सख्त चरित्र वाला व्यक्ति रहा है। मुझे टीम में उनका वह इरादा, वह आक्रामक रवैया पसंद था। लेकिन, वह मैदान के बाहर भी वैसा ही था, एक लिटिल बुल। जिससे वह थोड़ी परेशानी में पड़ गया।

क्लार्क ने उन वरिष्ठ खिलाड़ियों और क्रिकेट बिरादरी को भी स्वीकार किया जिन्होंने अशांति के क्षणों में वार्नर का साथ दिया और यह सुनिश्चित किया कि उनका अनुबंध बरकरार रहे। ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते हुए डेवी का खेल वास्तव में उच्चतम स्तर पर सीखा गया है, जो करना आसान नहीं है। इसलिए मुझे लगता है कि वह बहुत अधिक श्रेय का हकदार है।

उन्होंने वार्नर के विकास पर विचार करते हुए प्रारंभिक वर्षों के दौरान सीखे गए सबक पर जोर दिया। क्लार्क का वार्नर की क्षमता पर भरोसा अटूट था, उन्होंने युवा सलामी बल्लेबाज की प्रतिभा को पहचाना।

क्लार्क ने कहा, उनका करियर शानदार रहा है। सलामी बल्लेबाज़ी करना बहुत कठिन स्थिति है। डेवी ने जिस तरह से खेला उसे लेकर बहुत सारे संदेह थे। क्या वह टेस्ट क्रिकेट में आगे बढ़ सकते हैं? उन्होंने एक टी20 खिलाड़ी के रूप में शुरुआत की थी और यह जोखिम हमेशा था। मुझे लगता है कि पहले दिन से ही सभी ने उनमें प्रतिभा देखी और वह ऐसे काम कर सकता है जो बहुत से खिलाड़ी नहीं कर सकते।

कप्तान से कमेंटेटर बने क्लार्क ने टेस्ट क्रिकेट की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए अपने आक्रामक इरादे को बनाए रखने की वार्नर की क्षमता पर प्रकाश डाला। जैसा कि वार्नर ने वनडे और टेस्ट से संन्यास की घोषणा की, लेकिन टी20 के लिए उपलब्ध रहे। क्लार्क ने अपना विचार व्यक्त किया कि सिडनी टेस्ट वार्नर के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों को अलविदा कहने का उपयुक्त अवसर है। क्लार्क ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की मांग के साथ घरेलू टी20 में फॉर्म को संतुलित करने की कठिनाई को स्वीकार किया। खासकर आगामी विश्व कप में युवा प्रतिभाओं की नजरें टिकी हुई हैं। फिर भी, उन्होंने तीनों प्रारूपों में शानदार योगदान के लिए वार्नर की सराहना की, जो इस अनुभवी खिलाड़ी के स्थायी कौशल और खेल के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

क्लार्क ने कहा, मुझे लगता है कि यह आम तौर पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से दूर जाने का आदर्श समय होता, लेकिन वह टी20 क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहते हैं। जैसे ही एससीजी में अपने बचपन के दोस्त उस्मान ख्वाजा के साथ वार्नर के टेस्ट करियर पर पर्दा पड़ेगा, क्रिकेट की दुनिया एक ऐसे खिलाड़ी की यात्रा को प्रतिबिंबित करती है जिसने न केवल संदेह पर विजय प्राप्त की बल्कि आक्रामक, अदम्य भावना के साथ ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया।